आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| लखनऊ | 26°C | 16°C |

इनसाइड न्यूज

डीजीपी ने मुख्यमंत्री योगी को पुलिस झण्डा दिवस पर फ्लैग पिन...

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



सोमवार 24 नवंबर, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹ 3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 17, अंक : 44 | www.janexpresslive.com/epaper

ओटीटी पर आयेगी सनी देओल-अक्षय... 12

## पाकिस्तान को पता है वह भारत को हरा नहीं सकता

- फडणवीस बोले-इसलिए पहलगाम हमला-दिल्ली ब्लास्ट किया

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया पर 26/11 हमलों की 17वीं बरसी के मौके पर ग्लोबल पीस ऑनर्स 2025 कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा- पाकिस्तान जानता है कि वह सीधे युद्ध में भारत को नहीं हरा सकता, इसलिए उसने पहलगाम आतंकी हमला और दिल्ली ब्लास्ट किया। सीएम ने कहा- मुंबई में 26 नवंबर 2008 (26/11) को आतंकवादी हमला भारत की संप्रभुता पर हमला था। अगर तब हमने ऑपरेशन सिंदूर करने साहस दिखाया होता, तो आज कोई हम पर हमला करने की हिम्मत नहीं करता। लेकिन हमने उस समय वह साहस नहीं दिखाया। फडणवीस ने आगे कहा- आतंकियों ने 2001 में 9/11 हमले के लिए अमेरिका के ट्विन टावर्स को चुना था। अमेरिका की ताकत ट्विन टावर्स में है। इसलिए, वहां हमला करके, उन्होंने अमेरिका की संप्रभुता को चुनौती दी थी। इसी तरह, भारत की संप्रभुता को चुनौती देने के लिए मुंबई को चुना गया था। मुख्यमंत्री की पत्नी अमृता फडणवीस ने गेटवे ऑफ इंडिया पर ग्लोबल पीस ऑनर्स 2025 कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इसमें रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता अंबानी, बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और रणवीर सिंह, सिंगर शंकर महादेवन सहित कई दिग्गज शामिल हुए।



## चंडीगढ़ का स्टेटस बदलने पर केंद्र सरकार का यू-टर्न

- कहा-इस संसद सत्र में नहीं ला रहे, बिल से पंजाब-हरियाणा से संबंधों पर फर्क नहीं

चंडीगढ़ (एजेंसी)। चंडीगढ़ के स्टेटस बदलने को लेकर केंद्र सरकार ने फिलहाल इनकार कर दिया है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि इस प्रस्ताव पर न तो अभी कोई अंतिम निर्णय हुआ है और न ही शीतकालीन सत्र में इससे संबंधित कोई बिल लाने की योजना है। पर्याप्त विचार विमर्श के बाद ही बिल लाया जाएगा। पहले यह बात सामने आई थी कि केंद्र सरकार 1 से 19 दिसंबर के शीतकालीन सत्र में ऐसा बिल ला सकती है, जिससे चंडीगढ़ को संविधान के अनुच्छेद फिलहाल 239 की जगह 240 में शामिल किया जाए। इससे चंडीगढ़ पूरी तरह केंद्र शासित प्रदेश बन सकता है, जिससे प्रशासनिक अधिकार राष्ट्रपति और केंद्र के पास चले जाएंगे।




### प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय अभी नहीं

संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के लिए सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव अभी केंद्र सरकार के स्तर पर विचाराधीन है। इस प्रस्ताव पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। इस प्रस्ताव में किसी भी तरह से चंडीगढ़ की शासन-प्रशासन की व्यवस्था या चंडीगढ़ के साथ पंजाब या हरियाणा के परंपरागत संबंधों को परिवर्तित करने की कोई बात नहीं है।

## तेजस क्रैश से भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट को लगा बड़ा झटका!

- जांच रिपोर्ट पर टिकी कई देशों की निगाहें, छवि को बड़ा नुकसान

नई दिल्ली (एजेंसी)। दुबई एयर शो में भारत के स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होना भारत के रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों को बड़ा झटका है। लड़ाकू विमान की दुर्घटना ऐसे समय में हुई है, जब भारत इस विमान को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को बेचने की कोशिश कर रहा था। लाइव वेट कॉम्बैट



फाइटर जेट तेजस के निर्माण में कई तकनीकी चुनौती और देरी का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद हाल के वर्षों में यह विमान बेहतरीन विमान के रूप में उभरा है। इसकी बेहतरीन क्षमता को देखते हुए इसी साल भारतीय वायुसेना ने एडवांस वर्जन के 180 तेजस लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दिया है। तेजस जहां एक ओर हाल के वर्षों में बेहतरीन विमानों के रूप में उभरकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा था, वहीं दुबई एयर शो में यह दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना हजारों दर्शकों के सामने हुई।

बच्चों ने देखा, फिर टीचर-पुलिस को बताया, आसपास के इलाके में तलाशी जारी

# अल्मोड़ा में स्कूल के पास 20 किलो विस्फोटक बरामद

अल्मोड़ा (एजेंसी)। अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास शुक्रवार को 20 किलो विस्फोटक मिला था। इसके बाद रविवार सुबह एसपी मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके की सुरक्षा बढ़ा दी गई। पुलिस की टीमें स्कूल



के आसपास के इलाके में तलाशी अभियान चला रही हैं। यह विस्फोटक सबसे पहले गुरुवार को स्कूल के कुछ बच्चों ने झाड़ियों में देखा था। बच्चों ने इसकी सूचना शिक्षकों और फिर पुलिस को दी, जिसके बाद शुक्रवार को भिकियासैंण पुलिस, डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची थी, जहां से 20 किलो 125 ग्राम 161 जिलेटिन छड़ें बरामद की गई।

### 161 जिलेटिन छड़ें बरामद, दोबारा फोरेंसिक जांच शुरू

फोरेंसिक विशेषज्ञ जिलेटिन के नमूनों का दोबारा परीक्षण कर रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह सामग्री कहां से आई और किस प्रकार की है। टीम ने मौके की मैपिंग कर अलग-अलग बिंदुओं से मिट्टी और अन्य सबूत भी एकत्र किए हैं। शनिवार को एसएसपी के निर्देश पर बम डिस्पोजल टीम, डॉग स्क्वॉड, थाना पुलिस, एलआईयू और आईआरबी की संयुक्त टीमों ने जंगल, झाड़ियों, स्कूल परिसर और आसपास की पगडंडियों में सघन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस किसी अतिरिक्त सामग्री या छूटे हुए सुराग को तलाश रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश में है कि 20 किलो विस्फोटक को स्कूल के पास की झाड़ियों में क्यों रखा गया।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर दुश्मन ड्रोन अब हो जाएगा निष्क्रिय

राजधानी में एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने की हो रही तैयारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। एयरपोर्ट व आसपास के क्षेत्र में ड्रोन से हमले के खतरे को देखते हुए आईजीआई एयरपोर्ट सहित देश के महत्वपूर्ण एयरपोर्ट पर एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने की तैयारी चल रही है। केंद्रीय गृह और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के निर्देश पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) इस काम को जल्द पूरा करने की कवायद में जुट गई है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली और मुंबई जैसे एयरपोर्ट पर तो पहले से कुछ बेसिक सिस्टम हैं, लेकिन अब इसके लिए समर्पित सिस्टम लगेगा। कोशिश है कि वर्ष 2026 के



अंत तक देश के सबसे बड़े 10 एयरपोर्ट पूरी तरह ड्रोन प्रूफ हो जाएं। कहां कैसा लगेगा सिस्टम, इसका हो रहा अध्ययन एयरपोर्ट सूत्रों का कहना है कि अभी इस बात पर चर्चा हो रही है कि एयरपोर्ट की जरूरत के हिसाब से जहां जो सिस्टम लगाया जाना है, उसमें क्या-क्या खासियत होनी चाहिए। इसके लिए विदेश के एयरपोर्ट पर लगाए गए सफल एंटी ड्रोन सिस्टम मॉडल का अध्ययन किया जा रहा है। जैसे ही यह तय हो जाएगा कि किस एयरपोर्ट पर किस तरह के सिस्टम की जरूरत है, उसके बाद सिस्टम की खरीद से जुड़ी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। एंटी ड्रोन सिस्टम आज के समय का ड्रोन शील्ड है, जो अनधिकृत ड्रोन को आने से पहले ही रोक देता है या निष्क्रिय कर देता है। इसमें एक खास तकनीकी की व्यवस्था होती है जो अनधिकृत, खतरनाक या दुश्मन ड्रोनों का पता लगाने, पहचान करने, ट्रैक करने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए बनाई जाती है। एंटी ड्रोन सिस्टम के मुख्य हिस्से और काम करने का तरीका डिटेक्शन रडार पर आधारित होता है, जो छोटे ड्रोनों को भी दूर से पकड़ लेता है।

# अमेरिकी बॉयकॉट के बावजूद जी-20 घोषणापत्र मंजूर

जोहान्सबर्ग (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बॉयकॉट के बावजूद 20वीं जी 20 समिट के पहले दिन शनिवार को सदस्य देशों ने साउथ अफ्रीका के बनाए घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने बताया कि सभी देशों का अंतिम बयान पर सहमत होना बेहद जरूरी था, भले ही अमेरिका इसमें शामिल नहीं हुआ। वहीं, ट्रम्प ने आखिरी सेशन में 2026 की मेजबानी लेने के लिए एक अमेरिकी अधिकारी को भेजने की बात कही थी। रॉयटर्स के मुताबिक, दक्षिण अफ्रीकी अध्यक्षता ने अमेरिकी अधिकारी को मेजबानी सौंपने के प्रस्ताव को नकार दिया। अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा ने जी 20 की अगली अध्यक्षता खाली कुर्सी को

साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति ने ट्रम्प की मांग नहीं मानी, खाली कुर्सी को सौंपी मेजबानी



सौंप दी। इस बार के जी 20 समिट में दो बड़ी परंपराएं टूट गई और यही वजह है कि यह बैठक ऐतिहासिक रूप से अलग मानी जा रही है। पहली परंपरा मेजबानी सौंपने की है। हर जी 20 समिट में पिछले साल की मेजबानी करने वाला देश, इस साल के मेजबानी देश को औपचारिक रूप से 'गवेल' (अध्यक्षता का प्रतीक) सौंपता है। यह एक लाइव सेरेमनी होती है, जिसमें दोनों देशों के नेता आमने-सामने मौजूद रहते हैं। इस बार अमेरिका की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प शामिल नहीं हुए। 2024 में जी 20 की मेजबानी अमेरिका (सैन फ्रांसिस्को) ने की थी, इसलिए गवेल ट्रम्प को ही सौंपना था। लेकिन उनकी गैरहाजिरी की वजह से साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति ने खाली कुर्सी को मेजबानी सौंपने का ऐलान किया था। दूसरी बड़ी परंपरा घोषणापत्र से जुड़ी है। जी 20 समिट के अंत में सभी देश मिलकर एकमत से संयुक्त घोषणापत्र जारी करते हैं।

### मोदी बोले-पुराने डेवलपमेंट मॉडल को बदलना जरूरी

पीएम मोदी ने जी 20 समिट के पहले दो सत्रों को संबोधित किया। पहले सेशन में उन्होंने वैश्विक चुनौतियों पर भारत का नजरिया दुनिया के सामने रखा। मोदी ने पुराने डेवलपमेंट मॉडल के मानकों पर दोबारा सोचने की अपील की। उन्होंने कहा- पुराने डेवलपमेंट मॉडल ने रिसोर्स छीने, इसे बदलना जरूरी है। वहीं समिट के दूसरे सत्र में पीएम ने भारत के श्री अन्न (मोटा अनाज), जलवायु परिवर्तन, जी 20 सैटेलाइट डेटा पार्टनरशिप और डिजास्टर रिस्क रिडक्शन पर बात की। पीएम मोदी ने कहा- जी 20 ने भले ही दुनिया की अर्थव्यवस्था को दिशा दी हो, लेकिन आज की ग्लोबल विकास मॉडल के पैरामीटर्स ने बड़ी आबादी को रिसोर्स से वंचित किया है और प्रकृति के दोहन को बढ़ावा दिया है। अफ्रीकी देशों पर इसका असर सबसे ज्यादा दिखता है।

# तमिलनाडु में डीएमके के साथ मिलकर लड़ेगी कांग्रेस

## स्टालिन के साथ गठबंधन के लिए राहुल ने बनाया पैनल

चेन्नई (एजेंसी)। द्रमुक के नेतृत्व वाला गठबंधन फिलहाल पहले की तरह ही मजबूत दिख रहा है, जिसने 2019 के बाद से तमिलनाडु में लगातार सभी चुनाव जीते हैं। एसपीए के सभी सहयोगी दल इस ताकत के बल पर 6-7 महीने बाद होने वाले 2026 विधानसभा चुनावों में जीत की हैट्रिक बनाने का पूरा भरोसा जता रहे हैं। दूसरी ओर, मुख्य विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक ने भाजपा के साथ अपना चुनावी गठजोड़ फिर से शुरू कर लिया है, लेकिन वह अभी तक सत्तारूढ़ द्रमुक को कड़ी टक्कर देने वाला मजबूत मोर्चा नहीं बना पायी है। अन्नाद्रमुक पुराने सहयोगी पीएमके को वापस लाने की कोशिश कर रही



है, जो संस्थापक एस. रामदॉस और उनके बेटे डॉ. अंबुमणि रामदॉस (दोनों अलग-अलग गुटों के नेता) के बीच नेतृत्व की लड़ाई के कारण दो फाड़ हो चुकी है।

### चुनावी रण के लिए पूरी तैयारी में डीएमके

द्रमुक ने पहले ही बढ़त ले ली है। पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन सभी निर्वाचन क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा के लिए एक-एक करके बैठकें कर रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी सहयोगी कांग्रेस भी पीछे नहीं रही। कांग्रेस ने शनिवार गठबंधन दलों के साथ बातचीत के लिए पांच सदस्यीय पैनल बनाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चड़नकर की अगुआई में यह समिति गठित की है।

### विजय ने गठबंधन की जताई इच्छा

विजय ने पहले ही घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी गठबंधन के लिए तैयार है और यदि 2026 में उनकी सरकार बनी तो सत्ता में हिस्सेदारी भी देने को तैयार है। हालांकि, तमिलनाडु कांग्रेस के नेताओं ने इन खबरों का खंडन किया है और यह भी स्पष्ट किया है कि विजय से राहुल गांधी से कोई बात नहीं की। हाल के दिनों में कांग्रेस-टीवीके संभावित गठजोड़ की अटकलों ने जोर पकड़ा था, जिसके बाद सेल्वापेरुन्थगई ने सफाई दी कि पार्टी तमिलनाडु में द्रमुक के नेतृत्व वाले एसपीए के साथ पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कांग्रेस ने भी 2026 में सरकार में हिस्सेदारी की बात उठाई थी, लेकिन इस पर ज्यादा जोर नहीं दिया, क्योंकि सरकार में हिस्सेदारी सत्ताधारी द्रमुक और अन्नाद्रमुक दोनों को ही नापसंद है। यह तमिलनाडु के राजनीतिक इतिहास में कभी नहीं हुआ, तब भी नहीं जब द्रमुक ने 2006 के चुनावों में अपने दम पर बहुमत की जादुई संख्या 118 सदस्य हासिल किए बिना कांग्रेस के बाहरी समर्थन से पूरे पांच साल का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा किया था।

# सरकार चाहती है भारत में मुस्लिम सिर न उठाएं

मौलाना मदनी के आरोप, कांग्रेस का मिला साथ

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट की चल रही जांच के बीच जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी द्वारा भारत में मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव के आरोपों पर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया हुई है। मौलाना अरशद मदनी ने दावा किया कि भारत में मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने विदेशों में मुस्लिम नेताओं के उच्च पदों तक पहुंचने का उदाहरण दिया, लेकिन भारत में ऐसे पदों पर पहुंचने वालों को जेल भेज दिया जाता है। उन्होंने न्यूयॉर्क के मेयर-इलेक्ट जोहरान ममदानी और लंदन के मेयर सादिक खान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत में कोई मुस्लिम विश्वविद्यालय का कुलपति भी नहीं बन सकता और यदि कोई बनता है



तो उसे जेल भेज दिया जाता है, जिसका उदाहरण आजम खान हैं। उन्होंने अल-फलाह यूनिवर्सिटी में हो रही जांच का भी हवाला दिया। मदनी ने आरोप लगाया कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रही है कि मुसलमान कभी सिर न उठाएं। भाजपा नेता यासिर जिलानी ने मदनी के बयानों की कड़ी आलोचना की। उन्हें भ्रमित करने वाला और गुमराह करने वाला बताया।

# यूरोप में हमास का 'सीक्रेट टेरर नेटवर्क' बेनकाब

इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद का खुलासा, यहूदियों पर हमले का था प्लान

तेल अवीव/बर्लिन (एजेंसी)। इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने गाजा से ऑपरेट होने वाली आतंकी संगठन हमास को लेकर बहुत बड़ा खुलासा किया है। मोसाद ने खुलासा किया है कि हमास पूरे यूरोप में एक ऑपरेशनल नेटवर्क बना रहा है, जो खुफिया सेल के जरिए काम कर रहा है। मोसाद की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि यूरोपियन सिक्योरिटी सर्विस के साथ मिलकर काम करने से हथियारों का पता चला है, संदिग्धों को पकड़ा गया है और प्लान किए गए हमलों को रोका गया। मोसाद के बयान के मुताबिक, यूरोपीय पार्टनर ने इजरायली और यहूदी समुदायों को निशाना बनाकर की जा रही साजिशों को नाकाम करने में मदद की। जर्मनी और ऑस्ट्रिया जैसे देशों में मिलकर की गई कार्रवाई के नतीजे में कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। मोसाद ने आम लोगों के खिलाफ कमांड



पर इस्तेमाल के लिए तैयार किए गए हथियारों के जखीरे को जब्त किया है। मोसाद ने जिन बड़ी कामयाबी का जिक्र किया है, उनमें से एक पिछले सितंबर में वियना में सीक्रेट टेरर मॉड्यूल के भांडाफोड़ का दावा किया गया है। ऑस्ट्रिया की सिक्योरिटी सर्विस ने हथियारों का एक जखीरा बरामद किया है, जिसमें हैंडगन और विस्फोटक सामान थे। इसके बाद मोसाद और यूरोप की एजेंसियों ने मोहम्मद नईम नाम के एक आतंकी को गिरफ्तार किया है, जो हमास के सीनियर पॉलिटिकल ब्यूरो अधिकारी बासेम नईम का बेटा है, जो गाजा में हमास के एक सीनियर लीडर खलील अल-हया का करीबी है।

### यूरोपीय देशों में मोसाद के खिलाफ ऐक्शन तेज

जर्मनी सहित कई यूरोपीय देशों ने मोसाद के खुलासे के बाद सुरक्षा उपायों को और मजबूत कर दिया है। जर्मन अधिकारियों ने न सिर्फ प्रत्यक्ष ऑपरेशनल सदस्यों को निशाना है, बल्कि उन संस्थानों, चैरिटी संगठनों और धार्मिक समूहों पर भी कार्रवाई शुरू की है जिन पर हमास के लिए फंड जुटाने या कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने का आरोप है। मोसाद का कहना है कि 7 अक्टूबर के हमले के बाद हमास ने विदेशों में अपनी गतिविधियों को तेज कर दिया है और ईरान और उसके प्रॉक्सी मॉडल की तर्ज पर यूरोप में गुप्त सेल और ऑपरेशनल क्षमता विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। मोसाद ने कहा है कि हमास दर्जन भर से ज्यादा हमलों की योजना बना रहा था और उसके निशाने पर दुनियाभर के यहूदियों पर हमले करना था।

## भारत के साथ रिश्तों में 'मसाला' लाने की कोशिश में अफगानिस्तान

- पाक को आईना दिखाएगी तालिबान सरकार, दवा कंपनियों को समर्थन

नई दिल्ली (एजेंसी)। अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्री अल-हाज नूरुद्दीन अजीजी इन दिनों दिल्ली के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने भारत के स्पाइसेज बोर्ड के सदस्यों से मुलाकात कर मसाला कारोबार बढ़ाने, निर्यात बढ़ाने और संयुक्त निवेश जैसे मुद्दों पर चर्चा की। अफगान मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि भारत ने अफगानिस्तान में मसाला उत्पादन फैक्ट्रियां लगाने और व्यापार को आगे बढ़ाने में दिलचस्पी दिखाई है। बैठक में दोनों देशों ने दवाइयों के आयात से जुड़े मुद्दों, मसालों की गुणवत्ता सुधार, निवेश की संभावनाओं और दवाइयों के व्यापार में आने वाली चुनौतियों पर भी बात की। अफगान मंत्रालय के अनुसार, अजीजी ने भरोसा दिया कि जो भी भारतीय दवा कंपनियां अफगानिस्तान में काम करना चाहेंगी उन्हें पूरा समर्थन दिया जाएगा। भारत के स्पाइस सेक्टर के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके काउंसिल में लगभग 57 मानक और विश्वस्तरीय फैक्ट्रियां सदस्य हैं।

# डीएम ने किया रामघाट के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने पर्यटन विभाग की संचालित रामघाट संस्कृतिक एवं शहरी कायाकल्प, चौड़ीकरण तथा सौंदर्यीकरण परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड की इस परियोजना की कुल लागत रू.2410 लाख बताई गई है। निरीक्षण के दौरान पर्यटन विभाग के अधिकारी, प्रोजेक्ट मैनेजर, अवर अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

धर्मनगरी स्थित रामघाट में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना की गुणवत्ता, संरचनात्मक सुरक्षा तथा सौंदर्यीकरण के मानकों को सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्रेन कवर के ऊपर लगाए जाने वाले पत्थरों को निर्धारित पैटर्न में स्थापित किया जाए। पाथ वे के स्टाम्प्ड कंक्रीट पर आकर्षक एवं बहुरंगी डिज़ाइन तैयार की जाए। दुकानों के सामने स्थित पुराने नाले एवं केबल ट्रेंच का लेवल समान रखा जाए तथा उन पर भी स्टाम्प्ड कंक्रीट पैटर्न का समुचित विकास किया जाए। भविष्य में केबल डालने और रखरखाव के लिए उपयुक्त दूरी पर मैनहोल बनाए जाएँ। ड्रेन और केबल ट्रेंच के बीच उपलब्ध खाली हिस्से में सुव्यवस्थित ग्रीनरी विकसित की जाए। घाट पर प्लेटफॉर्म में लगाए जा रहे पत्थरों में भी सौंदर्यपरक पैटर्न सुनिश्चित किया जाए। फसाड ट्रीटमेंट के लिए आर्किटेक्ट को निर्देशित किया गया कि सभी निर्माण कार्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप किए जाएँ। आवश्यकता पड़ने पर पत्थर या प्लास्टर की जगह जीआईसी अथवा एफ आर पी सामग्री का उपयुक्त प्रावधान किया जा सकता है। इसके साथ ही रामघाट में प्रस्तावित ड्रेन एवं सीवर लाइन के कार्य के लिए जल संस्थान, नगर पालिका की स्वीकृत ड्रॉइंग एवं डिज़ाइन के आधार पर ही आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। परियोजना समीक्षा के क्रम में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी द्वारा संबंधित भवन स्वामियों के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें पर्यटन विभाग की ओर से उनके समक्ष स्वीकृत ड्रॉइंग और डिज़ाइन प्रस्तुत की गई। भवन स्वामियों की सहमति एवं सुझावों को ध्यान में रखते हुए कार्यों को व्यवस्थित और समन्वित रूप से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह परियोजना न केवल रामघाट के सौंदर्यीकरण का महत्वपूर्ण प्रयास है, बल्कि स्थानीय जनजीवन, व्यापार एवं पर्यटन विकास को नया आयाम देने वाला भी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। इसी क्रम में रामघाट के खोया पाया केंद्र में रामघाट के चौड़ीकरण विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण विषय पर परिचर्चा हुई। जिसमें नगर पालिका परिषद वार्ड के सभासद, पर्यटन विभाग, यूपीपीसीएल के अधिकारी व मठ मंदिर धर्मशालाओं के संत व दुकानदार मौजूद रहे।

# जनपद के पुलिस लाइन, कार्यालय, समस्त थानों में मनाया गया पुलिस झण्डा दिवस

जन एक्सप्रेस । बांदा




रविवार को उ0प्र0 पुलिस द्वारा पुलिस झण्डा दिवस मनाया गया।इस अवसर पर जनपद में पुलिस लाइन में क्वार्टर गार्ड पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पुलिस झण्डा फहराकर सलामी दी गई। ध्वजारोहण के उपरान्त पुलिसकर्मियों को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का संदेश पढ़कर सुनाया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 पुलिस के लिए यह ऐतिहासिक महत्व का दिन है। शक्ति, निष्ठा, अनुशासन एवं सेवा की भावना को दर्शाने वाला लाल एवं नीले रंग का पुलिस ध्वज हमारे आत्मसम्मान एवं कर्तव्यपरायणता का प्रेरणास्रोत है। ध्वज के प्रति सम्मान हमें अपने दायित्वों के प्रति और अधिक समर्पित करता है और नई ऊर्जा का संचार करता है। इसी क्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस झण्डा फहराकर सलामी दी गई।सभी क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने अपने कार्यालयों और सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थानों पर झण्डे को सलामी दी गई। -क्यों मनाया जाता है पुलिस झण्डा दिवस रंग(कलर) और झण्डा किसी संस्थान की पहचान को व्यक्त करने के साथ-साथ उनके गौरवमयी इतिहास के बारे में भी जानकारी देता है।

उ0प्र0 पुलिस को देश के सबसे बड़े पुलिस बल होने का गौरव प्राप्त है। 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरु द्वारा पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया।यह सम्मान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरुप **पुलिस कलर** अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है जो कि पूरे उ0प्र0 पुलिस बल के लिए गर्व का विषय है।

इसी परिप्रेक्ष्य में उ0प्र0 पुलिस अपने गौरवमयी इतिहास को याद करने के साथ-साथ संवेदनशीलता व शौर्यपूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से ऐसे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने जिससे नये आयाम स्थापित हो सकेंगे को आधार बनाते हुए प्रत्येक वर्ष 23 नवम्बर को पुलिस झण्डा दिवस के रुप में मनाती है।

# 'मैं ऊंचाडीह का यात्री प्रतीक्षालय हूं, देखरेख के अभाव में हो गया बदहाल'

## स्थानीय लोगों ने की मरम्मतीकरण और नियमित रख-रखाव की मांग

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



मानिकपुर विकास खण्ड के ऊंचाडीह ग्राम पंचायत में बने यात्री प्रतीक्षालय देखरेख अभाव और अनदेखी के चलते बदहाल हो गया है। प्रतीक्षालय बनाने में लाखों रुपये की धनराशि खर्च हुई रही होगी। लेकिन रखरखाव न होने से बदहाल हो गया है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय रख-रखाव के अभाव व ग्राम प्रधान की लापरवाही से खस्ताहाल हो गया हैं। कुर्सियों पर जमी धूल की मोटी परत के चलते लोग वहां बैठने के बजाय खड़े होकर वाहनों का इंतजार करने को मजबूर हैं। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यात्रियों की सुविधाओं के लिए प्रतीक्षालय समेत कई व्यवस्थाएं की गईं पर स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही से ऊंचाडीह ग्राम पंचायत का यात्री प्रतीक्षालय बदहाल हो चुका हैं। फर्श और कुर्सियों पर धूल की मोटी परत जमी है। कुर्सियां भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। फर्श तो पूरी तरह से उखड़ चुका है।

यात्री प्रतीक्षालय निर्माण करने के बाद मानों भूल गए हैं, न किसी प्रकार इनमें साफ सफाई होती हैं न ही टूट-फूट हो जाने पर किसी प्रकार का सुधार किया जाता है, धीरे-धीरे यह यात्री प्रतीक्षालय खंडहर में तब्दील होते जा रहे हैं और जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं। न तो प्रशासन जनता की इस सुविधा की देखरेख कर पा रहा हैं और न ही सरकार में बैठे जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान दे रहे हैं। स्थानीय रामस्वरूप , संतोष, रणजीत सिंह आदि ने यात्री-प्रतीक्षाल को दुरूस्त कर इनके नियमित रखरखाव की मांग प्रशासन से की है, जिससे आमजन धूप और बारिश से बचाव व बैठकर थकान मिटाने के लिए इनका उपयोग कर सकें।

# संकटमोचन मंदिर में रामलीला का किया जा रहा आयोजन

जन एक्सप्रेस । बांदा



शहर के प्रसिद्ध संकटमोचन मंदिर के 111वें महोत्सव के अवसर पर 5 दिवसीय भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है रामलीला में तीसरे दिन सीता जन्म, राम जन्म, और ताड़का वध लीलाएं हुई। लीला देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक आए और रामलीला का आनंद प्राप्त किया। सबसे अच्छा सीन जो राम और लक्ष्मण जी की तरफ से ताड़का का वध किया गया। यह कानपुर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई। प्रभु राम के अभिनय विनय द्वारा एवं लक्ष्मण का अभिनय द्वारा पेश किया। दशरथ का रोल बलवंत जी एवं विश्वामित्र का रोल पुनीत द्वारा एवं ताड़का का रोल अमर सिंह जो कि दर्शकों द्वारा बहुत ही पसंद किया गया। प्रभु राम की आरती के साथ किया गया।मंदिर के पुजारी महंत एवं संरक्षक उमाशंकर दास संकट मोचन हनुमान मंदिर ने बताया कि 21 से 26 नवंबर हवन-यज्ञ/विशाल भंडारा तक आयोजित कार्यक्रम किया जाएगा। सहयोग के रूप में जयकरन सिंह, एडवोकेट धर्मेन्द्र त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, विवेक नामदेव, प्रेम किशोर, सुरेन्द्र,समाज सेवी राजू द्विवेदी, अशोक कछवाह, पवन, अवधेश शर्मा लखन आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बांदा



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मटौंध पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन वाइपास सड़क वृहद ग्राम दुरेड़ी के पास संदिग्ध रुप से भ्रमण कर रहा है।सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए।

बरामद-01अवैध तमंचा 315 बोर,01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
गिरफ्तार आरोपी-सुरेन्द्र पुत्र लल्लू निवासी ग्राम दुरेड़ी थाना मटौंध
गिरफ्तारी करने वाली टीम -उप निरीक्षक दारा सिंह प्रभारी चौकी प्रभारी भूरागढ़, कांस्टेबल आशू सिंह, कांस्टेबल शुभम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पाठ्य सामग्री पाकर खिल उठे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं के चेहरे



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मऊ में मोबियस फाउंडेशन दिल्ली द्वारा आरबीएसके टीम के साथ स्वास्थ्य परीक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 146 बालिकाओं का हीमोग्लोबिन, नेत्र परीक्षण और रुटीन चेक अप कराया गया।

फाउंडेशन की जिला समन्वयक नीलू बोस ने बालिकाओं के बीच टी-शर्ट, नोटबुक और पेन वितरित किए। नेत्र विशेषज्ञ डॉ दिनेश की रिपोर्ट के आधार पर बालिकाओं को चश्मा भी बांटे गए। जिला समन्वयक नीलू बोस ने बताया कि मोबियस फाउंडेशन दिल्ली द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में ऐसे स्वास्थ्य परिक्षण सिविल का आयोजन नियमित अंतराल पर कराया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक निरंजना देवी ने कहा कि बालिकाएं इस शिविर में महिला विशेषज्ञ डॉक्टर संयोगिता से अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर खुलकर बात कर सकतीं हैं। उन्होंने बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम में चिकित्साधिकारी डॉ नीरज, डॉ पवन, डॉ श्याम नारायण एवं वार्डन अर्चना सिंह मौजूद रहीं।

# ग्रामोदय में पीएचडी की प्रवेश काउंसिलिंग 2 एवं 3 दिसम्बर को

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बीएससी कृषि पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु काउंसिलिंग 28 नवंबर को और पीएचडी पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसिलिंग 2 एवं 3 दिसम्बर को होगी।

अध्यक्ष प्रवेश समिति प्रो एच एस कुशवाहा ने बताया कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा पी.ए.टी 2025 के घोषित परिणामों के आधार पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थियों एवं उपलब्ध सीटों के आधार पर पेमेन्ट सीट की श्रेणीवार कटऑफ मार्कस की तृतीय सूची जारी कर दी गई है।

प्रो कुशवाहा के अनुसार संबंधित अभ्यर्थी पेमेन्ट सीट की काउन्सलिंग हेतु दिनांक 28 नवंबर 2025 को विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रकिया में सहभागी हो सकते हैं। प्रो कुशवाहा के अनुसार प्रवेश काउंसिलिंग की श्रृंखला में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु संपन्न लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों और नेट, जेआरऑफ उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के संयुक्त रूप से 17 और 18 नवंबर 2025 को आयोजित साक्षात्कार का विषयवार /श्रेणी वार अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परिणाम में सफल अभ्यर्थियों की प्रवेश हेतु काउंसिलिंग 2 एवं 3 दिसम्बर 2025 को ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस में आयोजित होगी।

दोनो स्तर की प्रवेश काउंसिलिंग सम्बन्धी विस्तृत विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट को देखने की सलाह दी गई है।

# 03 दिन में तीन हजार से ज्यादा वाहनों 31 लाख 37 हजार 400 रुपये का चालान व जुर्माना

जन एक्सप्रेस । बांदा

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में यातायात जागरुकता माह नवंबर के अंतर्गत जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु व्यापक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इस दौरान लोगों का रैलियों, नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्मों, पम्प्लेट आदि के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया जा रहा है।अभियान के दौरान लोगों को हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाने तथा दोहपहिया वाहन पर बैठी सवारी को भी हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए जागरुक किया जा रहा है साथ ही यह बताया जा रहा है,कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानून की दृष्टि से आवश्यक है बल्कि यह जीवन की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है इसलिए इसका पालन हम सभी को शत-प्रतिशत करना चाहिए,आपकी एक छोटी सी लापरवाही आप तथा आपके परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति ला सकती है। यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए जनपद पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की जा रही है,साथ ही अलग-अलग स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी सक्रिय किए गए हैं।यातायात नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करते हुए दिनांक 21 नवम्बर से 23 नवम्बर तक कुल 3172 वाहनों का चालान करते हुए कुल 31 लाख 37 हजार 400 रुपये का जुर्माना किया गया है,जिसमें सर्वाधिक बिना हेलमेट के 2483 वाहन,बिना सीटबेल्ट के 62 वाहन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 83 वाहन, मोबाइल फोन पर बात करने वाले 28 वाहन, तीन सवारी के 150 वाहन, नो-पार्किंग/गलत स्थान पर पार्किंग के 65 वाहन, गलत नम्बर प्लेट के 29 वाहन, ओवर स्पीडिंग के 22 वाहन, काली फिल्म लगे 05 वाहन, तथा चालक द्वारा नशे में वाहन चलाने वाले 04 वाहन शामिल हैं। इस दौरान बिना वैध परिपत्र के पाये जाने वाले 05 वाहनों को सीज भी किया गया है।

# जंघा मजबूत करने के लिए करें जंघा शक्ति विकासक योग: योगाचार्य

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने रविवार को जंघा शक्ति विकासक योग करने का अभ्यास कराया। साथ ही इससे होने वाले फायदे भी बताए।

जिला मुख्यालय स्थित कुबेर गंज कर्वी में रविवार को योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने योग कराते हुए बताया कि जंघा शक्ति विकासक सूक्ष्म योग दो भागों में करते हैं। प्रथम भाग को भी दो चरणों में करते हैं। इस योग से जंघाओं की मांसपेशियां मजबूत और उनका आकार सुंदर सुडौल बनता है। जांघ और उनसे जुड़े आसपास के अंगों घुटना और कूल्हों के दर्द से निजात मिलता है, जंघाओं की अतिरिक्त चर्बी घटती है, थकान से मुक्ति मिलती है, चलने फिरने में स्फूर्ति और आनंद की अनुभूति होती है।

इससे निचले शरीर को ताकत और सहनशक्ति में सुधार होता है। अपान वायु मजबूत बनती है, शक्ति का एहसास होता है।जंघाओं के लिए यह योग क्रिया अत्यंत प्रभावी है। इसके प्रथम चरण को करने के लिए साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलकर सीधे खड़े होते हैं, नासिकारंध्रों से श्वास भरते हुए उछलकर दोनों पैर लगभग 60 सेंटीमीटर खोलते हैं,साथ ही दोनों हाथ ऊपर बिना कोहनी से मोड़े हुए ऊपर ले जाते हैं, कर पृष्ठ आमने-सामने और करतल बाहर की ओर रखते हैं, भुजाएं कान से सटी रहती हैं। तत्पश्चात नासिकारंध्रों द्वारा श्वास निकालते हुए हाथ सीधे रखते हुए नीचे लाते हैं साथ ही पैरों को भी पंजों के बल कूद कर मिलाते हैं, ध्यान दें कि हाथ नीचे लाते समय जंघाओं को स्पर्श न करें और पैरों को मिलाते समय घुटने न मोड़ें,प्रारंभ में इसे 25 बार दोहराएं।

योगाचार्य ने बताया कि इसके दूसरे चरण में पूर्व स्थिति में ही खड़े होकर इसी क्रिया को विपरीत क्रम से सांस लेते और छोड़ते हुए करते हैं अर्थात सांस छोड़ते हुए हाथ ऊपर ले जाते हैं साथ ही पैर खोलते हैं और सांस लेते हुए हाथ नीचे लाते हैं साथ ही पर मिलाते हैं। इसे भी 25 बार दोहराते हैं। सावधानी के तौर पर अपना ध्यान सांस पर केंद्रित करते हैं और आरामदायक स्थिति बनाए रखते हैं, घुटनों के अधिक दर्द पर इसे धीमी गति से करते हैं।

## विद्यार्थियों को बताई कानून की बारीकियां

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे समाज कार्य पाठयक्रम के विद्यार्थियों ने मातृ छाया सतना और सेवा भारती, सतना (बच्चों के कल्याणार्थ सस्था) का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने वहां की गतिविधियों के साथ संबंधित कानूनी प्रक्रिया को भी समझा। रविवार को भ्रमण से लौटने के बाद कार्यक्रम संयोजक डॉ. अजय आर चौरे ने बताया कि उत्साहित विद्यार्थियों के दल ने दोनों संस्थाओं का भ्रमण कर संचालित कार्यों का विस्तार से अवलोकन किया।भ्रमण के समय संस्था के लोगों ने बताया कि यहां छह वर्ष की उम्र तक के बच्चों को ही रखा जाता है। इसके बाद उन्हें कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से 7 से 18 वर्ष वाली संस्थाओं में भेज दिया जाता हैं।संस्था में दत्तक ग्रहण व प्रतिपालक देखभाल की प्रक्रिया भी की जाती है।यहां से दत्तक ग्रहण मे कई बच्चे विदेशी दम्पतियों व भारतीय दंपतियों व्दारा गोद लिए जा चुके हैं।कुछ अभी प्रक्रिया में है।सम्पूर्ण स्टाफ बच्चों से मातृ तुल्य व्यवहार करता है।मानवता व संवेदनाएँ यहां महसूस की जा सकती हैं इसी क्रम में विद्यार्थियों ने सुधारात्मक प्रशासन के अंतर्गत कारागर परिसर सतना का भी भ्रमण किया।

# एसआईआर में श्रेष्ठ कार्य करने वाले पांच बीएलओ को मिला सम्मान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



डीएम पुलकित गर्ग ने रविवार को शत प्रतिशत कार्य करने वाले पांच बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। साथ ही त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने रविवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस आई आर) अभियान 2026 के अन्तर्गत विधान सभा 236 चित्रकूट में सबसे पहले गणना पत्रक संकलित कर डिजिटाइजेशन का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले पांच शीर्ष बी एल ओ को सम्मानित किया। उन्होंने रमेश प्रसाद, भाग सं-273, शिव प्रसाद, भाग सं-323, जागेश्वर शुक्ल, भाग सं-334, केशमनि, भाग सं-110 एवं रोहित तिवारी, भाग सं-300 को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा ओडी ओपी को बढ़ावा देते हुए लकड़ी के खिलौने देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अन्य बीएलओ को भी मतदाताओं को वितरित गणना पत्रक संकलित कर डिजिटाइजेशन का शत-प्रतिशत कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करना चाहिए।

# चुनाव: कायस्थ समाज ने की स्नातक विधायक चुनाव के लिए जागरूकता बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




स्नातक विधायक चुनाव को लेकर चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज ने एक बैठक की। बैठक में स्नातक चुनाव में वोटर बनाने को लेकर चर्चा की गई। सभी ने स्नातक वोटर बनने का प्रण लिया। रविवार को पुरानी बाजार के चित्रगुप्त मंदिर में इलाहाबाद झाँसी स्नातक चुनावों को केंद्र में रखते हुए कायस्थ समाज ने एक जागरूकता बैठक आहूत की। बैठक में सभी ने एकजुट हो के इस विषय पर सहमति जताई की चूँकि स्नातक ही इसके मतदाता बन सकते हैं और कायस्थ समाज में स्नातकों की संख्या अच्छी है इसलिए हमे सभी को अपने घर के प्रत्येक सदस्यों को मतदाता बनाना चाहिए। जिससे इलाहाबाद झाँसी से जुड़े 10 जिलों के इस चुनावों में हमारा समाज एक सक्षम योगदान कर सके। ज्ञात हो की इसमें मतदाता प्रत्येक चुनावों के पूर्व में बन सकता है और इसकी अंतिम तिथि 10 दिसंबर है अतः बैठक में उपस्थित सभी सैकड़ों लोगों ने प्रण लिया की अपने घर परिवार और सभी जानने वालों को इसमें जोड़ने का काम करेंगे। कायस्थ समाज के युवा अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ समाज शिक्षा के क्षेत्र में कई दशकों से जाना जाता रहा है सरकारी, शिक्षक, अधिवक्ता एवं प्राइवेट में समाज के हर वर्ग के लोगों ने सदैव सक्रिय भूमिका अदा की है। और स्नातक चुनाव में भी हमेशा बढ़ चढ़ कर सहभागिता रही है। चुनाव 2026 में होने हैं लेकिन मतदाता मात्र 10 दिसंबर 2025 तक ही बनेंगे। ऐसे में कायस्थ समाज का लामबंद होना किसी भी राजनैतिक दल के समर्थन में हो वो लाभप्रद रहेगा। कायस्थ समाज के वरिष्ठ लोगों ने इस बैठक में कहा की विगत एक वर्ष से सभी सक्रियता से मतदाता बन रहे है और पिछले चुनाव के अपेक्षाकृत इन चुनोवन में 10 गुना अधिक कायस्थ समाज के लोग मतदाता बन रहे हैं। बैठक में अश्वनी श्रीवास्तव, रमाशंकर श्रीवास्तव, अंजनी श्रीवास्तव, ई0 रवि श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, अशोक कुमार खरे, सार्थक श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, सीमा निगम, अरुन श्रीवास्तव, अनुज निगम (पार्षद) दिलीप श्रीवास्तव, सविता श्रीवास्तव, शर्मिला श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, रितू श्रीवास्तव, प्रिया निगम, वैश्नवी श्रीवास्तव, साधना खरे, रानी खरे, गोविन्द श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव (झांसी), आशीष श्रीवास्तव (अध्यापक) आदि दो दर्जन से भी ज्यादा कायस्थ जन उपस्थित रहे।



**केंद्रीय मंत्री ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान...**

मतदाता सूची को पारदर्शी, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत केंद्रीय वित्तराज्य मंत्री एवं सांसद पंकज चौधरी ने रविवार को नगर के वार्ड संख्या 15, चिउरहाँ स्थित बूथ संख्या 179 का निरीक्षण किया। बूथ पर पहुंचकर... पढ़ें पेज 09 पर...

# डीजीपी ने मुख्यमंत्री योगी को पुलिस झंडा दिवस पर फ्लैग पिन लगाया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर फ्लैग पिन लगाया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था की मजबूती और पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाने के लिए नियमपूर्वक कार्य करने की अपील की। इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश और अपर पुलिस महानिदेशक एस.के. भगत सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने पिछले वर्षों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और संवेदनशील मामलों के समाधान में उत्तम प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को हर चुनौती का सामना अनुशासन, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ करना होगा। मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों के परिवारों के कल्याण और शहीद पुलिस कर्मियों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि सरकार पुलिस बल की आधुनिक सुविधा और संसाधनों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। झंडा दिवस के अवसर पर डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश की सबसे बड़ी पुलिस इकाई है और उसकी जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी है। उन्होंने बताया कि पुलिस झंडा दिवस का उद्देश्य पुलिस बल में गौरव, एकता और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को तकनीक आधारित निरीक्षण, अत्याधुनिक उपकरणों और बेहतर प्रशिक्षण के साथ और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है।

अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने कहा कि पुलिस बल प्रदेश की शांति और सुरक्षा के लिए दिन-रात कार्य करता है तथा समाज के हर वर्ग में विश्वास और भरोसे का वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं एडीजी एस.के. भगत ने कहा कि पुलिस झंडा दिवस कर्तव्य और सम्मान की भावना को उजागर करता है और पुलिस कर्मियों के हौसले को मजबूती देता है। समारोह के अंत में मुख्यमंत्री ने पुलिस दल के अधिकारियों और जवानों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुलिस बल को हर संभव सहयोग और सुविधाएं प्रदान करती रहेगी।

## प्राइवेटकर्मियों के हटने से अटकेंगे ड्राइविंग लाइसेंस, बढ़ेगी पेंडेंसी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

परिवहन विभाग में कार्यरत 320 प्राइवेट कर्मियों को अप्रत्यक्ष रूप से हटाने का जो आदेश किया गया है, अंदरखाने उसके विरोध में अफसर भी उतर आए हैं। अफसरों का मानना है कि पुराने कर्मियों के हटने से कामकाज बाधित होगा। नए कर्मचारियों को पूरी व्यवस्था समझने में काफी वक्त लगेगा। दरअसल, परिवहन विभाग में लाइसेंस संबंधित काम निजी एजेंसी के हाथ में है। अभी स्मार्ट चिप इस काम को देख रही है, जिसके 320 कर्मचारी लखनऊ सहित प्रदेशभर में जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। हाल ही में ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ प्रशासन संजय तिवारी ने कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार व दलालों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए, उन्हें हटाने के लिए परिवहन आयुक्त किंजल सिंह को पत्र लिखा था। इस पर आरोपों की जांच किए बगैर ही किंजल सिंह ने सेवा प्रदाता कंपनियों को पत्र लिख दिया। इसमें पुलिस सत्यापन, पुराने अधिकारियों से आख्या सहित कई ऐसी शर्तों को शामिल किया गया है, जिन्हें पूरा नहीं किया जा सकता।

# मान्यता प्राप्त पत्रकार पर जानलेवा हमला: चार दिन बाद भी आरोपी आज़ाद

## सत्ता की चुप्पी ने बढ़ाया पत्रकार समाज का गुस्सा

### चार दिन-चार करारे सवाल, और हर जवाब शर्मनाक

- 1. फुटेज साफ़-फिर भी गिरफ्तारी नहीं। आखिर क्यों?
- 2. मान्यता प्राप्त पत्रकार पर हमला- फिर केस को 'सामान्य मारपीट' बताने की कोशिश क्यों?
- 3. पुलिस दावा करती है- 'कानून-व्यवस्था चुस्त।' ज़मीन पर हकीकत-कानून-व्यवस्था घुटनों पर।
- 4. क्या हमलावरों को राजनीतिक संरक्षण?

**यही सवाल अब खुलेआम शासन के दरवाज़े पर दस्तक दे रहा है।**

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में राज्य मुख्यालय के मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार सुशील अवस्थी पर हुए जानलेवा हमले को चार दिन हो गए, मगर कार्रवाई के नाम पर पुलिस अब तक सिर्फ़ बयानबाज़ी में ही उलझी दिखी। न कोई गिरफ्तारी, न किसी अधिकारी का ठोस बयान–मानो शासन ने भी चुप्पी ओढ़ ली हो। नतीजा यह कि सोमवार को राजधानी की सड़कें पत्रकारों के उबलते आक्रोश से भर उठीं।

### हमला, फुटेज, चश्मदीद-सब मौजूद, पर कार्रवाई ज़ीरो

पत्रकार पर किए गए हमले के स्पष्ट



सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध हैं। चश्मदीदों ने बयान दे दिए हैं। फिर भी पुलिस ने न हमलावरों को पकड़ा, न किसी जिम्मेदार अधिकारी ने आगे आकर जवाब दिया। पत्रकार संगठनों ने सवाल उठाया–

क्या अपराधियों के पीछे कोई ऐसा हाथ है, जिसे छूने की पुलिस की हिम्मत नहीं?

### सत्ता की चुप्पी-सबसे बड़ा सवाल

जिस घटना पर शासन को तत्काल सख्ती दिखानी चाहिए थी, वहां सत्ता गलियारों में सन्नाटा पसरा है। पत्रकार संगठनों ने तीखे शब्दों में कहा– यह हमला किसी एक पत्रकार पर नहीं–लोकतंत्र की रीढ़ पर हमला है। सत्ता की चुप्पी अपराधियों के हौसले नहीं, लोकतंत्र की गर्दन कमजोर करती है।

### लखनऊ में पत्रकारों का सैलाब-सड़क से सचिवालय तक चेतावनी

जीपीओ, प्रेस क्लब और आसपास के इलाकों में सोमवार को पत्रकारों का विशाल जमावड़ा देखा गया। हाथों में तख्तियां-'हमला बंद करो', 'सत्य की आवाज़ नहीं दबेगी', 'अपराधी किसके साए में?' भीड़ ने साफ कहा- यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी बनाया जाएगा और मुख्य सचिव से लेकर गृह विभाग तक जवाबदेही मांगी जाएगी।

### अंधभक्ति का शोर-हमलावरों को बचाने की कोशिश

सोशल मीडिया के कुछ समूह हमलावरों को ढाल देने में जुट गए हैं। पत्रकार संगठनों ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा- सत्य दिखाना लोकतंत्र है। सत्य बोलने पर हमला—तानाशाही की घोषणा है।

### विपक्ष भी मैदान में-विधानसभा तक जाएगा मुद्दा

विपक्षी दलों ने सवाल उठाया- जब एक मान्यता प्राप्त पत्रकार सुरक्षित नहीं, तब आम नागरिक किस भरोसे जिए? सभी दलों ने इस घटना को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाने की चेतावनी दी है।

### अंत में—सरकार को खुला संदेश

**जब पत्रकार पर वार होता है, दर्द उसकी हड्डियों में नहीं- लोकतंत्र की छाती में उठता है।**

# पश्चिम यूपी और तराई के जिलों के लिए जारी हुआ घने कोहरे का अलर्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



यूपी में उत्तरी-पश्चिमी ठंडी पछुआ हवाओं के सक्रिय होने से सर्दी का असर एक बार फिर तेज होने लगा है। साथ ही पश्चिमी तराई से लेकर पूरे प्रदेश में सुबह के समय कहीं घना तो कहीं मध्यम कोहरा देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग की ओर से सोमवार के लिए पश्चिमी तराई में सहारनपुर से लेकर बरेली तक घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के बाकी इलाकों में भोर के समय कोहरा हल्के से मध्यम स्तर तक रह सकता है।

### बरेली में दृश्यता पहुंची शून्य

रविवार को बरेली में सुबह के समय घने कोहरे की वजह से दृश्यता शून्य तक जा पहुंची। वहीं मुरादाबाद में 50 मीटर और कानपुर में 100 मीटर दृश्यता दर्ज हुई। मौसम विभाग का कहना है कि दिन चढ़ने पर कोहरा छंटने के बावजूद हल्की धुंध का असर बना रह सकता है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि राज्य में कोई प्रमुख सक्रिय मौसम तंत्र न होने के बावजूद हवाओं की दिशा में आए बदलाव ने तापमान में गिरावट की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

अगले तीन चार दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना जताई गई है। अगले कुछ दिनों में बढ़ती ठंड से जनजीवन पर सर्दी का दबाव और बढ़ने की उम्मीद है।

## इंदिरा नगर में दूषित पानी की आपूर्ति, आवासीय महासमिति ने जताया विरोध

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। इंदिरा नगर के कई इलाकों में दूषित पानी की समस्या है। इसको लेकर इंदिरा नगर आवासीय महासमिति ने बैठक कर विरोध जताया। जलकल महाप्रबंधक को ज्ञापन भी भेजा। आवासीय महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि इंदिरानगर- ए ब्लाक, सेक्टर- सी तथा सेक्टर - 20 में गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। यह समस्या इलाके में पुरानी हो चुकी पेयजल पाइप लाइनों के कारण है। यह आए दिन टूट जा रही हैं। इनको बदलने जाने की जरूरत है। इसको लेकर लगातार मांग भी की जा रही है मगर अब तक सुनवाई नहीं हुई। रविवार को महासमिति की बैठक हुई इसमें विरोध जताया गया। जलकल महाप्रबंधक और नगर आयुक्त से मांग की गई कि पेयजल पाइप लाइन को बदलवाया जाए। इसको लेकर ज्ञापन भी भेजा गया है। बैठक में पीके जैन, देवी शरण त्रिपाठी, सरोज वर्मा, कैलाश जैन, संतोष कुमार, प्रेमलता, आरके उमराव, गोपेंद्र कुमार वर्मा व अरुण जैन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार किसानों को नहीं दे पा रही है खाद

## बिचौलिए खरीद-बिक्री में कमा रहे हैं मुनाफा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने जनता से किए वादों को पूरा नहीं किया। जनता विधानसभा चुनाव में भाजपा से हिसाब लेगी। जनता भाजपा से पूछेगी कि जो वादे किए थे, वे कितने पूरे हुए। भाजपा सरकार ने विकास का कोई कार्य नहीं किया। सिर्फ भ्रष्टाचार किया और बजट की लूट की। समाजवादी सरकार में हुए विकास कार्यों को भी बर्बाद कर दिया है।

अखिलेश यादव ने रविवार को जारी बयान में कहा है कि भाजपा सरकार किसानों को खाद नहीं दे पा रही है। मंडियों को बर्बाद कर दिया। किसानों को फसलों की सही कीमत नहीं मिल रही हैं। बिचौलिए किसानों की फसल औने-पौने दाम पर खरीदकर मुनाफा कमा रहे हैं।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को एसआईआर में उलझा दिया है। आयोग बिना तैयारी किए एसआईआर करा रहा है। समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता बूथों पर सावधानी और सतर्कता के साथ एसआईआर में लोगों की मदद करें। सभी मतदाताओं का वोट बनवाएं। किसी मतदाता का वोट कटने न पाए। चुनाव आयोग ने जो व्यवस्था तय की है और उसके तहत काम नहीं होगा तो फार्म रिजेक्ट हो जायेगा। वोट कट जाएगा। चुनाव आयोग कह रहा है कि सब फार्म बंट गए, जबकि आधे मतदाताओं तक फार्म नहीं पहुंचा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत बड़ा राज्य है। यहां करोड़ों मतदाताओं का वोट बनना है। इसी बीच शादियां और वैवाहिक कार्यक्रम भी हैं, इसलिए चुनाव आयोग एसआईआर प्रक्रिया का समय तीन माह बढ़ाए।

# परिवार के 10 लोगों के साथ किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास

## विवाद में पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के गौतमपल्ली स्थित गोल्फ चौराहे पर रविवार सुबह उन्नाव निवासी किसान जगदीश यादव ने परिवार के 10 लोगों के साथ आत्मदाह का प्रयास किया। समय रहते पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने परिवार को गौतमपल्ली थाने ले जाकर पूछताछ की। एसीपी हजरतगंज विकास राय के मुताबिक, रविवार सुबह करीब दस बजे उन्नाव के आसीवन थाना इलाके के लोनारीखेड़ा गांव निवासी जगदीश यादव गोल्फ चौराहे पर पहुंचे थे। उनके साथ बड़े भाई कप्तान यादव, बेटी शैलेंद्री, रोशनी, सोनी, मोहिनी, एक किशोर और चार छोटे बच्चे थे। जगदीश ने जैसे ही पेट्रोल से भरा डिब्बा निकाला, वहां पहले से तैनात पुलिस कर्मियों की नजर उन पर पड़ गई। पुलिस ने तुरंत उनसे डिब्बा छीन लिया और थाने में इसकी जानकारी दी। एसीपी के मुताबिक, पूछताछ में जगदीश ने बताया कि सूरज नाम के व्यक्ति से उनका जमीन का विवाद चल रहा था। इसी मामले में सूरज ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बाद में विवाद खत्म होने पर भी दोनों पक्षों में रंजिश चलती रही।

बीते 21 नवंबर को दोनों पक्षों में फिर से मारपीट हो गई। सूरज ने दोबारा जगदीश व परिवार पर मारपीट, बलवा और एससी एसटी एक्ट में केस दर्ज करा दिया।

जगदीश का आरोप है कि आसीवन थाना पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई की। उनकी तरफ से कोई सुनवाई नहीं की गई। इसी बात से आहत होकर वह परिवार के साथ आत्मदाह करने पहुंचे थे।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का दिल्ली में प्रदर्शन, जंतर-मंतर पर देंगे धरना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



देशभर के सेवारत परिषदीय शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के विरोध में दिल्ली में सोमवार से प्रदर्शन शुरू होगा। विभिन्न शिक्षकों के संगठन अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा की ओर से 24 नवंबर को जंतर-मंतर पर धरना दिया जाएगा। इसके लिए काफी संख्या में शिक्षक प्रदेश से भी रविवार को रवाना हुए। जबकि शिक्षक-कर्मचारियों के संयुक्त संगठन एनएमओपीएस की ओर से मंगलवार 25 नवंबर को दिल्ली में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा में शामिल यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि देशभर के 22 राज्यों के शिक्षक संगठन इस आंदोलन में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने संसद के शीतकालीन सत्र में आरटीई लागू होने से पहले से नियुक्त शिक्षकों को इससे छूट देने की मांग की है।

वहीं दूसरी तरफ नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के 25 नवंबर को होने वाले प्रदर्शन के लिए रविवार को दिल्ली में हुई बैठक में रणनीति तैयार की गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि दिल्ली में देशभर के शिक्षक-कर्मचारी और अधिकारी पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण और टीईटी अनिवार्यता की समाप्ति के लिए अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि संगठन की लड़ाई के फलस्वरूप चार राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन लागू हुई है। वहीं पंजाब में ओपीएस बहाली की घोषणा हुई है।देश भर का शिक्षक टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ है, केंद्र सरकार इसे निरस्त करने का निर्णय ले। संसद में इससे संबंधित कानून लाए। संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह बताया गया कि देश भर से शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी 25 नवंबर को दिल्ली के लिए कूच कर रहे हैं। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामानुजय पलेला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वितेश खांडेकर, शांताराम तेजा, विजेंदर सिंह धारीवाल, विक्रांत सिंह, प्रदीप ठाकुर, सैय्यद दानिश इमरान, डॉ. नीरजपति त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

# मदरसा शिक्षक वेतन घोटाला, यूपी सरकार की बड़ी कार्रवाई

## जेडी समेत चार अफसर निलंबित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने मदरसा शिक्षक को अवैध रूप से वेतन भुगतान मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए अल्पसं यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक (जेडी) समेत चार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामला आजमगढ़ के मदरसा शिक्षक शमशुल हुदा खां से जुड़ा है, जिनका पाकिस्तान से अवैध संपर्क पाया गया।

एटीएस की जांच में खुलासा हुआ कि शमशुल हुदा ने भारत की नागरिकता छोड़कर लंदन में बसने के बाद भी लगभग पाँच वर्षों तक सरकारी वेतन और अन्य भुगतान प्राप्त किया। प्रमुख सचिव अल्पसं यक कल्याण संयुक्ता समद्दार के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। निलंबित अधिकारियों में- एस.एन. पांडेय, संयुक्त निदेशक (अल्पसं यक कल्याण), साहित्य निकष सिंह, तत्कालीन जिला अल्पसं यक कल्याण अधिकारी, लालमन, पूर्व डीएमओ, प्रभात कुमार, पूर्व डीएमओ शामिल हैं। बताया गया कि तीनों पूर्व डीएमओ वर्तमान में क्रमशः गाजियाबाद, बरेली और अमेठी में तैनात थे।

### कैसे हुआ फर्जीवाड़ा?

सूत्रों का कहना है कि शमशुल हुदा कुछ वर्ष पूर्व आजमगढ़ के एक मदरसे में कार्यरत थे। बाद में उन्होंने भारतीय नागरिकता छोड़कर लंदन में स्थायी निवास ले लिया, जबकि मदरसा अभिलेखों में उन्हें लगातार उपस्थित दर्शाया जाता रहा। अधिकारियों की कथित मिलीभगत से वेतन बिल स्वीकृत होते रहे और उन्हें भुगतान जारी रहा।

एटीएस ने पासपोर्ट मूवमेंट व विदेशी गतिविधियों के आधार पर संदिग्ध संबंधों और यात्राओं की जानकारी जुटाई।

### रिपोर्ट में क्या निकलकर आया?

विभागीय जांच में सामने आया कि- अधिकारियों ने अभिलेख अपडेट करने में लापरवाही बरती, जानबूझकर गलत जानकारी दर्ज की गई, वेतन रोकने के बजाय अनियमित रूप से जारी रखा गया।

### सरकार स त, विशेष जांच टीम गठित

मामले को आर्थिक अनियमितता और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा संवेदनशील विषय मानते हुए सरकार ने तत्काल कार्रवाई की। निलंबन अवधि में चारों अधिकारियों को मु यालय से संबद्ध किया गया है। सरकार ने मदरसों में वेतन भुगतान प्रणाली की समीक्षा के लिए विशेष जांच टीम भी गठित करने का निर्णय लिया है।

### सरकार का रुख

प्रमुख सचिव संयुक्ता समद्दार ने कहा- मदरसा शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बिड में मिले रेडियोलॉजिस्ट खराब मशीन पर कर रहे जांच

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



एनएचएम की बिड में मिले रेडियोलॉजिस्ट खराब मशीन पर पिछले पांच माह से जांच कर रहे हैं। एनएचएम से हर माह लाखों रुपये का वेतन भी उनके खाते में पहुंच रहा है। मरीज जांच के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अफसरों ने रेडियोलॉजिस्ट को दूसरे केंद्र से संबद्ध तक नहीं किया। नतीजा जांच भी बंद और हर माह मुफ्त का वेतन रेडियोलॉजिस्ट उठा रहे हैं। एनएचएम की बिड में इस साल पांच रेडियोलॉजिस्ट मिले थे। इसमें चार सेवाएं देने को राजी हुए थे। इसमें एक रेडियोलॉजिस्ट को लोकबंधु अस्पताल में तैनात किया गया था। जबकि तीन सीएमओ के अधीन सीएचसी पर तैनात किए गए थे। इसमें टुडियागंज सीएचसी पर डॉ. एसके वत्स की तैनाती हुई थी। सीएचसी पर करीब साल भर से मशीन खराब पड़ी है। इसके बाद भी अफसरों ने यहां पर तैनाती कर दी। रेडियोलॉजिस्ट खराब मशीन पर मरीजों की जांच करके हर माह तीन लाख रुपये का वेतन एनएचएम से उठा रहे हैं। अफसरों ने लापरवाही में उन्हें दूसरे केंद्र से संबद्ध तक नहीं किया। नतीजा जांच भी बंद और हर माह वेतन भी निकल रहा।

वहीं सीएचसी पर आने वाली गर्भवती को जांच के लिए निजी केंद्र का रास्ता दिखाया जा रहा है। एनएचएम की योजना पर अफसरों ने पानी फेर दिया। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है रेडियोलॉजिस्ट को दूसरे केंद्र से संबद्ध किया जाएगा ताकि उनकी सेवाएं ली जा सकें। मशीन लगी मगर जांच के लिए विशेषज्ञ नहीं मलिहाबाद, माल, सरोजनीनगर सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन लगी है। जांच के लिए इन तीनों सीएचसी पर विशेषज्ञ नहीं है। ऐसे में तीनों सीएचसी पर गर्भवती व सामान्य मरीज मिलाकर करीब 150 मरीज हर दिन सीएचसी से वापस लौट रहे हैं।

# UP में परिषदीय स्कूलों के 20 हजार बच्चे बनेंगे AI व कोडिंग के मास्टर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में परिषदीय स्कूलों के 20 हजार बच्चों को एआई विशेषज्ञ बनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। कक्षा छह से आठ तक के बच्चों को बेसिक शिक्षा विभाग एआई, कोडिंग और डिजिटलाइजेशन से जुड़ी शिक्षा दिलाएगा। विभाग इसके लिए शिक्षकों को आईआईटी कानपुर से विशेष प्रशिक्षण दिला रहा है। बाद में यही प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को इन आधुनिक क्षेत्रों में पारंगत बनाएंगे।

दरअसल, कक्षा छह से आठ के बच्चों के पाठ्यक्रम में एआई, कोडिंग व साइबर सिक्योरिटी को हाल ही में शामिल किया गया है। अब इसके व्यावहारिक प्रशिक्षण की प्रक्रिया तेज की गई है। इसके तहत हर जिले से 10 समेत पूरे प्रदेश से 750 चुने हुए शिक्षकों को विषय विशेषज्ञ के रूप में आईआईटी कानपुर में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। पहले चरण में 150 शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू भी हो गया है।

### हाइब्रिड मोड में भी बच्चों को

प्रशिक्षण के बाद ये शिक्षक हर जिले में 250-300 बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। विभाग की यह भी योजना है कि आईआईटी कानपुर ले जाकर और वहां के विशेषज्ञों को यहां बुलाकर भी प्रशिक्षण दिलाया जाए। साथ ही हाइब्रिड मोड में भी बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को न सिर्फ तकनीक का प्रयोग सिखाया जाएगा, बल्कि उन्हें मौजूदा जरूरत के अनुसार तैयार भी किया जाएगा।

इससे वह साइबर फ्रॉड के खतरों से खुद व अपने परिवार को बचाने में सक्षम होंगे। एससीईआरटी निदेशक डॉ. गणेश कुमार ने कहा कि यह पहल न सिर्फ शिक्षा सुधार का उदाहरण बनेगी, बल्कि दुनिया में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर बच्चों को एआई केंद्रित प्रशिक्षण देकर विश्व रिकॉर्ड का दावा भी मजबूत करेगी।

### इन क्षेत्रों की दी जाएगी जानकारी

विभाग कक्षा 6 से 8 तक के 20 हजार मेधावी बच्चों को कंप्यूटर व ऑपरेटिंग सिस्टम, वर्ड प्रोसेसिंग, डिजिटल क्रिएटिविटी, ऑनलाइन रिसर्च, कंप्यूटेशनल थिंकिंग व एल्गोरिदम, पाइथन प्रोग्रामिंग बेसिक्स, एडटेक, साइबर सुरक्षा, एआई वॉइस मॉड्यूलेशन, ग्रेड एनालाइजर, एनीमेशन एक्टिविटी, गूगल शीट्स ऑनलाइन डाटा हैंडलिंग की ट्रेनिंग देकर दुनिया की सबसे बड़ी एआई आर्मी तैयार करेगा।

### विद्यालयों में बढ़ेंगी लैब और वर्कशॉप

योजना के तहत जिलों में बच्चों के लिए विशेष एआई कक्षाएं, मिनी टेक्नोलॉजी लैब, उन्नत डिजिटल लर्निंग टूल और मशीन लर्निंग वर्कशॉप स्थापित की जा रही हैं। सरकारी स्कूलों में बड़े स्तर पर हाईटेक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। चार महीने में यह योजना जमीन पर पूरी तरह सक्रिय होगी।

# आरजीआईपीटी में 9वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न छात्रों को डिग्री और मेडल प्रदान किये गये

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस अमेठी में रविवार को संस्थान का 9वां दीक्षांत समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के 321छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्थान के कुलपति, संकाय सदस्यों,अतिथियों और अभिभावकों ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज की। समारोह में बीटेक एमटेक, एमबीए, अंतरविषयी विज्ञान तथा अन्य प्रमुख कार्यक्रमों के छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। इस दौरान कुलपति ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आर जीआईपीटी का लक्ष्य केवल अकादमिक श्रेष्ठता नहीं, बल्कि शोध, नवाचार और



सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश के ऊर्जा क्षेत्र तथा तकनीकी विकास में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ.एस.के.शर्मा,पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक सीएस आईआर,डीएसटी ने युवाओं का आह्वान किया कि वे निरंतर सीखने की भावना अपनाएं और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में खुद को तैयार करें।उन्होंने कहा कि उद्योग आधारित कौशल, नैतिकता और नेतृत्व गुण प्रत्येक छात्र के करियर निर्माण की नींव हैं।

समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता दिखाने वाले छात्रों को विशेष मेडल व पुरस्कार भी प्रदान किया गया।इसमें राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, संस्थान स्वर्ण पदक,तथा कई विभागीय पुरस्कार शामिल रहे। बीटेक, केमिकल, इलेक्ट्रिकल, पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट व अन्य विभागों के छात्रों ने मेडल हासिल किए। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ.हरीश हिरानी ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संस्थान से निकला हर विद्यार्थी देश के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि आरजीआईपीटी लगातार वैश्विक मांगों के अनूरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशक डॉ. हिरानी ने कहा कि समारोह का उद्देश्य छात्रों को उत्कृष्टता की राह पर आगे बढ़ाने, तकनीकी कौशल को विकसित करने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। समारोह में संस्थान के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ता देहात मंडल 71 में कर रहे बीएलओ का सहयोग

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के देहात मंडल 71 में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत एसआईआर फार्म भरवाने का कार्य तेजी से चल रहा है। रविवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार पाठक तथा उपाध्यक्ष पंडित भानु तिवारी के नेतृत्व में मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पंडित भानु तिवारी ने 23 नवंबर को बताया कि मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पाठक के नेतृत्व में हमारे सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर अपने बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जनपद वासियों से अपील किया है कि मतदाता पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें। अपना तथा अपने परिवार का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं फॉर्म को भरकर शीघ्र जमा करें ताकि भविष्य में कोई परेशानी ना हो।

# सूचना विभाग की प्रदर्शनी का विधायक सुरेश पासी ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के जगदीशपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बुबूपुर में उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ रविवार को जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी ने फीता काटकर किया। यह प्रदर्शनी 23 से 28 नवंबर तक संचालित होगी। जिसमें सरकारी योजनाओं विकास कार्यों और लोककल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी भव्य चित्रों के माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जा रही है। शुभारंभ के अवसर पर विधायक ने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सही और सटीक जानकारी सीधे जनता तक पहुँचे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे प्रदर्शनी में सम्मिलित होकर



23 से 28 नवम्बर के मध्य विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और उनका लाभ उठाएं।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश विक्रम सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां ग्रामीण स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से समझाने का अत्यंत प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, शिक्षक, पत्रकार, ध्वनि फाउंडेशन के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में शिवकरण तिवारी, राम उजागीर तिवारी, राकेश पांडेय, हरि प्रताप सिंह, अरुण तिवारी, बृजेश पाठक, सौरभ पाठक सहित अनेक लोगों का योगदान रहा। प्रदर्शनी के प्रति क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

# प्रो0 एसपी मिश्र के आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर बनने पर दी गई बधाई

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) का कोऑर्डिनेटर प्रो0 एस पी मिश्र को नामित किया गया है। प्रो0 मिश्र के आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर बनाये जाने पर सहयोगी शिक्षकों ने बधाई देते हुए हर्ष जताया है।

यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए एक व्यवस्थित प्रणाली विकसित करना है। यह प्रकोष्ठ गुणवत्ता को बढ़ावा देने वाली संस्कृति को स्थापित करता है, संस्थान की गतिविधियों का एकीकरण करता है, और छात्रों, शिक्षकों और प्रशासन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को संस्थागत बनाता है। इसका महत्व लगातार सुधार,





बेहतर छात्र-केंद्रित वातावरण, और हितधारकों की प्रतिक्रिया के माध्यम से संस्थान की समग्र गुणवत्ता सुनिश्चित करने में निहित है। आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर का कार्यभार संभालने के बाद प्रो0 एस पी मिश्र ने कहा कि महाविद्यालय में संचालित आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तहत शैक्षिक गुणवत्ता के साथ साथ सभी शिक्षक साथियों के साथ बेहतर तालमेल व समन्वय कायम रखते हुए महाविद्यालय प्रबंध समिति व महाविद्यालय परिवार द्वारा दिये गए दायित्व का निर्वहन कर सकूं यह मेरी प्राथमिकता है। प्रो0 मिश्र के नामित होने पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## बूथ पर अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थ ने बताया कि ऊंचाहार तहसील में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (ैप्त्) में अच्छा कार्य करने पर बूथ न.121 टिकथा मुसल्लेपुर की बीएलओ मनोरमा शुक्ला को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार 182 सरेनी विधानसभा के अंतर्गत बूथ संख्या 331 के बीएलओ संपूर्णानंद (शिक्षा मित्र) व बूथ संख्या-348 बीएलओ अर्चना सिंह (आंगनबाड़ी कार्यकत्री) को बूथ पर अच्छा कार्य करने हेतु प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस अधीक्षक ने किया ध्वजारोहण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में अनुशासन, शक्ति एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक ÷पुलिस झण्डा दिवस÷ के अवसर पर रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद पुलिस अधीक्षक ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संकल्प पत्र पढ़कर सुनाया।

जानकारी के अनुसार 23 नवंबर को पुलिस बल का अप्रतिम शौर्य, अनुशासन, शक्ति एवं अटूट कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक ''पुलिस झण्डा दिवस''* के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विशाल पाण्डेय व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी गयी तथा उपस्थित सभी पुलिस कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश का संदेश पढ़कर सुनाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक की वर्दी की बांई जेब की फ्लैप बटन के ऊपर पुलिस ध्वज



का प्रतीक स्टीकर चस्पा किया गया । तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक व समस्त क्षेत्राधिकारों की वर्दी की बांई जेब की फ्लैप बटन के ऊपर पुलिस ध्वज का प्रतीक स्टीकर चस्पा किया गया।

एसपी ने सभी को पुलिस झण्डा दिवस के इतिहास के बारे में बताया कि अनुशासन, शक्ति एवं निष्ठा का प्रतीक लाल एवम् नीले रंग के ध्वज को उत्तर प्रदेश पुलिस को उसके अप्रितम योगदान के फलस्वरुप 23 नवंबर 1952 भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी द्वारा प्रदान किया गया था तब से यह दिवस प्रत्येक वर्ष 23 नवंबर को मनाया जाता है जोकि पुलिस बल की गौरवशाली परंपरा, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा-भावना को दर्शाता है।

यह दिवस पुलिस कर्मियों को उनके कर्तव्य के प्रति सचेत और कर्तव्यनिष्ठ रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने ने उत्तर प्रदेश पुलिस के विभिन्न शाखाओं जैसे यूपी 112, एटीएस, एसटीएफ आदि के बारे में व्याख्यान कर उनकी उप्लब्धियों के बारे में बताया गया तथा जीरो टॉलरेंस नीति के तहत आपराधियों पर कठोर वैधानिक कार्यवाही किए जाने, आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय से उनको अधिकाधिक सजा दिलाने तथा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं बालिकाओं को सशक्त जागरुक करने आदि में पुलिस द्वारा किए गए योगदान के बारे में बताया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी ललिया डीके श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार, प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव सहित रिजर्व पुलिस लाइंस के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना चौकी में ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी गयी। बाद ध्वजारोहण अपने अधीनस्थ नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संकल्प पत्र पढ़कर सुनाया गया तथा एक दूसरे की वर्दी की बांई जेब की फ्लैप बटन के ऊपर पुलिस ध्वज का प्रतीक स्टीकर चस्पा किया गया।

## चेकिंग अभियान में 36 वाहनों का चालान, 61 हजार से अधिक समन शुल्क वसूला

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग एवं जागरूकता अभियान के तहत रविवार को 36 वाहनों की चालान कर 61000 रुपए समन शुल्क की कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार 23 नवंबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे क्षेत्राधिकारी यातायात डीके श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात उमेश सिंह व उनकी टीम द्वारा यातायात माह नवंबर में संघन चेकिंग अभियान चला कर सीट बेल्ट बिना हेलमेट फालटी नंबर प्लेट एचएसआरपी नंबर प्लेट नाबालिक द्वारा वाहन चलाने पर हूटर सायरन सीट बेल्ट जाति सूचक रॉन्ग साइड परपरवर्तन की कार्रवाई की गई है जिसमें 36 वाहनों से 61000 समन शुल्क काटा गया है तथा शारदा पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य व अन्य अध्यापक वह छात्र की मौजूदगी में यातायात के नियम के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।

# भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने आयोजित किया आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष ललिता तिवारी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 22 नवंबर को आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का आयोजन विधानसभा बलरामपुर के श्रीदत्तगंज ब्लॉक सभागार में किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह व विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा, महिला मोर्चा विधानसभा संयोजक नंदिनी शुक्ला, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुधा पांडे, महिला मोर्चा जिला महामंत्री साधना पांडे, महिला मोर्चा जिला मंत्री सरोज तिवारी, महिला मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी प्रतिमा मिश्रा,





महिला मोर्चा नगर महामंत्री सरिता शुक्ला, श्री दत्त गंज मंडल अध्यक्ष अर्चना गुप्ता गुमड़ी सविता जी चाउर खाता माया देवी गुड़िया मौजूद रहीं । सम्मेलन में बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करने पर जोड़ दिया गया । साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) में सभी से सहयोग करने की अपील की गई । इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, कमलेश मिश्रा, संजय राय, जिला अध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा, सदर विधायक पलटू राम, गीता शाक्य व गोदावरी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा के कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## नया साल, नई रफ्तार! गंगा एक्सप्रेस-वे पर फर्राटा भरने की तैयारी पूरी

**रायबरेली।** गंगा एक्सप्रेस वे पर नए साल के पहले फर्राटा भरने के लिए कमर कस लीजिए.गंगा एक्सप्रेस वे का कार्य जिले में पूरा हो गया है.सिर्फ सर्विस रोड का कार्य किया जाना बाकी है.मिट्टी की कमी के चलते सर्विस रोड का कार्य रुक गया है.प्रयागराज से मेरठ के बीच में तीसरे सेक्सन में कुछ कार्य बाकी रह गया है. इसको भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा. 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस वे को नए साल के पहले शुरू करने की तैयारी यूपीडा द्वारा की जा रही है.एक्सप्रेस वे के मुख्य कैरेज वे का 95 फीसदी कार्य पूरा हो गया है.एक्सप्रेस वे से जुड़े सभी कार्यों को पूरा करने के लिए 30 नवंबर तक का समय दिया गया है. एक्सप्रेस वे का निर्माण कर रही कंपनी सेम इंडिया के प्रशासनिक अधिकारी तेजी से काम पूरा करा रहे हैं. कंपनी द्वारा सलोन के पास रसूलपुर में रेस्ट एरिया बनाने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है.रेस्ट एरिया में पेट्रोल पंप का भी निर्माण किया जाना है।

# चित्रकला प्रतियोगिता में कृति व सुरेन्द्र ने हासिल किया प्रथम स्थान

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में पंडित बिरजू महाराज कल्चरल क्लब की ओर से शनिवार की देर शाम को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में सुरेन्द्र यादव और कृति शुक्ला ने पहला स्थान प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार 22 नवंबर की शाम महाविद्यालय प्राचार्य एवं क्लब अध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन तथा प्रभारी प्रो0 रेखा विश्वकर्मा के संयोजकत्व में दो वर्गों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। निर्णायक डॉ अनुज कुमार सिंह, डॉ सीमा पाण्डेय व डॉ मनीज सिंह ने स्केच वर्ग में बीए 5 वां सेमेस्टर के सुरेन्द्र यादव को पहले, बीएड प्रथम वर्ष की सोनल शर्मा को द्वितीय व बीए प्रथम सेमेस्टर की तृप्ति पाठक





को तृतीय स्थान के लिए चुना। वहीं रंग भरो वर्ग में बीएड प्रथम वर्ष कृति शुक्ला को पहला, बीएड प्रथम वर्ष की शगुन पाठक को दूसरा तथा बीए प्रथम सेमेस्टर की प्रिया गिरी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह ने मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कोषाध्यक्ष डॉ स्वदेश भट्ट ने सभी का स्वागत किया जबकि क्लब सचिव लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ अल्पना परमार, डॉ शकुंतला सिंह, सीमा पाण्डेय व प्रतीची सिंह मौजूद रहीं।

# छापामारी के दौरान खाद्य कारोबार करने पर प्रतिष्ठान का खाद्य लाइसेंस निलंबित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के आदेश पर राज्य स्तरीय टीम जिसमें कमलेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जनपद एटा, नीरद पाण्डेय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाराबंकी, सलिल कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाराबंकी, संजय कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जनपद कानपुर नगर एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन रायबरेली के डा0 सी0आर0 प्रजापति सहायक आयुक्त (खाद्य)-II, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रायबरेली, सौरभ उत्तम खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं उदय राज मौर्या, खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा 20 नवम्बर2025 को स्थान-दाउद नगर, पोस्ट संदी नागिन, थाना मिल एरिया, रायबरेली में स्थित मेसर्स आर0बी0 डेयरी एण्ड फूड प्रोडक्ट के विनिर्माण इकाई पर औचक छापामार कार्यवाही कर



खाद्य पदार्थ पनीर के 03 नमूनें, मिश्रित दूध का 01 नमूना एवं रिफाइन्ड पामोलीन आयल का 01 नमूना मिलावटी होने के संदेह के आधार पर संग्रहीत किया गया। लगभग 13 कुन्तल दूषित पनीर अनुमानित मूल्य रु0 325000/- विनष्ट प्राय प्रकृति का होने के कारण मौके पर विनष्ट कराया गया एवं कुल 163 लीटर रिफाइन्ड पामोलीन आयल, मूल्य रु0 28362/- को जब्त कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान उक्त विनिर्माण इकाई में अस्वाथ्यकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ का विनिर्माण होता पाया गया, जो कि जन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अस्वाथ्यकर परिस्थितियों में खाद्य कारोबार करने के कारण उक्त प्रतिष्ठान का खाद्य लाइसेंस निलम्बित कर दिया गया एवं खाद्य कारोबार करने पर तत्काल रोक लगा दी गयी है। उपरोक्त संग्रहीत समस्त पाँचों नमूनों को फास्ट ट्रैक के अन्तर्गत जॉच हेतु विशेष वाहक द्वारा खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया है। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होते ही अग्रेतर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## थाना दिवस पर डीएमदृएसपी ने सुनीं शिकायतें

**रायबरेली।** थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने संयुक्त रूप से थाना सलोन पहुँचकर आम नागरिकों की शिकायतें सुनीं।

कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक मामले, राजस्व संबंधी समस्याएँ तथा सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। डीएम हर्षिता माथुर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा थाना समाधान दिवस का उद्देश्य त्वरित न्याय दिलाना है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने पुलिस कर्मियों को आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थानों में आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा विवादों का आपसी सुलह-समझौते से निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस तथा राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेवारत स्वर्णकार संस्थान का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जनपद की ख्याति प्राप्तलब्ध समाजसेवी सेवारत स्वर्णकार संस्थान का वार्षिकोत्सव सिविल लाइंस स्थित सूर्या सभागार में धूमधाम से मनाया गया। सामाजिक सेवा के लिए दो दर्जन विशिष्टजनों एवं मेधावी छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेत्र सर्जन डा0 संजय रस्तोगी ने कहा कि व्यवसाय के साथ-साथ हमें शिक्षा व राजनीतिक क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने की जरूरत है। उन्होंने जानकी रस्तोगी, अंशिका सोनी, दृष्टि पांडे, खुशी सोनी, लावण्या सोनी के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ये बच्चे भारत के भविष्य बनेंगे। संस्थान के संरक्षक एवं शिक्षाविद् शिवनारायण सोनी ने कहा कि हमें नई पीढ़ी को संस्कारवान एवं सेवारत बनाने के सतत् प्रयास करना है। सोनी ने लोगों का आह्वान किया कि वे तन-मन-धन से समाज सेवा में आगे आएं, इस अवसर पर उन्होंने अपने दिवंगत पुत्र आदित्य मोहन सोनी मेधा सम्मान के लिए



ग्यारह हजार रुपए की धनराशि संस्थान को देने की घोषणा कर हाई स्कूल, इन्टर, बी.ए., एम.ए. के प्रथम, द्वितीय छात्रों को मेधा सम्मान देने की घोषणा की। पूर्व प्रधान एवं संस्थान के सरक्षक भौमेश कुमार ने कहा कि स्वर्णकार जाति समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। समाज न केवल परम्परागत आभूषण निर्माण में अग्रणी रहा बल्कि आधुनिक समय में व्यापार, तकनीकी और नवाचार क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। संस्थान के अध्यक्ष इं. दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार ने कहा कि स्वर्णकार समाज को इतिहास में उच्च स्थान प्राप्त है, उन्होनें समाज के लोगों को सामाजिक कार्यो में आगे बढ़-चढ़कर आने की अपील की। जनपद के वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी ने कहा कि समाज के लोगों को राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए क्योंकि समाज के विकास, बेहतर शासन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए आवश्यक है, उन्होनें स्वर्णवंशियों से राजनीति के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 वी0के0 रस्तोगी एवं सफल संचालन गोविन्द सोनी तथा आए हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डा0 सियाराम वर्मा, अमित वर्मा, केदारनाथ सोनी आदि ने समाजोपयोगी विचार रखे। इस अवसर पर मुख्य रूप से उमाशंकर वर्मा, संतोष सोनी, सतीश वर्मा, अरुण वर्मा, जोखूराम वर्मा, कमल किशोर सोनी, नरेंद्र मोहन सोनी, रजत सोनी, ओरीलाल वर्मा, इंद्रजीत सोनी, सुशील वर्मा, प्रहलाद वर्मा, अंकित रस्तोगी, पारसनाथ सोनी, दीप सोनी, जया रस्तोगी, मनोकामिनी रस्तोगी, सुकीर्ति वर्मा, अन्नपूर्णा वर्मा, सुनीता गुप्ता, निवेदिता रस्तोगी सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे। समारोह समारोह में आकाशवाणी लखनऊ में अवधी गीत गायन हेतु चयनित दृष्टि पांडे को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# विधायक ने निकाली एकता पद यात्रा तो ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर। भारतीय जनता पार्टी कानपुर ग्रामीण के तत्वाधान में आज बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने सरदार वल्लभ पटेल की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर चकरपुर से लेकर सचेडी तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता सम्मिलित हुए।

एकता पद यात्रा के दौरान भारी संख्या में महिलाओं बुजुर्गों नवजवानों ने हाथो में तिरंगा झंडा लिए हुए सरदार पटेल अमर रहे व बंदे मातरम् के नारे लगाए तो माहौल देश भक्ति मय हो गया इसके साथ ही ग्रामीणों ने यात्रा के दौरान छतो से पुष्प वर्षा की।

यात्रा का समापन सचेडी स्थित रामलीला मैदान में हुआ जहां पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा कि सरदार पटेल के कारण ही देश में हैदराबाद,जूनागढ़ सहित कई रियासतों का विलय भारत में हो पाया जिस कारण प्रत्येक देशवासी सरदार पटेल जी के योगदान को पिछ्ली सरकारों ने भुला दिया लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार आज भी उनको सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है आज विपक्ष वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगा रहा है जबकि सही मायने में वोट चोरी तो वो थी जो सरदार पटेल को सबसे अधिक वोट मिले थे और जवाहर लाल नेहरू को एक भी वोट नहीं मिलने के बाद भी प्रधानमंत्री बना दिया गया आज कांग्रेस पार्टी भूल गई है कि इंदिरा गांधी को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वोट चोरी का अपराधी मानते हुए हो छ साल तक चुनाव लड़ने से रोक लगा दी थी। कार्यक्रम का समापन विधायक अभिजीत सिंह के संबोधन के बाद हुआ विधायक सांगा ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी ही सरदार पटेल के बताए हुए रास्ते पर चल रही है इसके विपरीत आज समूचा विपक्ष जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटने का कार्य कर रहा है लेकिन आज जनता सब समझ चुकी है इनके बहकावे में नहीं आ रही है और बिहार चुनाव का रिजल्ट इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

यात्रा में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी राधेश्याम पांडेय, जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान,कृष्ण मुरारी शुक्ला रामदेव शुक्ला, रवि शंकर दीक्षित, श्याम सिंह चौहान रविन्द्र सिंह चौहान तिलक चौहान, संजय चौधरी, धर्मेंद्र पाल, पुष्कर शुक्ला, दिलीप कुमार (मल्हू निषाद) भूपेंद्र सिंह, विक्रांत तोमर, सर्वेश यादव, दलजीत सिंह, श्वेता सिंह, मीरा भदौरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रधान व सचिव पर लगे आरोप खण्ड विकास अधिकारी के फूले हाथ पांव

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** डीएम के सामने एक फरियादी आया फरियादी उस समय आया जब खझड विकास अधिकारी डीएम की उपस्थित में फरियादियों की फरियाद सुन रहे थे। फरियादी ने खण्ड विकास अधिकारी पिसांवा से कुछ नही बोला वह सीधे जिलाधिकारी के सामने हाथ जोड़कर खड़ा हुआ और कहा कि साहब हमारी जांच करा ली जाये हम प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास का लाभ पाने के लिये पूरी तरह से प्रात्र है और पात्रता सूची में हमारा नाम भी है इसके बाद भी हमे पिछले दो सालों से आवास का लाभ नही दिया जा रहा है। कभी मै जिले पर बैठे आला अफसरों के कार्यालय के चक्कर काटता हूं तो कभी ब्लाक पिसांवा पर तैनात अफसरों के लेकिन पात्र होने के बाद भी हमे योजना का लाभ नही दिया जा रहा है। पीड़ित ने सचिव और प्रधान पर आरोप जड़ते हुए कहा कि प्रधान सचिव की लापरवाही और जानबूझकर वह हमे इस योजना लाभ नही दे रहे है। वहां पर उपस्थित और जानकार लोग तो यह समझ ही गये कि प्रधान और सचिव द्वारा अगर पीड़ित को पात्र होने के बाद भी योजना लाभ नही दिया जा रहा है तो इसके पीछे कारण क्या होगा। जब पीड़ित डीएम से शिकायत कर रहा था और लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र डीएम को दे रहा था तो उस समय खण्ड विकास अधिकारी स्वयं वहां पर मौजूद थे।

# कानपुर में एक दिवसीय राज्य स्तरीय डर्मेटोलॉजिस्ट अपडेट का हुआ आयोजन




### इन प्रोफेसर ने भी किया कार्यक्रम को संबोधित

- डॉ. एम. के. सिंह पूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, पैथोलॉजी विभाग, एम्स, दिल्ली
- डॉ. सोनल शर्मा– विभागाध्यक्ष, पैथोलॉजी विभाग, यूसीएमएस, दिल्ली
- डॉ. मीनाक्षी बट्नानी डर्माटोपैथोलॉजिस्ट, दिल्ली डर्माटोपैथ लैबोरेटरी
- डॉ. अतीन सिंहई – प्रोफेसर, पैथोलॉजी विभाग, केजीएमयू
- डॉ. आर.एन. टाव प्रोफेसर, पैथोलॉजी विभाग, एसजीपीजीआई
- डॉ. श्वेता ग्रोवर – प्रोफेसर, पैथोलॉजी विभाग, मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज
- डॉ. किंजल वियानी मैनेजर, मेडिकल एंड साइंटिफिक अफेयर्स, टोशे डायग्नोस्टिक्स इंडिया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर के लैब साइंसेज विभाग ने आईएपीएम यूपी चैप्टर के तत्वावधान में 23 नवंबर, 2025 को गौरव हरिसिंघानिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कानपुर में एक दिवसीय राज्य स्तरीय डर्मेटोपैथोलॉजी अपडेट का आयोजन किया। वैश्विक स्तर पर, त्वचा रोग गैट-घातक बीमारियों में चौथे स्थान पर हैं और बीमारियों के बोझ में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। भारत में, इनकी व्यापकता दर 6.3% से 11.2% तक होती है और बच्चों में यह 35% तक है। दुनिया भर और भारत दोनों में ही त्वचा टोगों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। डर्मेटोपैथोलॉजी त्वचा रोगों के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह ऊतक के नमूने की माइक्रोस्कोप द्वारा जांच करके निदान के लिए स्वर्णमानक प्रदान कटती है। यह नैदानिक निष्कर्षों की पुष्टि करने, विशिष्ट टौग पैटर्न की पहचान करने और अन्य स्थितियों को खारिज करने में मदद करता है। यह प्रक्रिया महत्त्वपूर्ण है क्योंकि कई त्वचा रोग दिखने में एक समान होते हैं, और सटीक उपचार औट पूर्वानुमान के लिए निश्चित निदान (डायग्नोसिस) आवश्यक है। इस डर्मेटोपैथोलॉजी अपडेट का उद्देश्य जनता के बीच जागरुकता बढ़ाना, साथ ही टाज्य के पैथोलॉजिस्ट, त्वचा विशेषज्ञ और चिकित्सकों को त्वचा रोगों के उचित निदान में मदद करने के लिए बारीक विवरणों से अवगत कटाना था। त्वचा रोगों के उपचार के परिणाम निश्चित रूप से बेहतर होते हैं यदि रोग का निदान प्रारंभिक चरणों में किया जाए, जिससे बेहतर नैदानिक और कॉस्मेटिक परिणाम और जीवन की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित होती है। सीएमई में इस विषय पर विशेषज्ञों द्वारा कई व्याख्यान दिए गए। टीजैसी हॉस्पिटल के आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा, सीएमई में विशेषज्ञ डॉक्टों ने व्याख्यान और कैस-आधारित चर्चाओं के माध्यम से त्वचा टोगों के मामलों के निदान में सहायक विभिन्न वर्गीकरणों और अन्य सहायक विशेषताओं पर मार्गदर्शन किया है। आवश्यक हिस्टोलॉजिकलतकनीके, हिस्टोलॉजी की भूमिका, कौन सी विशेषताएं महत्त्वपूर्ण हैं, और निदान के लिए किस वर्गीकरण प्रणाली का उपयोग किया जाना चाहिए, इन पर चर्चा की गई। रीजेंसी हॉस्पिटल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अतुल कपूर ने सीएमई का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आईएपीएम, यूपी चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. अतिन सिंहई, आयोजन समिति की अध्यक्षा डॉ. अंजलि तिवारी, आयोजन सचिव डॉ. नूपुर त्रिवेदी, डॉ.शेफाली अग्रवाल, डॉ. दीप्ति गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. वैभव अग्रवाल और डॉ. पंकज मिश्रा, वैज्ञानिक समिति के सदस्य और अन्य आयोजन समिति के सदस्य डॉ. पंकज चौहान, डॉ. कृति सिंह, डॉ गुंजन बंगा, डॉ. शरद शर्मा, डॉ. सुमित श्रीवास्तव और डॉ. निहारिका जोशी उपस्थित थे।

# डीएम ने ब्लाक पिसावां का निरीक्षण कर दिये सख्त निर्देश

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी पिसावां में विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने सेक्रेटरी सर्विस रिकार्ड, सेवापुस्तिका, सी0एम0 डैशबोर्ड, आई0जी0आर0, सामुदायिक शौचालय, क्षेत्र पंचायत के आवंटित बजट, स्वयं सहायता समूह, आर0एफ0 सेंटर, प्रधानमंत्री आवास योजना व मनरेगा के कार्यों की जानकारी संबंधित से प्राप्त की। उन्होंने सभी ए0डी0ओ0 पंचायत को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों का निरन्तर भ्रमण करते रहें। उन्होंने निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुये समस्त अभिलेखों का अवलोकन भी किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि 05 लाख से अधिक बजट के कार्यों का खण्ड विकास अधिकारी निरीक्षण अवश्य करें। जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायत की स्थिति की जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि ससमय सभी शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, जिससे कोई भी शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में न आये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी से संचालित स्वयं सहायता समूह की भी जानकारी ली। वर्तमान में संचालित योजनाओं की जानकारी करते हुये निर्देशित किया कि सभी योजनाएं धरातल पर संचालित रहें, जिससे लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से फोन के माध्यम से वार्ता कर निस्तारण की गुणवत्ता के विषय में फीडबैक प्राप्त किया। मनरेगा के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के अभिलेखों का अवलोकन कर निर्देश दिये कि मनरेगा में लगे कार्मिकों का भुगतान समय से किया जाये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि वह स्वयं भी कार्यों में रूचि लेते हुये निरन्तर निगरानी रखें। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि जन्म प्रमाण-पत्र समय से जारी कराये जायें।

सभी अभिलेख अद्यतन रखे जायें। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत पात्रों का लाभान्वित किया जाये। सभी विकास कार्यों में कार्य से पूर्व एवं कार्य के पश्चात के फोटो अवश्य लगवाये जायें।निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी पिसावां सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपाइयों ने मनाई सपा संस्थापक मुलायम सिंह की जयन्ती

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



सपाइयों ने सपा जिला कार्यालय टाउन हॉल में पार्टी के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व रक्षामंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्व. मुलायम सिंह यादव की विचारधारा अजर अमर है।जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव ने कहा कि नेताजी ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन काल में जनता के लिए संघर्ष किया। इमरजेंसी में जेल जाने से लेकर वह 8 बार विधायक व 7 बार सांसद रहे। रक्षामंत्री, सहकारिता मंत्री तथा तीन बार मुख्यमंत्री रहने के दौरान जनता के हितों में कई उल्लेखनीय कार्य किए। चुंगी समाप्त करना, सेना के जवानों के पार्थिव शरीर को ससम्मान उनके घरों तक पहुंचाना, किसानों की कर्ज माफी, ओबीसी, दलितों, वंचितों, शोषितों का आरक्षण लागू कराने के साथ मुफ्त शिक्षा, मुफ्त दवाई, मुफ्त सिंचाई एवं छात्र संघ चुनाव आदि कार्यों को नेताजी ने ही अंजाम तक पहुंचाया था।उन्होंने कहा कि नेताजी हमारे बीच हो अथवा न हो लेकिन उनकी विचारधारा अजर अमर है। इस अवसर पर प्रवक्ता दिग्विजय सिंह देव, सयुस महासचिव रोबिन सिंह यादव, विजय वर्मा, रामपाल भार्गव, जिला सचिव चंद्रशेखर यादव, शिवम सिंह, फुरकान खां, शिवमोहन यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्तमपुर में 15 वर्षीय किशोर की संदिग्ध हालात में मौत, दिल्ली ले जाने वाले युवक पर लापरवाही का आरोप

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर के उत्तमपुर गांव में दिल्ली से लौटे 15 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने किशोर को मजदूरी के लिए दिल्ली ले जाने वाले युवक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत कराया और जांच शुरू कर दी है।

परिजनों के अनुसार सनी (15) पुत्र बृजकिशोर करीब एक माह पहले गांव के ही पुत्तीलाल के साथ मजदूरी करने दिल्ली गया था। परिवार का कहना है कि उन्हें भरोसा था कि सनी सुरक्षित है और काम कर रहा है।आरोप है कि शुक्रवार शाम सनी की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद पुत्तीलाल ने उसे रास्ते में अलियापुर में उतार दिया और खुद एक शादी समारोह में चला गया। परिजनों का आरोप है कि बीमार बच्चे का न तो इलाज कराया गया और न ही उसे सुरक्षित घर पहुंचाने की जिम्मेदारी ली गई।गंभीर हालत में किसी तरह घर पहुंचे सनी को परिजनों ने तुरंत पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, शनिवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जिसके बाद परिजन गुस्से में आ गए और पुत्तीलाल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराया।प्रभारी थानाध्यक्ष प्रेमवीर सिंह ने बताया कि किशोर की मौत उपचार के दौरान हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवि शंकर गिरि ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में पूर्वदशम दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जनपद की समस्त संस्थाओं के प्राचार्य/नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की उपस्थिति में राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर में बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या द्वारा समय से छात्रों के छात्रवृत्ति आवेदन, मास्टर डाटा, लम्बित आवेदनों को अग्रसारित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### चोरो ने एक ही रात में तीन घरों को बनाया निशाना

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर माफी नई बस्ती में रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी। चोरों ने घरों के ताले तोड़कर नकदी व कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित वसीम पुत्र साबित अली, निवासी सुजौली हाल मिर्जापुर माफी के घर से चोर लगभग 80,000रूपये नकद, झुमकी, नाक का बंदा, पायल, हाथफूल, खंडवा तथा चांदी के अन्य जेवर उठा ले गए वहीं कुछ दूरी पर नासिर अली पुत्र साकिर अली, निवासी हुसैनगंज सीतापुर हाल मिर्जापुर नई बस्ती के घर से 25,000 रुपये, सोने का लॉकेट, दो जोड़ पायल, एक गुल्लक जिसमें लगभग 5,000ध् रुपये थे, चोरी हो गए। इसके अलावा इरशाद अली पुत्र दस्तगीर, निवासी तलवा नानकारी थाना बड्डूपुर बाराबंकी हाल मिर्जापुर माफी नई बस्ती के घर से चोर 7,000ध् रुपये नकद व सोने के कान के बुंदे ले उड़े। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीजेन्द्र सिंह व इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची जांच पड़ताल की और जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।

### चलाया जा रहा मिशन शक्ति व एंटी रोमियो जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** विभागीय उच्चाधिकारियों व थाना प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 व एंटी रोमियो के तहत जागरूकता अभियान 'के' क्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नागेंद्र कुमार पाण्डेय, महिला कां0 शिल्पा विश्वकर्मा कां0 विक्की सागर द्वारा क्षेत्र के ग्राम भिठौली शिशु विद्या मंदिर में बालिकाओं व महिलाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों बाबत जागरुक करते हुए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।योजनाओं के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं व बालिकाओं पर होने वाले अपराधों व उनसे सुरक्षा से भी अवगत कराया गया व उनकी समस्याओं के निवारण हेतु उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों आदि के जागरूकता पम्पलेट का वितरण किया गया।इस दौरान सैकड़ों से अधिक बालिकाओं, महिलाओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग लिया।

### बीएलओ को मिला बेस्ट कार्य का खिताब

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण 2026 का कार्य कराया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत बी0एल0ओ0 द्वारा मतदाताओं से गणना प्रपत्रों को प्राप्त कर ऑनलाइन फीड किये जा रहें हैं। विधान सभा क्षेत्र 151 महमूदाबाद के बूथ संख्या 69 प्रा0वि0 मदारपुर के बी0एल0ओ0 सर्वजीत, ग्राम रोजगार सेवक द्वारा 2026 का कार्य सर्वप्रथम शत प्रतिशत पूर्ण किये जाने पर बी0एल0ओ0 सर्वजीत को विधान सभा क्षेत्र 151 महमूदाबाद के सर्वश्रेष्ठ बेस्ट बी0एल0ओ0 का प्रशस्ति पत्र देकर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपजिलाधिकारी महमूदाबाद, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ध्तहसीलदार महमूदाबाद व उपजिलाधिकारी (न्यायिक) महमूदाबाद द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्य में अच्छा कार्य करने वाले बी0एल0ओ0 को मन लगाकर उक्त कार्य को जल्द से जल्द समाप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# ऑटो पार्ट्स की दुकान में दबंगों का हमला

## लाठी-डंडों से मारपीट व तोड़फोड़; सीसीटीवी में कैद पूरी वारदात, रंगदारी और रूपए छीनने के आरोप



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शिवराजपुर। शिवराजपुर कस्बे में शनिवार रात दबंगई की खुली तस्वीर सामने आई, जहां ऑटो पार्ट्स की दुकान में घुसकर एक गुट ने लाठी-डंडों से हमला कर मारपीट और जमकर तोड़फोड़ की। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में स्पष्ट रूप से कैद हो चुकी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।वार्ड नंबर 7 निवासी और दुकान मालिक रशीद खान के अनुसार, रात करीब 8:30 बजे वह अपने कर्मचारी समीर के साथ दुकान पर बैठे थे। उसी दौरान निगम यादव, अंकित यादव, सूरज पाल, अमन पाल, विकास, कुलदीप, आदी यादव, विनय, अनुज यादव और रविकांत सहित कई लोग लाठी, डंडे और लोहे की रॉड लेकर अचानक दुकान में घुस आए और हमला बोल दिया। रशीद खान का कहना है कि हमलावरों ने न सिर्फ उन्हें और समीर को बेरहमी से पीटा, बल्कि दुकान में भारी तोड़फोड़ भी की। इस दौरान उनकी जेब में रखे 1500 रुपये छीनने का भी आरोप है। उनका कहना है कि आरोपी गाली-गलौज करते हुए खुद को ÷मंत्री गैंग÷ से जुड़ा बताते रहे और हर सप्ताह 5 हजार रुपये रंगदारी की मांग करते हुए जान से मारने की धमकियाँ दीं। वारदात का पूरा घटनाक्रम दुकान की सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड हुआ है, जिसमें लाठी-डंडों से लैस आरोपी दुकान में घुसते और कर्मचारियों को पीटते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित ने यह फुटेज पुलिस को उपलब्ध करा दी है।

घटना के बाद रशीद खान ने थाने जाकर मामला दर्ज कराया। थाना प्रभारी वरुण शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

# अभियान के तहत संचालित कार्यो का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



जिला निर्वाचन अधिकारी ने लहरपुर तहसील क्षेत्रांतर्गत ग्राम भवानीपुर एवं ग्राम ताहपुर में मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के क्रम बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना प्रपत्र वितरण, एकत्रीकरण व डिजिटाइजेशन कार्यों को पूरी शुद्धता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए जाय।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलिता नहीं होनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित समय सीमा में गणना प्रपत्रों का वितरण बीएलओ द्वारा किया जाए। गणना प्रपत्र भरवाने के बाद उसे अपने पास प्राप्त कर बीएलओ एप पर डिजिटाइज्ड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाएं, जिससे निश्चित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य संपन्न हो जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### गौशालाओं की जांच कर अधिकारियों को भेजी होगी आख्या

जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर. ने लहरपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गांव ताहपुर स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, भुगतान रजिस्टर, निरीक्षण पंजिका, अलाव की व्यवस्था, हरे चारे की उपलब्धता, तिरपाल का प्रबंध आदि का गहनतापूर्वक अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने गौशाला में पशुओं के लिए भूसा, हरा चारा, पानी, अलाव, तिरपाल एवं समुचित उपचार के साथ ही ठंड से बचाव के सम्बन्ध में पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लम्बित भुगतान समय से सुनिश्चित कराए जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित कर निरीक्षण आख्या प्रेषित करें। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारी द्वारा भ्रमण किए जाने की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बीमार पशुओं को समय से उपचार उपलब्ध कराया जाये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल के नये भवन स्थापित होगी क्रिटिकल केयर यूनिट

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिला अस्पताल के नए भवन के साथ ही मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं मिलने की उम्मीद की जा रही है। क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण तेजी से चल रहा है करीब आधा काम पूरा हो गया है। तीन माह के अंदर इसे पूरा कर लेने का लक्ष्य है। इस यूनिट के बन जाने से रोजाना अस्पताल से रेफर हो रहे 8-10 मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा। जिन गम्भीर मरीजों को जिला अस्तपाल से लखनऊ रेफर किया जताा था अब उनका उपचार जिला अस्तपाल में ही होगा। गौर तलब हो कि सिविल लाइन इलाके में करीब 13 बीघा पर जिला अस्पताल के नए भवन का निर्माण चल रहा है। इस अस्पताल परिसर में ही क्रिटिकल केयर यूनिट भी बनाई जा रही है। इस यूनिट के जरिये गंभीर मरीजों को भर्ती किया जाएगा। मरीजों को जांच के साथ ही दवा की भी सुविधा मिलेंगी। इस तरह की मौजूदा समय में जिला अस्पताल में कोई यूनिट नहीं चल रही है। इससे रोजाना 8 से 10 गंभीर मरीज मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर किए जाते हैं।कई बार लखनऊ पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो जाती है। इस यूनिट में हृदय रोग, किडनी, लिवर, सर्जरी सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों का इलाज किया जाएगा। राजकीय निर्माण निगम भवन को बना रही है। यूनिट का आधा काम पूरा हो गया है। तीन माह के अंदर निर्माण पूरा हो जाएगा।

## पैनल की निगरानी में हुई पीएम रिपोर्ट की जांच पर तय होगी कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** रंजीत मौत काण्ड एक बार फिर से सुर्खियों में छा गया है। तीन महीने तक कब्र में शव पड़ा रहा उसके बाद अचानक ने मौत काण्ड ने ऐसा मोड़ लिया कि तीन महीने बाद डीएम के आदेश के शव कब्र से बाहर निकालकर उसका डाक्टरों के पैनल की निगरानी में फिर से पोस्टमार्टम किया जा रहा है। क्योकि रंजीत को मौत को साधारण मौत और गडबड़ करने का अरोप रंजीत के पिता लगाया था कारण स्पष्ट करने के लिये जिलाधिकारी द्वारा इस तरह की ठोस कार्यवाही की जा रही है अबर सदर पुर थाने की पुलिस भी कह रही है कि पैनल द्वारा फिर से पीएम किया जा रहा है पैनल द्वारा जो रिपार्ट तैयार की जायेगी उसी जांच के आधार पर विधिक कार्यवाही तय की जायेगी। मिली जानकारी के अनुसार इलाके के खम्हरिया नानकारी निवासी रंजीत यादव 28 का शव बीती 26 अगस्त को देबियापुर गांव से बाहर तालाब के निकट पेड़ पर फंदे से लटकता मिला था। पोस्टमार्टम के बाद शव के गांव पहुंचने पर 27 अगस्त को परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा भी किया था। हंगामा व प्रदर्शन के बाद पुलिस ने मृतक के पिता सुरेश यादव की तहरीर पर गांव के प्रदीप, दिलीप, बबलू, लेखपाल व बृजपाल के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। कुछ दिन पहले ही डीएम से मिलकर मृतक के पिता सुरेश ने मृतक पुत्र के शव का फिर से पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की थी। जिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार राकेश त्रिपाठी के साथ थानाध्यक्ष की निगरानी में दफनाए गए शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया गया है। बताया जा रहा है कि रंजीत की मौत हत्या और आत्म हत्या के माले में पिछले तीन महीनों से अटकी हुई थी। पुलिस पड़ताल कर रही थी लेकिन इस बात को स्पष्ट नही कर पा रही थी कि रंजीत का कत्ल किया गया है या फिर उसने आत्म हत्या की है क्योकि मृतक के पिता सुरेश यादव ने आरोप लगाया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया में गड़बड़ी बरती गई है। कहा कि आरोपियों ने चिकित्सक से मिलीभगत कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट को गलत ढंग बनवाया है। इस लिए एक पैनल गठित कर पुत्र के शव का फिर से पोस्टमार्टम कराया जाए। रंजीत के पिता की बात पर जिलाधिकारी ने इस तरह का आदेश देकर पैनल तैयार करवाकर इस तरह की कार्यवाही अमल में लाई है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# नई श्रम संहिताएं सुधार की दिशा में बड़ा कदम

**नियामकीय मजबूती और राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ इस परिवर्तन को जमीन पर उतारने को तैयार है। पुराने श्रम कानूनों की सबसे बड़ी विफलता उनकी जटिलता नहीं, बल्कि उनका कमजोर क्रियान्वयन था। यदि नई संहिताएँ भी इसी राह पर चलीं, तो सुधार सिर्फ़ स्लोगन बनकर रह जाएगा। बहरहाल, इन संहिताओं का वादा एक ऐसे श्रम बाज़ार का है जो पारदर्शी भी हो, उद्योग-अनुकूल भी और श्रमिकों के लिये सुरक्षात्मक भी। पर यह संतुलन केवल नियमों से नहीं, बल्कि विश्वसनीय निगरानी, निष्पक्ष प्रवर्तन और श्रमिकों के हितों को केंद्र में रखकर ही संभव होगा।**

*21 नवंबर 2025 से लागू हुई चार नई श्रम संहिताएं- वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संहिता, सिर्फ़ कानूनों का पुनर्गठन भर नहीं हैं, बल्कि यह आधुनिक अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पहचानने वाला ढाँचा है। सरकार इसे आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा श्रम सुधार बता रही है, जबकि ट्रेड यूनियनें इसे श्रमिक-अधिकारों पर तलवार मान रही हैं। परंतु सच यह है कि इन संहिताओं के भीतर अवसर और जोखिम दोनों छिपे हुए हैं और वास्तविक फर्क इनकी जमीनी क्रियान्वयन-क्षमता ही तय करेगी। सबसे पहले, इन संहिताओं का सबसे सकारात्मक तत्व यह है कि वे भारत की श्रम व्यवस्था को एकीकृत, सरल और दस्तावेज़ी बनाती हैं। नियुक्ति पत्र अनिवार्य होना, न्यूनतम वेतन का सार्वभौमिक अधिकार, गिग और प्लेटफॉर्म कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ना तथा 40 वर्ष से अधिक उम्र के श्रमिकों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण, ये ऐसे कदम हैं जिन्हें लंबे समय से औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने की प्रतीक्षा कर रहे करोड़ों कर्मचारियों को एक नई पहचान देते हैं। यह कानूनी ढांचा न केवल श्रमिकों की आर्थिक सुरक्षा बढ़ा सकता है, बल्कि पारदर्शिता और उत्तरदायित्व भी मजबूत कर सकता है। लेकिन, यह तस्वीर का सिर्फ़ एक भाग है। दूसरी ओर, इन संहिताओं में नियोक्ता-पक्षीय प्रावधान भी हैं– विशेषकर छंटनी की मंजूरी सीमा को 100 से बढ़ाकर 300 कर्मचारियों तक ले जाना। इसे ÷उद्योग-अनुकूल लचीलेपन÷ के नाम पर प्रस्तुत किया गया है, लेकिन इसका अर्थ है कि हज़ारों इकाइयाँ अब बिना सरकारी अनुमति के बड़े पैमाने पर छंटनी कर सकेंगी। यह संभावना वास्तविक चिंता पैदा करती है कि कहीं श्रम-बाज़ार में स्थायित्व के बदले अस्थिरता न बढ़ जाए। इसी प्रकार, कार्य-घंटों में बढ़ोतरी और औद्योगिक विवादों में उच्चतर अनुपालन-सीमा श्रमिकों को दबाव में डाल सकती है। नई संहिताएँ महिलाओं के लिए सुरक्षित रात्रिकालीन कार्य की अनुमति देती हैं। यानि यह एक सराहनीय बदलाव है। पर यह तभी प्रभावी होगा जब सुरक्षा-प्रबंध, परिवहन और निगरानी-तंत्र उतनी ही गंभीरता से लागू हो। अन्यथा, ÷सहमति आधारित रात्रि-कार्य÷ कागज़ पर सशक्तिकरण और ज़मीनी स्तर पर अतिरिक्त जोखिम बनकर रह सकता है। समान वेतन और समान अवसर का अधिकार तभी सार्थक होगा जब निजी व सरकारी दोनों क्षेत्र व्यावहारिक उपायों में निवेश करें। सामाजिक सुरक्षा संहिता में गिग और प्लेटफॉर्म कर्मियों को औपचारिक ढाँचे से जोड़ना ऐतिहासिक है– किन्तु इसका परिणाम पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगा कि योगदान का मॉडल कैसा बनेगा, नियमन कितना पारदर्शी होगा और अधिकारियों की जवाबदेही कैसे तय होगी। यदि सामाजिक सुरक्षा कोष के स्रोत स्पष्ट न हों, तो यह कदम एक बार फिर प्रतीकात्मकता में बदलने का जोखिम रखता है। औद्योगिक संबंध संहिता में त्वरित विवाद-निपटान, रिस्किलिंग फंड और निश्चित अवधि के रोजगार को औपचारिक मान्यता जैसे सुधार उद्योगों के लिए सकारात्मक माने जा सकते हैं। परन्तु इन सबके बीच यह भी ज़रूरी है कि श्रमिकों और ट्रेड यूनियनों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले, और संवाद-तंत्र महज औपचारिक न होकर वास्तविक भागीदारी पर आधारित हो।*

### एक्सप्रेस आलेख

स्कूल-कॉलेज के छात्र फैशन, दबाव, दोस्तों की नकल और विज्ञापन जैसी पैकेजिंग के प्रभाव में आकर शराब की लत में डूब रहे हैं। यह पीढ़ी मानसिक एवं शारीरिक दोनों स्तर पर कमजोर होती जा रही है। शराब न केवल उनकी पढ़ाई, कैरियर एवं सोचने-समझने की क्षमता को नष्ट करती है, बल्कि भविष्य के परिवार एवं समाज की नींव तक को हिला देती है। इन बढ़ती चिन्ताओं का समाधान केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक पुनर्संयम और परिवारों में जिम्मेदार व्यवहार से ही संभव है। समाज तभी सुरक्षित हो सकता है जब हम शराब को आकर्षण का नहीं, विनाश का प्रतीक मानें। उसकी पैकेजिंग में चमक-दमक नहीं, चेतावनी झलके।

# शराब की लुभावनी पैकेजिंग के खतरे एवं सुप्रीम कोर्ट की चिंता



- ललित गर्ग

**शराब का यह प्रभाव किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण से शहरी, गरीब से सम्पन्न वर्ग तक फैल चुका है और इसे अनदेखा करना अब समाज के लिए संभव नहीं। चिंता का विषय यह भी है कि शराब अब केवल बार या नाइट क्लबों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक अवसरों- शादियों, जन्मदिनों, दफ्तर की पार्टियों, त्योहारों, यहां तक कि छोटे सामाजिक समारोहों में भी परोसी जाने लगी है।**

हाल ही में देश की शीर्ष अदालत ने शराब की पैकेजिंग को लेकर जो गंभीर टिप्पणी की है, वह केवल कानूनी हस्तक्षेप नहीं बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाली चेतावनी है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि शराब को इस तरह आकर्षक और लुभावना बनाकर प्रस्तुत करना सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ-साथ संस्कृति एवं सामाजिक के साथ खिलवाड़ है। चमकीली बोतलें, विदेशी डिजाइन, चटकदार रंग और ग्लैमरस बॉक्स-ये सब रणनीतियां लोगों को, विशेषकर युवाओं को, महिलाओं को शराब की ओर खींचने का साधन बन चुकी हैं। शराब की यह भ्रामक एवं बाजारवादी पैकेजिंग एक गंभीर एवं नया खतरा है। यह प्रवृत्ति केवल बाज़ार का विस्तार नहीं बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य, नैतिकता और मानसिक संतुलन पर गहरा हमला है। जन-स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली शराब कम्पनियों की दुराग्रही सोच एवं गुमराह करने वाली पैकिंग एक आपराधिक कृत्य है। जूस पैक जैसे दिखने वाले टेट्रा पैक में बेची जा रही शराब अनेक खतरों को आमंत्रण है। आज जब देश शराब की वजह से होने वाली बीमारियों, दुर्घटनाओं, हिंसा, पारिवारिक विघटन और मानसिक अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तब शराब को ÷फैशनेबल÷ बनाकर बेचना एक बहुत बड़ा खतरा बन जाता है। शराब कंपनियों ने पैकेजिंग को आधुनिकता, प्रतिष्ठा और स्टाइल से जोड़ दिया है, जिससे युवा वर्ग इसे किसी उपलब्धि जैसा मानने लगा है। सामाजिक और मनोवैज्ञानिक रूप से यह पैकेजिंग व्यक्ति के मन में यह भ्रम पैदा करती है कि शराब पीना आधुनिकता का प्रतीक है, जबकि वास्तविकता यह है कि शराब हर रूप में शरीर और मन के लिए घातक ज़हर है। शराब के घातक एवं दुष्प्रभाव किसी से छिपे नहीं हैं। यह धीरे-धीरे शरीर को भीतर से खोखला करते हुए नशे की अंधी गलियों में धकेल देती है। लिवर सिरोसिस, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, कैंसर, मानसिक असंतुलन, अवसाद और नींद की गंभीर समस्याएं शराब सेवन की सीधी देन हैं। सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले हजारों लोग शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण अपनी जान गंवाते हैं। घरेलू हिंसा, अपराध और परिवारों के टूटने में शराब की भूमिका लंबे समय से प्रमाणित है। ऐसे में शराब को आकर्षक पैकेजिंग में परोसना मानो लोगों को स्वेच्छा से विनाश के रास्ते पर भेजने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए चिंता जताई है कि शराब की बोतलों की पैकिंग ऐसी नहीं होनी चाहिए जो उपभोक्ता को उसकी वास्तविक हानियों से दूर ले जाए। चेतावनियां अक्सर बोतल के किनारे इस तरह लगाई जाती हैं कि वे दिखती ही नहीं। कंपनियां स्वास्थ्य चेतावनियों को ढककर अपने उत्पाद की सुंदरता को आगे करती हैं। यह न केवल अनैतिक है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी नीतियों की मूल भावना के भी विरुद्ध है। जब सरकार तंबाकू पर बड़ी और भयावह चेतावनियों को अनिवार्य कर चुकी है, तो शराब जिसका



**सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए चिंता जताई है कि शराब की बोतलों की पैकिंग ऐसी नहीं होनी चाहिए जो उपभोक्ता को उसकी वास्तविक हानियों से दूर ले जाए। चेतावनियां अक्सर बोतल के किनारे इस तरह लगाई जाती हैं कि वे दिखती ही नहीं। कंपनियां स्वास्थ्य चेतावनियों को ढककर अपने उत्पाद की सुंदरता को आगे करती हैं।**

स्वास्थ्य पर प्रभाव कई मामलों में उतना ही विनाशकारी है, उसकी पैकेजिंग पर भी समान कठोर नियम लागू होना चाहिए। समाज में शराब की बढ़ती स्वीकृति का बड़ा कारण यह भी है कि शराब उद्योग ने पैकेजिंग को ही आकर्षक विज्ञापन का माध्यम बना दिया है। जहां शराब विज्ञापन पर कानूनी रोक है, वहां कंपनियां रंगीन बोतलों और खूबसूरत बॉक्सों को ही प्रचार का तरीका बना लेती हैं। यह परोक्ष विज्ञापन है, जो कानून की भावना का उल्लंघन करता है और युवाओं को नशे की ओर ले जाता है। ऐसे में सादे, सरल और सामान्य पैकेजिंग की दिशा में कदम बढ़ाना आवश्यक है, ताकि शराब किसी ÷लक्ज़री उत्पाद÷ की तरह न दिखे, बल्कि उसका स्वरूप ही लोगों को चेतावनी देने वाला बने। यह भी चिंताजनक है कि शराब उद्योग का उद्देश्य केवल बिक्री बढ़ाना है, भले ही उससे समाज कितना भी प्रभावित क्यों न हो। वे यह नहीं देखते कि शराब कितने घर बर्बाद कर रही है, कितने लोग बीमार हो रहे हैं और कितनी जिंदगियां संकट में हैं। इस मानसिकता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई बेहद आवश्यक है। शराब की ग्लैमरस पैकेजिंग पर रोक लगाने से न केवल उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि समाज में नशामुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण वातावरण भी बनेगा। सरकारों के लिये राजस्व का बड़ा जरिया शराब है, इसलिये सरकारें भी शराब के खिलाफ खुलकर सामने नहीं आती। सुप्रीम कोर्ट की इस चेतावनी को केवल उद्योगों के लिए ही नहीं, बल्कि सरकार, समाज और परिवारों के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जाना चाहिए। शराब किसी भी रूप में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और उसे आकर्षक बनाकर बेचना मानव जीवन के मूल्य को कम करना है। आज आवश्यकता है कि शराब की पैकेजिंग को नियंत्रित किया जाए, उसे सामान्य और गैर-आकर्षक बनाया जाए, स्पष्ट चेतावनियां लिखी जाएं और शराब को समाज में सम्मानजनक स्थान देने वाली प्रवृत्तियों पर रोक लगे। सरकार को भी स्वस्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे कानून बनाने चाहिए जो शराब उद्योग की विपणन चालों को सीमित करें। आज शराब का प्रसार केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक विघटन का बड़ा कारण बनता जा रहा है। शराब से जुड़े अपराधों और हिंसा की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है, विशेषकर महिलाओं के प्रति अत्याचार, घरेलू हिंसा, आर्थिक शोषण और मानसिक प्रताड़ना का बड़ा कारक शराब ही बन रही है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि महिलाओं के खिलाफ होने वाली लगभग आधी हिंसक घटनाओं में शराब प्रमुख भूमिका निभाती है। नशे में धुत्त पुरुष अक्सर पारिवारिक तनाव, गुस्से और असंतुलन के कारण महिलाओं पर अत्याचार कर बैठते हैं, जिससे न केवल उनका आत्मसम्मान टूटता है बल्कि पूरा परिवार भय, असुरक्षा और अपमान के वातावरण में जीने को मजबूर हो जाता है। शराब का यह प्रभाव किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण से शहरी, गरीब से सम्पन्न वर्ग तक फैल चुका है और इसे अनदेखा करना अब समाज के लिए संभव नहीं। चिंता का विषय यह भी है कि शराब अब केवल बार या नाइट क्लबों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक अवसरों-शादियों, जन्मदिनों, दफ्तर की पार्टियों, त्योहारों, यहां तक कि छोटे सामाजिक समारोहों में भी परोसी जाने लगी है। शराब को सामाजिकता का हिस्सा और आधुनिकता का प्रतीक बताकर जिस तरह से उसकी पैठ बढ़ाई जा रही है, वह एक खतरनाक सांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत है।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 21:19 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढ़ा 21:43 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | शुला, 12:31 तक |
| सूर्योदयः | 06:49 |
| सूर्यास्तः | 17:18 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 08:08-09:27 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:43-12:24 |

## जन एक्सप्रेस

### खेल सारा वोट का !


*दिन पर दिन तीखे ।*
*हो रहे बयान ।।*
*पहुंचाना है ठेस ।*
*है केवल ये ध्यान ।।*
*बार बार गलती ।*
*ऐसे यूं दोहराना ।।*
*क्या बनी रणनीति ।*
*जानता जमाना ।।*
*खेल सारा वोट का ।*
*लगती ना लगाम ।।*
*करना जिन्हें खुश ।*
*पहुंच रहा पैगाम ।।*
*रह रह कर अब मंच से ।*
*छोड़ते हैं तीर ।।*
*त्वरित कुछ निकालें ।*
*हो रहे अधीर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## वायु प्रदूषण से निपटने के लिए इंडोर प्लांट्स कितने प्रभावी हैं?



**दिल्ली-एनसीआर** में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का जोखिम तेजी से बढ़ रहा है। वायु प्रदूषण से बचने के लिए और अपने आसपास की हवा को शुद्ध करने के लिए लोग कई तरह के उपायों को आजमा रहे हैं, जिसमें अपने घरों, ऑफिस और काम के स्थान पर इनडोर पौधे रखना भी शामिल है। ऐसा माना जाता है कि इनडोर पौधों का इस्तेमाल करने से आसपास की हवा को साफ रखने में मदद मिल सकती है।

**क्या पौधे हवा को शुद्ध करते हैं?:** डॉ. अक्षय चुग का कहना है कि, पौधे हवा में मौजूद कुछ हानिकारक केमिकल्स को कम करने में मदद करते हैं। स्टडी में पाया गया कि इनडोर पौधे, खासकर उनके रूट सिस्टम में मौजूद माइक्रो ऑर्गेनिज्म, एक सीलबंद चैंबर में फॉर्मेल्डिहाइड और बेंजीन जैसे वोलाटाइल ऑर्गेनिक कंपाउंड को हटाने में फायदेमंद होते हैं। हालांकि, एक आम घर या ऑफिस में गमले में लगे पौधों का असर आमतौर पर बहुत कम होता है। इस स्टडी में पाया गया कि कुछ पौधे जैसे स्नेक प्लांट, मनी प्लांट, स्पाइडर प्लांट और पीस लिली हवा में मौजूद बेंजीन, फॉर्मलडिहाइड, ट्राई क्लोरो एथिलीन जैसे केमिकल्स को अवशोषित कर लेते हैं।

**घर के अंदर की हवा साफ करने के लिए कितने पौधे की जरूरत?:** डॉ. अक्षय चुग के अनुसार, घर के अंदर की हवा को शुद्ध करने के लिए एक दो पौधे काफी नहीं है, बल्कि लगभग 100 पौधों की जरूरत पड़ेगी एक पूरी घर की एयर क्वालिटी सुधारने के लिए लगभग 300 से 400 पौधों की जरूरत होती है। इतने सारे पौधे घर पर रखना आमतौर पर संभव नहीं है, इसलिए पौधों से हवा साफ करने मददगार हो सकता है, लेकिन ये पूरी तरह इसका समाधान नहीं है।

**डॉक्टर की राय:** डॉ. अक्षय चुग की माने तो इनडोर पौधे एयर प्यूरीफिकेशन के रूप में पूरी तरह काम नहीं करते हैं, लेकिन ये आपके शरीर और मन को कई तरह के फायदा पहुंचा सकते हैं। इसलिए, अपने घर और कमरे में पौधे रखें, ताकि ये आपके सेहत पर सकारात्मक प्रभाव डाल सके।

### एक्सप्रेस विशेष

## गले में स्टेथोस्कोप, मन में जहर, खतरनाक है आतंकवाद का बदलता रूप



योगेश कुमार गोयल

**परिवारों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक समूहों और सामाजिक नेतृत्व को मिलकर यह समझना होगा कि कट्टरपंथ कैसे जन्म लेता है और कैसे फैलता है। व्हाइट कॉलर टेरर की सबसे बड़ी ताकत यही है कि यह संदेह के दायरे से बाहर रहता है।**

**भारत** को अब जिस नए तरह के आतंक का सामना करना पड़ रहा है, वह सीमा-पार से नहीं बल्कि क्लासरूम, लैब और अस्पतालों के भीतर से जन्म ले रहा है। आतंकवाद का रूप अब बदल चुका है। वह अब सीमापार की घुसपैठ, जंगलों में छिपे गिरोहों या हथियारबंद टुकड़ियों तक सीमित नहीं है बल्कि इसकी जड़ें उन सफेदपोश और शिक्षित लोगों तक पहुंच चुकी हैं, जिन्हें समाज सम्मान की दृष्टि से देखता था। आतंक का नया चेहरा वह है, जो लैब कोट पहनता है, रिसर्च पेपर लिखता है, अस्पताल में ड्यूटी करता है, मेडिकल कॉलेज में पढ़ता है और आईटी कंपनियों में काम करता है। यही है 'व्हाइट कॉलर टेरर', जो भारत की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी और सबसे खतरनाक चुनौती बन गया है। 'व्हाइट कॉलर टेरर' यानी शिक्षित, तकनीकी दक्ष और समाज में सम्मानित वे लोग, जो कट्टरपंथ की डिजिटल फैक्ट्रियों में वाहक बनते जा रहे हैं। दिल्ली के लाल किले के पास विस्फोट और डॉक्टरों के बड़े मॉड्यूल का पकड़ा जाना इस नई साजिश का सबसे भयानक संकेत है। ये न आतंकी दिखते हैं, न किसी पर संदेह होता है। लाल किले के पास कार में हुए

**जिहादी आतंक कोई आत्मस्फूर्त हिंसा नहीं बल्कि एक घिनौनी विचारधारा का परिणाम है। यह विचारधारा मजहबी ग्रंथों की विकृत व्याख्याओं पर आधारित है। अब जब डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक भी इस विचारधारा का शिकार होने लगें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि समस्या कहीं गहरे छिपी है। सरकार, पुलिस और एजेंसियां अकेले इस विचारधारात्मक युद्ध को नहीं जीत सकती।**

विस्फोट में 11 लोग मारे गए और कई घायल हुए। विस्फोटक कार के चालक की पहचान जब सामने आई तो देश स्तब्ध रह गया क्योंकि वह कोई अपराधी, कोई पुराना संदिग्ध या किसी गिरोह का सदस्य नहीं बल्कि डॉक्टर था। पुलवामा का रहने वाला युवक उमर मोहम्मद उन तीन डॉक्टरों का साथी निकला, जिनके पास से फरीदाबाद में लगभग 3000 किलो विस्फोटक और हथियार बरामद हुए थे। यह कोई साधारण संयोग नहीं बल्कि एक बेहद गहरी और सुनियोजित आतंकवादी साजिश की परतें खोलने वाला तथ्य है। डॉक्टर मुजम्मिल, डॉक्टर आदिल और डॉक्टर शाहीन, ये तीनों उस गिरोह के केंद्र में थे, जो देश की राजधानी में बड़े पैमाने पर जनसंहार की योजना बना रहा था। इन सभी की प्रोफैशनल पहचान ने इतना मजबूत आवरण तैयार कर दिया था कि कोई इन्हें शक की निगाह से देख ही नहीं सकता था। इसी मॉडल का चौथा सदस्य डॉक्टर मोहिउद्दीन गुजरात पुलिस के आतंकवाद-निरोधक दस्ते की गिरफ्त में आया। चीन से मेडिसिन की पढ़ाई कर लौटे इस युवक को राइसिन जैसा घातक जहर तैयार करते हुए पकड़ा गया, जो एक ही बार में सैंकड़ों लोगों की जान ले सकता था। यह घटनाएं पहली नहीं हैं लेकिन निश्चित रूप से सबसे खतरनाक हैं। पुणे का डॉक्टर अदनान अली सरकार हो या बेंगलुरु की बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत इंजीनियर अथवा आईटी प्रोफैशनल्स, पिछले एक दशक में कई उच्च शिक्षित लोग आतंकी संगठनों के लिए काम करते हुए पकड़े जा चुके हैं। ऑनलाइन पहचान छिपाने के लिए फर्जी नाम, छद्म प्रोफाइल, एन्क्रिप्टेड चैट और डार्क वेब समूहों का इस्तेमाल अब इनका सामान्य हथियार बन चुका है। आइएस, अल-कायदा या छोटे स्थानीय मॉड्यूल, ये सभी इस नए वर्ग को अपनी 'बौद्धिक सेना' बनाने में सक्रिय हो चुके हैं। यह धारणा अब पूरी तरह मिथ्या साबित हो चुकी है कि केवल गरीब, वंचित या अशिक्षित लोग ही मजहबी उन्माद या सामाजिक उत्पीड़न के कारण कट्टरपंथी बनते हैं। हाल के वर्षों में आतंक के रास्ते पर चलने वाले लोगों की सूची देखें तो स्पष्ट होता है कि उनमें बड़ी संख्या में डॉक्टर, इंजीनियर, तकनीकी विशेषज्ञ और डिग्रीधारी युवा शामिल हैं। उनकी समस्या न तो आर्थिक है, न सामाजिक बल्कि वैचारिक है। वे इंटरनेट पर उपलब्ध कट्टरपंथी सामग्री, डार्क वेब चैट रूम, टेलीग्राम चैनलों और गहरे धार्मिक उन्माद से प्रेरित वीडियो के माध्यम से धीरे-धीरे विचलित होते हैं और फिर एक ऐसे जाल में फंस जाते हैं, जिसे वे खुद भी कभी समझ नहीं पाते। भारत में केरल, कश्मीर, दिल्ली, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जहां प्रोफैशनल डिग्री वाले व्यक्ति आइएस, जैश, लश्कर या अल-कायदा के लिए काम करते हुए पकड़े गए। कुछ ने तो खुद के 'जिहादी मॉड्यूल' भी बना लिए, जिनके नाम मजहबी संदर्भों से प्रेरित थे, जैसे गजवा-ए-हिंद के नाम पर सक्रिय कई छोटे समूह।


**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अरुण कुमार त्रिपाठी** द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। **संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी**

**(प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित)** आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : **UPHIN/2009/30003**, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, **(नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)**

# गजरौला में अवैध मिट्टी खनन चरम पर, प्रशासन मौन-हाईवे पर खतरा बढ़ा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





गजरौला क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार पिछले कई दिनों से तेजी से बढ़ रहा है। हाईवे पर रोजाना ओवरलोड मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी लाइन दिखाई देती है। बिना रॉयल्टी और बिना परमिट के चलने वाली ये ट्रॉलियाँ दिन-रात बेखौफ होकर गुजर रही हैं। इनके कारण न केवल सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि हाईवे पर दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले पंद्रह दिनों से अवैध खनन बिना किसी रोक-टोक जारी है। पहले ट्रॉलियाँ रात में निकलती थीं, लेकिन अब दिन के उजाले में भी इन्हें किसी कार्रवाई का भय नहीं दिखाई देता। हाईवे पर उड़ने वाली धूल की वजह से राहगीरों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है। कई बार ट्रॉलियों की भीड़ से सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है। क्षेत्र के ग्राम प्रधान रामसनी वर्मा ने बताया कि कुछ समय पहले ग्रामीणों ने गांव के अंदर से ट्रॉलियों के आने-जाने पर रोक लगाई थी, क्योंकि धूल-मिट्टी से ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया था। इसके बावजूद खनन माफिया फिर सक्रिय हो गए हैं और खुलेआम ट्रॉली संचालन शुरू कर दिया है, जिससे ग्रामीणों का धैर्य जवाब देने लगा है। मामले में अधिकारियों के बयान भी कई सवाल खड़े करते हैं। गजरौला के लेखपाल संतोष मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में किसी भी ट्रॉली को मिट्टी खनन की अनुमति नहीं दी गई है। वहीं पिपरिया भजा के लेखपाल तेज बहादुर का कहना है कि उन्हें परमिशन की जानकारी नहीं है और वे जांच करके बताएंगे। अधिकारियों के ऐसे विरोधाभासी बयान प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर करते हैं। लगातार हो रही खुदाई से कई खेतों और खाली पड़ी जमीन को नुकसान पहुंच रहा है। कई जगह खेतों में गहरे गड्ढे बन गए हैं और भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है। राजस्व विभाग के कानूनगो का कहना है कि मामले की जांच चल रही है, लेकिन अब तक किसी ठोस कार्रवाई का न होना ग्रामीणों में नाराजगी का कारण बना हुआ है। अवैध खनन से क्षेत्र में असुरक्षा और अशांति फैल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफियाओं को संरक्षण मिल रहा है, तभी वे इतनी निर्भीकता से काम कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध मिट्टी खनन और ओवरलोड ट्रॉलियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही इस अवैध कारोबार में शामिल माफियाओं और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में फैल रहे इस अवैध व्यापार को रोका जा सके और लोगों को राहत मिल सके।

## नेकी की दीवार संस्था जरूरतमंदों के साथ शादी योग्य परिवार को दिया आवश्यक सामान

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

सामाजिक सहयोग को समर्पित नेकी की दीवार संस्था लगातार जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आ रही है। शनिवार को संस्था ने नगर के एक जरूरतमंद परिवार को शादी के उपलक्ष्य में आवश्यक घरेलू सामान उपलब्ध कराकर मानवीय उदाहरण पेश किया।



सहयोग करने वालों में निरंजन शर्मा, अमित सिंह, विकास चौधरी, कपिल कक्कड़, रिकी गुप्ता और प्रीत इनवर्टर शामिल रहे, जिनकी मदद से सामग्री परिवार तक पहुंचाई गई। संस्था के संस्थापक गुरमेल सिंह नेहिया ने बताया कि नेकी की दीवार पूरे देश में सामाजिक सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। संस्था हाल ही में यातायात जागरूकता कार्यक्रमों में भी सक्रिय रही है और लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नागरिकों ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कदम समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं।

# बरखेड़ा में साइबर जागरूकता अभियान, पुलिस ने बताए ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके

- 1930 हेल्पलाइन, cyber-crime.gov.in और जनपदीय साइबर नंबर साझा कर दिए गए अलर्ट

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए बरखेड़ा पुलिस ने कस्बे में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, बैंकिंग साइबर फ्रॉड और पहचान चोरी जैसी समस्याओं से बचाने के उपाय बताना था। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने नागरिकों को गृह मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930, साइबर अपराध पंजीकरण पोर्टल cybercrime.gov.in और जिले की साइबर हेल्पलाइन 7830182626 की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि किसी भी ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराने में देरी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि शुरुआती मिनटों में की गई कार्रवाई से राशि की रिकवरी की संभावना बढ़ जाती है। लोगों को समझाया गया कि अज्ञात लिंक और संदिग्ध वेबसाइटों से बचना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में किसी को ओटीपी, पिन, पासवर्ड या बैंकिंग जानकारी न दें। ऑनलाइन लेन-देन केवल आधिकारिक और सत्यापित प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही करें।पुलिस टीम ने सोशल मीडिया सुरक्षा पर भी जोर दिया। लोगों से कहा गया कि वे अपने अकाउंट में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन सक्रिय करें, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें और बच्चों को साइबर बुलिंग, रील चैलेंज और ऑनलाइन गेमिंग के जोखिमों से सावधान करें।अभियान में बड़ी संख्या में व्यापारी, छात्र, अभिभावक और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। लोगों ने साइबर जागरूकता से जुड़े सवाल पूछे, जिनका पुलिस टीम ने विस्तार से समाधान किया। अभियान को लेकर लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी गई।

# SIR अभियान में जनप्रतिनिधियों की सक्रियता लोकतंत्र को मजबूती देने का वास्तविक मार्ग

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



तराई के जनपद बांसुरी नगरी टाइगर रिजर्व जनपद पीलीभीत के 128 विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र में इन दिनों मतदाता गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान जिस तेजी और गंभीरता के साथ आगे बढ़ रहा है, वह न केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जागरूकता का परिचायक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि जब जनप्रतिनिधि स्वयं जनता के बीच उतरकर किसी अभियान की जिम्मेदारी संभालते हैं, तो उसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।

महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का गांव-गांव जाकर स्ढ्क्र फॉर्म भरवाने और लोगों को मतदाता सूची शुद्धिकरण का महत्व समझाने का प्रयास इसी सोच का परिणाम है। यह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

आज जब देश में बार-बार मतदाता सूची में त्रुटियों की शिकायतें सामने आती हैं—कहीं मृत व्यक्तियों के नाम दर्ज होते हैं, कहीं नए मतदाताओं के नाम शामिल नहीं होते—तो ऐसे में स्ढ्क्र अभियान का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह अभियान तभी सार्थक होगा, जब जनप्रतिनिधि से लेकर सामान्य नागरिक तक, हर कोई इसे अपनी जिम्मेदारी समझे। बरखेड़ा में यही सकारात्मक दृश्य देखने को मिल रहा है। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का खुद ग्राम पंचायतों में पहुंचकर लोगों को जागरूक करना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जनता से जुड़ाव केवल चुनावों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति भी संवेदनशील रहना चाहिए। उनका इस अभियान में क्ल्ह, कर्मचारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सामंजस्य बनाकर काम करना प्रशासनिक-राजनीतिक तालमेल का बेहतरीन उदाहरण है। विशेष बात यह है कि ग्रामीण भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। विभिन्न गांवों से जुटी भीड़ यह दर्शाती है कि यदि सही नेतृत्व दिशा दिखाए तो जनता भी उतनी ही तत्परता से अपने दायित्वों को निभाने के लिए तैयार रहती है। इस पहल की जिलेभर में चर्चा होना स्वाभाविक है, क्योंकि आमतौर पर ऐसे अभियानों को केवल सरकारी जिम्मेदारी मानकर छोड़ दिया जाता है। लेकिन बरखेड़ा में यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया है कि लोकतंत्र की जड़ें तब मजबूत होती हैं, जब जनता और जनप्रतिनिधि दोनों मिलकर अपने अधिकारों और कर्तव्यों का निर्वाह करते हैं। यह अभियान न केवल बरखेड़ा बल्कि पूरे पीलीभीत जनपद के लिए एक प्रेरक संदेश है। अन्य क्षेत्रों में भी यदि ऐसी ही सक्रियता और जागरूकता दिखाई जाए तो मतदाता सूची शुद्धिकरण जैसे अभियान अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि स्ढ्क्र अभियान केवल फॉर्म भरने का काम नहीं, बल्कि लोकतंत्र को अधिक सशक्त, पारदर्शी और समावेशी बनाने की दिशा में उठाया गया सार्थक कदम है—और बरखेड़ा क्षेत्र में इसकी मजबूत नींव स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने रख दी है।

# डीसीओ ने गन्ना समिति बीसलपुर के क्रय केंद्र किसनी का किया निरीक्षण

- वेब्रिज जांच में तौल व्यवस्था सही, अब तक 2907.87 कुंतल गन्ने की खरीद

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने रविवार को गन्ना विकास समिति बीसलपुर के क्रय केंद्र किसनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत की और तौल व्यवस्था की मौके पर जांच की।निरीक्षण के समय ग्राम सिसय्या निवासी किसान वीरेश कुमार अपनी गन्ने से भरी ट्रॉली लेकर केंद्र पहुंचे थे। इलेक्ट्रॉनिक वेब्रिज पर ट्रॉली का वजन 39.60 कुंतल आया, जबकि 5 कुंतल के मानक बाट रखने पर वजन 44.60 कुंतल दर्ज हुआ। जांच में वेब्रिज की कार्यप्रणाली बिल्कुल सही पाई गई। केंद्र पर अधिकारियों ने बताया कि क्रय केंद्र किसनी 14 नवंबर 2025 से नियमित रूप से संचालित है और अब तक 2907.87 कुंतल गन्ने की खरीद की जा चुकी है। केंद्र पर पेयजल की सुविधा मौजूद है तथा चीनी मिल और विभागीय अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी बोर्ड पर प्रदर्शित हैं।

डीसीओ ने किसानों को बताया कि वे अपने तौल की शुचिता स्वयं जांच सकते हैं। केंद्र पर 10 कुंतल का मानक बाट उपलब्ध है। उन्होंने सभी तौल लिपिकों को निर्देश दिया कि प्रतिदिन सुबह तौल शुरू करने से पहले किसानों की उपस्थिति में कांटा अवश्य जांचें और इसे कांटा जांच रजिस्टर में अंकित करें। उन्होंने किसानों को मोबाइल पर मिलने वाली गन्ना पर्ची व्यवस्था के बारे में भी जागरूक किया। किसानों से कहा गया कि मोबाइल इनबॉक्स खाली रखें और यह सुनिश्चित करें कि डीएनडी सेवा सक्रिय न हो, अन्यथा पर्ची प्राप्त नहीं होगी। यदि कोई किसान अपना मोबाइल नंबर बदलता है, तो तुरंत समिति सचिव को सूचित करे। किसानों को यह भी बताया गया कि वे ई-गन्ना ऐप से अपनी पर्ची और तौल की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी समस्या पर किसान चीनी मिल और विभागीय अधिकारियों के सीयूजी नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान गन्ना समिति के सचिव राजेश कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज साहू तथा किसान राजाराम, मनोज, प्रवीण, रोशन लाल, गजेंद्र पाल, अशोक कुमार सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# पुलिस झंडा दिवस पर रिज़र्व पुलिस लाइन में ध्वजारोहण



- एएसपी ने परंपरा को सलामी दी, पुलिस बल को कर्तव्य निष्ठा बनाए रखने का संदेश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर शनिवार को रिज़र्व पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में पुलिस बल की गौरवशाली परंपरा एक बार फिर सजीव दिखाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद मौजूद पुलिसकर्मियों ने सलामी देकर अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान एएसपी विक्रम दहिया ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पुलिस विभाग द्वारा जारी संदेश पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि अनुशासन, त्याग, सेवा और साहस का प्रतिनिधित्व करता है। इस परंपरा को मजबूती देना हर पुलिसकर्मी की जिम्मेदारी है। एएसपी ने पुलिस लाइन में मौजूद जवानों को यह भी प्रेरित किया कि वे रोजमर्रा के कार्यों में ईमानदारी और संवेदनशीलता को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही पुलिस व्यवस्था की सबसे बड़ी शक्ति है, और इसी विश्वास को बनाए रखने के लिए कर्मठता जरूरी है।समारोह में क्षेत्राधिकारी यातायात विधि भूषण मौर्या, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव, प्रतिसार निरीक्षक संतोष कुमार राघव सहित पुलिस लाइन और विभिन्न शाखाओं के प्रभारी व सैकड़ों पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### नाजायज़ चाकू के साथ दो युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** घुंघचाई पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर दो संदिग्ध युवकों को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजीम तथा सगीर अहमद, निवासी शेरपुर कला के मोहल्ला कुरैशियान, के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों युवक पुरनपुर-दियूरियाकला रोड की ओर आ रहे हैं। घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया। तलाशी में उनके पास से एक-एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

### पेटून पुल बंद

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** शारदा नदी के बढ़े जलस्तर ने पेटून पुल निर्माण को पूरी तरह रोक दिया है, जिससे स्थानीय लोगों की आवाजाही गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। पुल बंद होने के कारण ग्रामीणों को तहसील पूरनपुर और जिला मुख्यालय तक पहुँचने के लिए लगभग 120 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे समय, धन और ऊर्जा सबकी भारी बर्बादी हो रही है। शनिवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनजीत सिंह ने जिलाधिकारी से फोन पर वार्ता कर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शारदा नदी में दोनों नहरें बंद होने से जलस्तर सामान्य से अधिक बना हुआ है, जिसके कारण निर्माण एजेंसी ने तकनीकी कारणों से कार्य रोक दिया है। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि जलस्तर कम होने तक निर्माण शुरू करना संभव नहीं है। मनजीत सिंह ने डीएम से तत्काल दोनों नहरें खोलने का आग्रह किया ताकि जलस्तर कम हो सके और कार्य पुनः शुरू किया जा सके। उन्होंने चेताया कि यदि नहरें समय पर नहीं खोली गईं तो निर्माण कार्य में कम से कम 20 दिन की अतिरिक्त देरी होगी। जिलाधिकारी ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। स्थानीय लोगों ने भी उम्मीद जताई है कि जल्द समाधान निकलने से आवागमन सामान्य हो सकेगा।

### मतदाताओं के समझ में नही आ रहे फार्म

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए शुरू किए गए मतदाता प्रगाढ़ अभियान (एसआईआर) के तहत फॉर्म का वितरण कर दिया गया है। लेकिन दिए गए फॉर्म के कॉलम अधिकतर लोगों की समझ में नहीं आ रहे हैं। हालांकि लोगों में एसआईआर को लेकर उत्साह है। चुनाव आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में एसआईआर के तहत वोटर लिष्ट का शुद्धिकरण करने की प्रकिया चल रही है। एसआईआर सर्वे को लेकर बीएलओ के माध्यम से घर घर लोगों के फॉर्म बांटे गए हैं। बहुत से लोगों को फॉर्म का फार्मेट ही समझ नहीं आ रहा। जिसके चलते लोग जानकार लोगों के पास जाकर फॉर्म भरवा रहे हैं। फॉर्म के साथ कौन सा दस्तावेज जमा होगा, यह भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है,लोगों के अनुसार घरों में बिना भरे हुए फॉर्म को बांट दिए गए। जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि इसके बाद जमा करने भी नही आ रहे है। हालांकि बीएलओ घर-घर जाकर अब फॉर्म भर रहे हैं। लोगों का कहना है कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण प्रक्रिया तो ठीक है। लेकिन फार्म को भरने में काफी दिक्कतें हो रही है। इस समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

### 78 वां एनसीसी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को 78वां एनसीसी दिवस उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कैडेट्स द्वारा सामूहिक रूप से एनसीसी गीत प्रस्तुत करने से हुई, जिसने माहौल को देशभक्ति और ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि एनसीसी युवाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, साहस और सेवा भाव का विकास करता है। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवा पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति और सामाजिक दायित्व की ओर प्रेरित करता है। एनसीसी प्रभारी शाहिद खान ने कैडेट्स को राष्ट्र सेवा, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन और समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी दिवस मनाने का उद्देश्य युवाओं में सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी की भावना जगाना है।

# यातायात माह में सुनगढ़ी पुलिस का जागरूकता अभियान

- टाइगर ऑफ रोड कैम्पेन के जरिए छात्रों और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियम सिखाए

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




यातायात माह नवंबर 2025 के तहत जिलेभर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान जोर पकड़ता जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को थाना सुनगढ़ी और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने टाइगर ऑफ रोड कैम्पेन के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं और राहगीरों से सीधे संवाद किया। उन्हें बताया गया कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का पालन नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का संकल्प है। पुलिस टीम ने युवाओं को हेल्मेट और सीट बेल्ट को हर हाल में प्राथमिकता देने की सलाह दी। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से दूर रहने की अपील की। टीम ने ट्रैफिक सिग्नलों के महत्व को समझाते हुए बताया कि छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसके अलावा विद्यार्थियों से कहा गया कि वे अपने परिवारजनों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें ताकि दुर्घटना रहित समाज की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। पुलिसकर्मियों ने लोगों से तेज गति, बिना लाइसेंस वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन ले जाने जैसी गंभीर गलतियों से बचने की अपील की। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी, स्थानीय नागरिक और व्यापारी उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

घुंघचाई थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल युवकों की पहचान वीरेंद्र पुत्र रामदयाल व अनीश कुमार पुत्र खेमकरण, निवासी लुकटिहाई, के रूप में हुई है। हादसा घुंघचाई-बंडा हाईवे पर हुआ जब दोनों युवक बाइक से घुंघचाई की ओर जा रहे थे। भीषण टक्कर के बाद राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी पूरनपुर भेजा, जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 5 जोड़ों की महिला थाना में कराई विदाई

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

रविवार को मिशन शक्ति फेज-05 के तहत महिला थाना ने 11 पारिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास किया। इस दौरान पांच दंपतियों को फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया गया और उनकी विदाई कराई गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर हुई। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला और काउंसलर कुसुम गुप्ता व कय्यूम ज़रवानी की टीम ने इन मामलों की सुनवाई की। उन्होंने दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और साझा गृहस्थी से जुड़े विवादों पर दोनों पक्षों से गंभीरता से बात की और समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास किए। कुल 11 शिकायतों में से पांच मामलों में पति-पत्नी ने आपसी सहमति से फिर साथ रहने का फैसला किया। इन दंपतियों की विदाई कराकर उनके परिवारों को टूटने से बचाया गया। चार अन्य मामलों में पति-पत्नी के बीच अत्यधिक मनमुटाव था, जिसके चलते उन्हें विचार करने के लिए समय दिया गया। शेष दो मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। संबंधित पक्षों को इन मामलों में न्यायालय के माध्यम से सुलह का प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। मिशन शक्ति फेज-05 के अंतर्गत महिला थाना का यह प्रयास पारिवारिक विवादों को सुलझाने और समाज में सद्भाव बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## निजी स्कूलों की शिक्षा गायब

**जन एक्सप्रेस। पलियाकलां खीरी।** निजी स्कूलों की हर वर्ष बढ़ती फीस और महंगी होतीं किताबों का बोझ अभिभावकों की टेंशन बढ़ा रहा है। नया सत्र शुरू होते ही स्कूल हर वर्ष 5 से 10 प्रतिशत फीस बढ़ा बिना सरकार की गाइडलाइंस जाने ही बढा दिए जाते हैं। एनसीईआरटी के अलावा निजी पब्लिकेशन की महंगी किताबें हर वर्ष खरीदनी पड़ती हैं। स्कूल हर वर्ष बच्चों से नई किताबें मंगाते हैं। अभिभावकों पर मार्च और अप्रैल का महीना सबसे भारी पड़ता है। नर्सरी में एडमिशन की फीस और अप्रैल में नए सत्र से लागू होने वाली बढ़ी हुई फीस उनकी जेब ढीली कर रही है। इसके अलावा स्कूल बैग और एक दर्जन कलर के गर्म व शर्दी के ड्रेस हर साल खरीदनी पड़ती है। सख्त नियम नहीं होने से निजी स्कूलों की मनमानी बढ़ती जा रही है। स्कूलों की महंगी फीस के बाद भी ट्यूशन और कोचिंग सेंटरों की दौड़।निजी स्कूलों की महंगी फीस देने के बाद भी विद्यार्थी ट्यूशन क्लास और कोचिंग सेंटरों की दौड़ लगा रहे हैं। हजारों की फीस देने के बाद भी अभिभावकों को स्कूलों की पढ़ाई पर भरोसा नहीं रहा है। शहर में जगह-जगह कोचिंग सेंटर स्कूली छात्र-छात्राओं से फुल रहते हैं। ट्यूशन पढ़ाने वालों के यहां बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है। अभिभावक कोचिंग, ट्यूशन, स्कूल फीस में हर वर्ष लाखों रुपये चुका रहे हैं। अधिकारी का ढिंढोरा निजी स्कूलों की बढ़ती फीस को नियंत्रित किया जाएगा। यदि कोई स्कूल तीन प्रतिशत से अधिक फीस बढ़ाता है तो उसकी जांच की जाएगी अवैध कोचिंग सेंटर पर कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईआर की एडीएम ने परखी हकीकत, दिए सख्त निर्देश



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को गति देने के उद्देश्य से रविवार को डिप्टी डीईओ व एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील सदर पहुंचकर कार्य प्रगति का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 142 लखीमपुर और 140 श्रीनगर में बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) 142- लखीमपुर अश्विनी कुमार सिंह, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) 140- श्रीनगर अर्चना ओझा को जरूरी दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एडीएम ने बीएलओ से एक-एक विवरण की जानकारी ली और निर्देश दिए कि प्रपत्रों की एंट्री शत-प्रतिशत सही हो, किसी भी स्तर पर लापरवाही न मिले। उन्होंने डिजिटाइजेशन कार्य की गति बढ़ाने और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

इसके बाद एडीएम ने महेवागंज के पास बालूडीह ग्राम पहुंचकर फील्ड में चल रही स्ढ्क्र प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति का सीधा आकलन किया। ग्रामीणों को स्ढ्क्र के महत्व, प्रक्रिया और गणना प्रपत्र सही तरीके से भरने की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है।

एडीएम ने मौके पर ग्रामीणों की शंकाओं व समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। अंत में उन्होंने टीमों को स्पष्ट हिदायत दी कि अभियान की पारदर्शिता,समयबद्धता और गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं होगा तथा सभी अधिकारी फील्ड में पूरी सतर्कता के साथ काम करें।

## हैदराबाद थाना क्षेत्र की ढखबा क्षेत्र के गावों मे नही बंद हो रहा है अवैध मिट्टी खनन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला रजागंज रेलवे लाइन के निकट कटान स्थल के पास कई दिनो से अवैध मिट्टी खनन का कार्य चल रहा है हेल्का लेखपाल व चौकी इंचार्च व सिपाही की मिलीभगत से हो रहा अवैध मिट्टी खनन। लगभग तीन चार दिनों से चल रहे अवैध मिट्टी खनन का किसी भी प्रशानिक अधिकारी ने अभी तक कोई संज्ञान नही लिया है। वही हैदराबाद पुलिस ने भी अपनी आंखों में बांध रक्खी है काली पट्टी। ग्रामीणो का कहना है कि जिला प्रशासन कोई ध्यान नही दे रहा है।, जिससे आम जन मानस में सरकार की छवि हो रही खराब। वही खनन माफिया सरकार के लाखों रुपए के राजस्व को भी रोजाना लगा रहे चूना। इतना ही नही इसी चौकी क्षेत्र के गांव सेमरई गांव मे खेतो का खोद कर जानबरो व आम जनमानस के लोगो के लिये कब्रगाह बना दी है ,बडे बडे गड्ढे होने के चलते उसमे कोई घटना होने से इन्कार नही किया जा सकता है। इसके साथ ही सेरपुर, कोरबा, राजेपुर,कोरैया,कंधरापुर, कोटबारा,मुख्य खनन के केन्द्र बने हुये है जहां से सैकड़ो ट्रालिया अवैध रूप से मिट्टी खनन कर बे खौफ भर्राटा भर रही है।जिनसे पुलिस की अच्छी कमाई होती है।सुनील कुमार मलिक थानाध्यक्ष हैदराबाद ने बताया कि हम किसी भी मिट्टी आदि के खनन को नही रोक सकते उसके लिये खनन विभाग है।

# चाइनीज मांझे से किशोर की कटी गर्दन, प्रतिबंध के बाद भी बाज नहीं आ रहे माझा विक्रेता

**जन एक्सप्रेस। शाहाबाद/हरदोई**



शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा के पूर्व सभासद का बेटा चाइनीज मांझा की चपेट में आ गया जिससे उसकी गर्दन कट गई और वह लहूलुहान हो गया। आनन फानन परिजन इलाज के लिए शाहजहांपुर ले गए। लेकिन प्रशासन की ढील के कारण चाइनीज माझा विक्रेता लगातार प्रतिबंधित माझा बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं। कटरा मोहल्ले के पूर्व सभासद रामचंद्र गुप्ता उर्फ गुड्डू का 16 वर्षीय पुत्र चेतन गुप्ता बाइक से अपने दोस्त के साथ तहसील जा रहा था। वह जैसे ही माता का तालाब मोहल्ले के पास पहुंचा। उसकी गर्दन में चाइनीज माझा फंस गया। मांझा रगड़ने से उसकी गर्दन भयंकर रूप से कट गई और बेसुध हो गया। तत्काल चेतन गुप्ता को नजदीक के प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया जहां से डॉक्टर ने शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया। शाहाबाद नगर क्षेत्र में चाइनीज मांझा से गर्दन कटने के कारण कई लोग मौत का शिकार हो चुके हैं। एक वकील उंगलियां कटकर जमीन पर गिर गई, अपनी पुत्री को परीक्षा दिलवाकर बाइक से घर वापस जा रहे एक व्यक्ति की गर्दन कटने से मौके पर ही मौत हो गई। एक महिला सिपाही की नाक और आंख पर चाइनीज मांझा से जख्म हुए। यानि दर्जनों लोग चाइनीज मांझे से कट कर घायल हो चुके हैं, मौत का शिकार हो चुके हैं लेकिन प्रशासन प्रतिबंधित चाइनीज माझा बंद नहीं करा सका। औपचारिकता के लिए प्रशासन चाइनीज मांझा विक्रेताओं को पकड़कर बंद कर देती है और शाम को उनको जमानत पर रिहा कर दिया जाता। जिससे चाइनीज मांझा विक्रेताओं की हौसले बुलंद हो गए हैं। छोटे-छोटे दुकानदार चाइनीज मांझा बिक्री कर रहे हैं। तमाम बच्चे चाइनीज मांझा से घायल हो रहे हैं लेकिन प्रशासन और खासकर पुलिस पूरी तरह से सुस्त है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** अरवल थाना क्षेत्र के कीर्तियापुर गांव में एक किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर छत के कुंडे मे रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर अरवल थाना क्षेत्र के किर्तियापुर मजरा दयालपुर गांव निवासी स्वर्गीय राम बहोरे की पुत्री मगन द्वारा घर के अंदर छत के कुंडे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अमित सिंह ने किशोरी के शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का जायजा लिया गया और घटना से संबंधित नमूने संग्रहित किए गए। आपको बता दे कि मृतका मगन के भाई आगरा में मजदूरी के लिए गए थे। घटना से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## मानक विहीन सड़क निर्माण की शिकायत पर डीएम सख्त, दोषी अधिकारियों व ठेकेदार पर कार्यवाही

**उरई।** हरदोई से कुंवरपुरा मार्ग पर प्रांतीय खंड द्वारा कराए जा रहे नवीनीकरण कार्य में मानक विहीन निर्माण की शिकायत को डीएम ने संज्ञान लिया। शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दो सदस्यीय कमेटी गठित कर विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने शिकायत की जाँच में पाया कि उक्त मार्ग का नवीनीकरण का कार्य स्वीकृत था। किन्तु सड़क निर्माण में नवीनीकरण के मानक का प्रयोग नहीं किया गया। मीटर सड़क के निर्माण में डस्ट का प्रयोग किया गया। सड़क की सफाई किए बिना ही का बिटूमीन का उपयोग किया गया था, जो कि मानकों के विपरीत है। निर्माण कार्य में उक्त लापरवाही/अनियमितताएं पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित एई व जेई जिसे सड़क निर्माण के समय मौके पर रहकर अपने पर्यवेक्षण में निर्माण कराना चाहिए किंतु संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रथमदृष्टया लापरवाही के चलते विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही, ठेकेदार के विरुद्ध अनियमितता के कारण कठोर कार्रवाई करते हुए सड़क को दोबारा मानक अनुसार निर्माण कराने के निर्देश अधिशासी अभियंता एवं उपजिलाधिकारी को दिए गए।

# जनपद के 57 स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित




**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

जनपद के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रा0 स्वा0 केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया गया 7 इन मेलों का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को उनके घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है।

मेलों में मरीजों का परीक्षण करते हुए उनको निःशुल्क उपचार, टीकाकरण सेवाएँ भी प्रदान की गयीं।बदलते मौसम के कारण सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार और त्वचा रोगों से सम्बन्धित मरीजों की संख्या मेले में अधिक रही 7 मेले में आये रोगियों को पैथोलाजिकल जांच और रैपिड डायग्नोस्टिक किट आधारित जांच की सुविधा भी प्रदान की गयी। जन आरोग्य मेले में लाभार्थियों के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाये एवं लाभार्थियों को वितरित किये गये।प्रभारी सीएमओ ने बताया कि जनपद में आयोजित मेलों में कुल 77 चिकित्सकों एवं 280 पैरामेडिकल कर्मचारियों द्वारा कुल 3174 मरीजों को स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क उपचार की सेवाएँ प्रदान की गई, इनमें से 1432 पुरुष, 1267 महिला एवं 475 बच्चों को इलाज प्रदान किया गया 7 जनपद के समस्त उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं जिला कम्युनिटी प्रॉसेस मैनेजर द्वारा उनके आवंटित क्षेत्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण किया गया । अगले रविवार को भी मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया जाएगा 7 अतः सभी ग्रामीण एवं शहरी जनमानस से यह अपील है, कि वह अधिक से अधिक संख्या में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में पहुँच कर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त करें।

## ईसाई मिशनरी के लोग जाटव और वाल्मीकि समाज के गरीब लोगों का धर्मांतरण करा रहे, चार गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर-7 में शुक्रवार को एक मकान में संदिग्ध धर्मांतरण गतिविधि चलने की सूचना मिलने पर स्थानीय माहौल अचानक गर्म हो गया। जानकारी के अनुसार, इलाके में मौजूद कुछ लोगों ने दावा किया कि संबंधित मकान में जाटव और वाल्मीकि समाज के गरीब परिवारों को विभिन्न सहायता और सुविधाओं के नाम पर धर्मांतरित कराया जा रहा था। सेक्टर सात के जिस मकान में धर्मांतरण का खेल चल रहा था, उसका नंबर 812 है। बताया गया है कि पिछले चार महीने से इस मकान में धर्मांतरण की गतिविधियां चल रही थीं। धर्मांतरण गिरोह को लीड कर रहा डेविड विभिन्न लोगों के जरिए जाटव व वाल्मीकि समाज के गरीब परिवारों के लोगों को इस मकान में बुलाता था और यहां उनकी मुसीबतें दूर करने के नाम पर उन्हें ईसाई धर्म की किताबें पढ़वाई जातीं। चंगाई प्रार्थना सभा कराई जाती। ईसाई मिशनरी की इस धर्मांतरण गतिविधि के बारे में विहिप और बजरंग दल के लोगों को भनक लग गई। दोनों संगठनों के हिंदूवादी कार्यकर्ताओं की एक टीम आज सुबह दस बजे इस मकान पर पहुंच गई। इस टीम में शामिल एक युवती मकान में प्रवेश कर नीचे से ही वीडियो बनाते हुए ऊपरी मंजिल तक गई। धर्मांतरण केंद्र के संचालक डेविड ने पहले से युवती को धमकाया और फिर समझौता करने के लिए लालच दिया, लेकिन युवती के पीछे-पीछे ही बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता भी मकान की ऊपरी मंजिल में पहुंच गये और धर्मांतरण की गतिविधयां करा रहे डेविड और उसके सहयोगियों को पकड़ लिया।

# पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर चोर नगदी व अवैध शस्त्र बरामद

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**



लोनार थाना पुलिस ने चोरी की घटनाओं में शामिल दो शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैरों में गोली लगी, जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी बावन में भर्ती कराया गया है। 17 नवंबर को रमेश सिंह ने थाना लोनार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ई-रिक्शा से घर जाते समय उनकी जेब काटकर नगदी चोरी कर ली गई। मामले में एसपी अशोक कुमार मीणा ने त्वरित खुलासे के निर्देश दिए थे।शनिवार को पुलिस को जानकारी मिली कि घटना में वांछित आरोपी नेवादा रोड पर घूम रहे हैं। पुलिस की कोशिश पर आरोपी बाइक मोड़कर भागने लगे और गिर पड़े। खुद को घिरता देख उन्होंने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल होकर पकड़ लिए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल नट और दीपक नट उर्फ दीपू, निवासी ग्राम निनाऊआ, थाना फतेहगढ़, जनपद फर्रुखाबाद, के रूप में हुई है। इनके पास से 29,000 रुपये नगद, एक मोटरसाइकिल, दो तमंचे, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है।जांच में पता चला कि अनिल नट के खिलाफ बुलंदशहर, फतेहगढ़ और कन्नौज में चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित लगभग नौ गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई थानाध्यक्ष लोनार प्रेम सागर और उनकी टीम द्वारा की गई। पुलिस अन्य मामलों में भी उनकी संलिप्तता की जांच कर रही है।

# जहरीले पदार्थ का सेवन करने से महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस। उरई**

कस्बा चुर्खी में अपने जेठ के पास रह रही महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी।चुर्खी निवासी अर्चना 26 वर्ष पत्नी स्व. राघवेंद्र सिंह गांव में ही अपने जेठ गोविंद सिंह के साथ रहती थी। बताया गया कि उसके पति राघवेंद्र सिंह की 2023 में सर्पदंश से मौत हो गई थी, जिसके बाद से वह अपने जेठ के साथ रहने लगी थी। कुछ समय बाद उसके एक पुत्र व एक पुत्री की भी मौत हो गई थी। शनिवार को किन्हीं कारणों के चलते उसने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर स्वजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। जहां उसकी मौत हो गई थी। खबर मृतका के मायके एट थाना क्षेत्र के अमीटा पहुंचते ही उसके पिता व भाई तुरंत मेडिकल कालेज पहुंच गए। जहां पर उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी। मृतका के भाई जितेंद्र सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन अर्चना की जेठ गोविंद सिंह व उनके पुत्र गोलू ने संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से हत्या कर दी है। जिससे उसके हिस्से की भी जायदाद वह हड़प सकें।मामले में कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने कहा कि शिकायती पत्र मिला है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की हर पहलू पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुरानी कहासुनी को लेकर युवक से मारपीट, मुकदमा

**जनएक्सप्रेस/हरपालपुर।** अरवल थाना क्षेत्र में पुरानी कहासुनी को लेकर आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट की है। युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के श्रीमऊ गांव निवासी रंजीत कुमार कश्यप पुत्र रामलडैते ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि 19 नवंबर की शाम लगभग 7:00 बजे अपने खेत में फसल की रखवाली कर रहा था।

पुरानी कहासुनी को लेकर गांव निवासी रामकिशोर सहित तीन लोग पास आकर कहा सुनी करने लगे।तब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लात घूंसो व लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। जिससे उसकी शारीरिक चोटें आई है।मारपीट का शोर शराब सुनकर आसपास के कुछ लोगों ने आकर बचाए तथा आरोपी गाली गलौज करते जान से मारने की धमकी देती हुए चले गए। शारीरिक चोट होने से पीड़ित हरदोई में इलाज कर रहा था।वहां मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर किया गया था।पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है।

# जय माँ क्रिकेट टूर्नामेंट में किर्तियापुर टीम बनी विजेता



**जन एक्सप्रेस। हरपालपुर**

हरपालपुर विकास खण्ड के पलिया गांव में चल रहे जय मां क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को किर्तियापुर और जोधनपुरवा के बीच मैच हुआ, जिसमें किर्तियापुर की टीम ने जोधनपुरवा की टीम को हराकर मैच जीत लिया।

जोधनपुरवा की टीम के कप्तान आशु तिवारी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 74 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में किर्तियापुर टीम के कप्तान रामानंद अग्निहोत्री की टीम ने तीन विकेट से मैच जीत लिया। मैन आफ द मैच किर्तियापुर के अनुज को घोषित किया गया। किर्तियापुर की टीम की ओर से अनुज ने चार ओवर में तीन विकेट लेकर 20 गेंदों में 15 रन बनाये।

अनुज को मैन आफ द मैच की ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आयोजन आशु सिंह, अम्पायर बबलू सिंह, पिंकू सिंह, कन्हैयालाल, रूपेश सिंह, अंकुर, विकास श्रीवास्तव, अरविंद मिश्रा, प्रवीण अग्निहोत्री, मनोज गुप्ता, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैरई व हर्रायापुर के बीच बाइक सवार किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सांझापुर निवासी 28 वर्षीय पारस सिंह परमार अपनी पत्नी वंदना व एक साल का पुत्र कार्तिक के साथ गांव में रहकर खेती किसानी का काम करता था। बताया गया कि शनिवार की रात को वह घर में बिना कुछ बताए निपनिया स्टैंड पर आया था। यहां पर काम खत्म होने के बाद वह रात में घर की तरफ जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक बैरई व हर्रायापुर के बीच पहुंची। तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और वह भाग गया। तभी वहां से निकले राहगीरों ने पारस को सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा देख उसके स्वजन व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे मेडिकल कालेज भेज दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई शिववीर सिंह व कल्लू सिंह ने बताया कि वह पांच भाइयों में सबसे छोटा था। मामले में कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# अधेड़ की संदिग्ध मौत के मामले में मुकदमा दर्ज, एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। हरपालपुर**



हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के बूंदापुर गांव में गुरुवार की रात एक अधेड़ की संदिग्ध मौत के मामले में मृतक के भाई ने चार भाइयों के खिलाफ हमला करते हुए मारपीट कर हत्या करने की तहरीर दी थी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के बूंदापुर गांव निवासी मुरारी कुशवाहा पुत्र स्वर्गीय गेंदनलाल ने बीती 21 नबंबर को कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उसका छोटा भाई राजीव बृहस्पतिवार की रात चाऊंपुर गांव से आटा लेकर वापस घर जा रहा था। रास्ते में गांव का ही कल्लू उससे गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर कल्लू ने उसे लात-घूसों और डंडों से पीटा था। इस पर राजीव वहां से भागने लगा तो पीछे से आए आरोपी के भाई मनोज,रामू और अशोक ने भी उसे पकड़कर लात-घूसों और डंडों से पीट दिया। इस कारण राजीव की मौत हो गई थी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।रविवार को पुलिस ने घटना में नामजद आरोपी ने बूंदापुर गांव निवासी रामू पुत्र सूरजपाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया हैं।जहां से उसे जेल भेज दिया गया हैं।हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई हैं।शेष अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही हैं।

## जमीनी विवाद में मारपीट,रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/हरपालपुर।** अरवल थाना क्षेत्र में खेत की मेड की विवाद को लेकर आरोपी ने गांव निवासी अधेड़ के साथ मारपीट की है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र महमदपुर गांव निवासी रामबाबू पुत्र बालकराम ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि 17 नवंबर को समय सुबह 11:00 बजे खेत की मेड की बात को लेकर गांव निवासी संजीव घर के दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे विरोध करने पर लात घूंसो से मारने पीटने लगे शोर शराबा सुनकर आसपास के पड़ोस के लोगों ने आकर बचाए तथा आरोपी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हो चले गए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया हैं।

## कई थानेदार बदले, साइबर सेल और अपराध शाखा को मिले नए प्रभारी

**आगरा।** पुलिस आयुक्तालय आगरा में रविवार को बड़े पैमाने पर तबादले किए गए। तबादला सूची के अनुसार रकाबगंज, एमएम गेट और मंसुखपुरा के थानाध्यक्षों को साइबर सेल भेजा गया है, जबकि निबोहरा के प्रभारी निरीक्षक को अपराध शाखा में तैनात किया गया है। तरुण धीमान को जनसुनवाई अधिकारी से नया प्रभारी निरीक्षक थाना फतेहाबाद, धर्मेंद्र कुमार को प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद से प्रभारी निरीक्षक ट्रांस यमुना, आशुतोष रघुवंशी को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक बरहन, बृजेश गौतम को प्रभारी निरीक्षक पिढ़ौरा से निबोहरा थाना, गुरविंदर सिंह को बरहन से थानाध्यक्ष सैंया, निशामक त्यागी को सैंया से थानाध्यक्ष रकाबगंज, सुनीत शर्मा को कमला नगर से थानाध्यक्ष डौकी भेजा गया है। पुलिस कमिश्नर ने थानाध्यक्ष डौकी योगेश कुमार को थानाध्यक्ष कमला नगर, नीरज बाबू, चौकी प्रभारी कबीस डौकी को थानाध्यक्ष मंसुखपुरा, रोहित कुमार, ट्रांस यमुना से थानाध्यक्ष एमएम गेट, रविंद्र कुमार, यूपी-112—से थानाध्यक्ष पिढ़ौरा, जयनारायण सिंह, प्रभारी निरीक्षक निबोहरा को अपराध शाखा, राकेश कुमार, वाचक, अपर पुलिस उपायुक्त लाइन को अपराध शाखा भेजा गया है।

# ब्लाक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत बैठक समय से आहूत कराने के लिये बीडीओ को भेजा पत्र

**जन एक्सप्रेस। उरई**

कदौरा ब्लाक प्रमुख लक्ष्मी देवी ने बीडीओ को भेजे गये पत्र में क्षेत्र पंचायत कदौरा की बैठक स-समय आहूत किये जाने की मांग की, ताकि क्षेत्र में विकास कार्य कराया जाना सुनिश्चित हो सके।

बीडीओ को संबोधित भेजे गये पत्र में ब्लाक प्रमुख ने कहा कि शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्र पंचायत की बैठक प्रत्येक वर्ष में 6 बैठक होना सुनिश्चित किया गया है। चूंकि विगत बैठक 7 मार्च 2025 को विकासखंड सभागार में आहूत की गयी थी। उक्त बैठक को 6 माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के पश्चात भी क्षेत्र पंचायत की बैठक अद्यतन विकासखंड कार्यालय में आहूत नहीं की गयी है। जो कि अत्यधिक चिंतनीय विषय है। इस व्यवस्था के चलते क्षेत्र में विकास कार्यों का होना सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है जिससे क्षेत्र की आम जनमानस में अत्यधिक रोष व्याप्त हो रहा है। ब्लाक प्रमुख ने बीडीओ को भेजे गये पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया कि पत्र प्राप्ति के दो दिवस के अंदर पत्राचार कर 28 नवंबर को क्षेत्र पंचायत की बैठक आहूत करना सुनिश्चित करें। साथ ही उक्त कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराते हुये पत्र की एक प्रति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# एसपी ने पुलिस झण्डा दिवस पर किया ध्वजारोहण

**जन एक्सप्रेस। उरई**




पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर एसपी ने पुलिस लाइन में पुलिस ध्वज का ध्वजारोहण किया। वहीं उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारीगणो को डीजीपी द्वारा जारी किए गए संदेश को पढ़कर कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुये पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान एसपी ने समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़कर सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार, सीओ अर्चना सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन व जनपद के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर एसपी के निर्देशन में समस्त कोतवाली प्रभारी व थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थानों में ध्वजारोहण किया गया।

# कदौरा ज्वार खरीद केंद्र बना बिचौलियों का अड्डा

**जन एक्सप्रेस। उरई**

सरकार की ओर से किसानों के ज्वार का समर्थन मूल्य बढ़ाने के बाद भी अन्नदाताओं को राहत नहीं मिली है। अब ज्वार के फसल की लागत निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है।

पिछले दिनों हुई बारिश की वजह से किसानों का ज्वार भींग गया था और अब किसान ज्वार को क्रय केंद्र पर देने के बजाय गांव में ही घूम रहे बिचालियों को देने पर मजबूर हैं। दर्जनों किसानों ने बताया कि 1500 से 2000 रुपए प्रति क्विंटल के रेट तय कर खतौनी व खाता नंबर बिचौलियो द्वारा ले लिया जा रहा है और खाते में सरकारी पैसा भेजने की बात की जा रही है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है, जो केंद्र संचालक और बिचौलिए मिलकर बंदरबांट कर रहे है। कदौरा निवासी किसान ने बताया कि किसानों को सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाएं किसानों तक नही पहुंच पा रही है उसका लाभ तो दलाल ही ले रहे है। आज भी किसान के फसल का लागत मूल्य नही मिल पा रहा है।

बताया कि ज्वार क्रय केंद्र पर किसानों को सत्यापन लेखपाल, तहसीलदार का चक्कर लगा रहे है और बिचालिए ज्वार को किसानों के घर से तौल कराकर केंद्र पर सप्लाई कर दे रहे हैं। अफसरों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले समर्थन मूल्य को सीधे किसानों तक पहुंचना चाहिए। किसान ने बताया कि एक महीने से नम्बर लगाकर तहसील के चक्कर काट रहा हूं।

# केंद्रीय मंत्री ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान का किया निरीक्षण

- लोकतंत्र को मजबूती देने और मतदाता सूची का सटीक, अद्यतन होना बेहद जरूरी- पंकज चौधरी
- नगर के वार्ड 15 के बूथ संख्या 179 पर निरीक्षण कर, लोगों को किया जागरूक
- नए मतदाताओं के पंजीकरण से लेकर सुधार फ़ॉर्म तक, मंत्री ने ली जमीनी स्तर की जानकारी



जन एक्सप्रेस । महराजगंज

मतदाता सूची को पारदर्शी, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत केंद्रीय वित्तराज्य मंत्री एवं सांसद पंकज चौधरी ने रविवार को नगर के वार्ड संख्या 15, चिउरहाँ स्थित बूथ संख्या 179 का निरीक्षण किया। बूथ पर पहुंचकर उन्होंने चल रही प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बूथ लेवल अधिकारियों से नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृतकों के नाम हटाने, पते में संशोधन और अन्य सुधार संबंधी फ़ॉर्मों की स्थिति पर फीडबैक लिया।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए मतदाता सूची का सटीक और अद्यतन होना बेहद जरूरी है। हर पात्र नागरिक का नाम सूची में सम्मिलित कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

मौके पर मौजूद युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के आवश्यक फ़ॉर्म भरवाए गए। 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मंत्री ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम सूची में अवश्य दर्ज कराएं और त्रुटियां मिलने पर तत्काल संशोधन कराएं। उन्होंने बूथ स्तरीय कर्मचारियों को सत्यापन कार्य पूरी जिम्मेदारी से करने के निर्देश दिए ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से न छूटे। साथ ही बूथ पर उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधार करने के आदेश भी दिए।

बूथ परिसर पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई। वार्डवासियों ने मंत्री का स्वागत किया और मतदाता सूची से संबंधित समस्याएं साझा कीं, जिनका मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाइओवर बनाने की मांग

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कस्बा के सुभाष चौक स्थित रेलवे फाटक के पास दिन में कई बार जाम लगता है। इसकी वजह से लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। कस्बा के लोगों ने रेलवे फाटक पर फ्लाइओवर या अंडर पास बनवाने की मांग की है। कस्बा के अंकित प्रताप सिंह, मुकेश मोदनवाल, गणेश तिवारी, रोहित चौहान, सुनील रौनियार, संदीप श्रीवास्तव, अश्विन दूबे ने बताया कि रेलवे ढाला के दोनों तरफ सड़क की पटरियों पर फुटपाथ के व्यापारियों ने अतिक्रमण कर लिया है। इसके अलावा वहां बेतरतीब वाहन खड़े रहते हैं। रेलवे ढाला बंद होता है तो सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। जब रेलवे ढाला खुलता है तो सड़क की पटरियों पर हुए अतिक्रमण और बेतरतीब वाहन खड़े होने के चलते वहां जाम लग जाता है, जिससे निकलने में लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। दिन के तीन बजे के बाद यह समस्या बढ़ जाती है। लोगों ने इस समस्या से निजात पाने के लिए वहां फ्लाइओवर या अंडर पास बनाने की मांग की है।

## सड़क हादसा : अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच घायल, तीन गम्भीर

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




पट्टी कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह हुई दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पट्टी थाना कोतवाली इलाके के पट्टी रानीगंज मार्ग पर बहेलियापुर गांव के समीप रविवार सुबह लगभग साढ़े छः बजे राजू धुरिया और सुशांत बाइक से रानीगंज की ओर जा रहे थे जैसे ही बहेलियापुर गांव के समीप पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे बाइक सवार अजय यादव से आमने सामने टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि राजू सुशांत और अजय यादव तीनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद 102 एंबुलेंस की मदद से घायलों को तत्काल पट्टी सीएचसी पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीनों घायलों की हालत गंभीर देख जिला मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही घायलों के परिजन पट्टी सीएचसी पहुंचे। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना पट्टी-चंदा मार्ग पर हुई जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह लगभग छः बजे पट्टी थाना कोतवाली इलाके के सैफाबाद निवासी गोलू गौतम और सुमित कुमार मोटरसाइकिल से पट्टी की ओर जा रहे थे। जैसे ही मुजाहिद बाजार के समीप पहुंचे ही थे कि तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। दोनों मोटरसाइकिल समेत सड़क पर गिर पड़े और गम्भीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने घायलों को तुरन्त ऑटो की मदद से पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गोलू गौतम की हालत गम्भीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# मनमानी : सलेमपुर में सड़क के किनारे फिर सजीं दुकानें

जन एक्सप्रेस । देवरिया



प्रशासन की सख्ती के बावजूद कुछ सब्जी फुटकर विक्रेताओं की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि सीओ और एसडीएम कई बार मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे लगी दुकानों को हटवाते हुए चेतावनी दे चुके हैं लेकिन इसका असर नहीं दिख रहा है।

शनिवार को स्टेशन रोड पर करीब 10 से अधिक सब्जी के फुटकर दुकानदारों ने सड़क किनारे सब्जी बेचना शुरू कर दिया, जिसके चलते जाम की समस्या बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खत्म कराया।

गांधी चौक से स्टेशन रोड को जाने वाली सड़क पर एक बार फिर सड़क पर सब्जी की फुटकर दुकानें लगनी शुरू हो गई हैं, जबकि मंडी समिति और प्रशासन के साथ हुई बैठक में दुकानदारों ने ही सड़क पर दुकानें लगाने का विरोध करते प्रशासन का सहयोग मांगा था। इसके बाद करीब दो सप्ताह तक सड़क पर दुकानें नहीं लगाई गईं, जिससे राहगीरों को काफी सहूलियत मिली। शुक्रवार को सड़क पर ट्रक और पिकअप खड़ाकर सामान उतरवाने की सूचना पर सीओ मनोज कुमार ने मौके पर पहुंचकर वाहन चालक और दुकानदार को फटकार लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि दोबारा सड़क पर वाहन खड़ा मिला तो कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को स्टेशन रोड पर करीब 10 दुकानें लगाकर सब्जी की बिक्री शुरू कर दी।

इसका वीडियो वायरल होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए सड़क से हटकर मंडी में दुकान लगाने की बात कही, जिसके बाद कुछ लोग मौके से निकल गए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्थाई सब्जी मंडी न होने के कारण व्यापारी सड़कों का सहारा लेने को मजबूर हैं, जिसका सीधे असर यातायात व्यवस्था पर पड़ रहा है।

सीओ मनोज कुमार ने बताया कि सड़क के किनारे दुकान लगाने की शिकायत रोजाना मिल रही है। कई बार चेतावनी दी जा चुकी है। अगर मनमानी जारी रही तो अब सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## हादसे में बच्ची की मौत मामले में प्राथमिकी दर्ज

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

नगर के वार्ड नंबर 15 सरदार पटेल नगर की रहने वाली आठ वर्षीय मासूम बच्ची अपने दरवाजे पर चार नवंबर को खेल रही थी। इस दौरान बाइक सवार युवक ने ठोकर दिया। गंभीर रूप से घायल बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

रामकोला थाने पहुचे सरदार पटेल नगर वार्ड निवासी राकेश गुप्ता की आठ वर्षीय बेटी कनक गुप्ता दरवाजे पर खेल रही थी। सड़क के पश्चिमी तरफ खड़ी थी तभी रामकोला की ओर से आ रहे बाइक सवार ने ठोकर मार दिया।

इसमें कनक गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में दूसरे दिन पांच नवंबर को मौत हो गई। पुलिस इस मामले में केस दर्ज कर ली है।

# गोलीकांड : पूर्व प्रधान के बेटे की गोली मारकर हत्या, दूसरा बेटा गम्भीर, पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले के कुण्डा कोतवाली थाना इलाके के ताजपुर सरियावां गांव में चली गोली। पूर्व प्रधान के बेटे की मौके पर हुई मौत दूसरे बेटे की हालत गम्भीर।

मिली जानकारी के अनुसार कुण्डा थाना क्षेत्र के ताजपुर सरियांवा गांव निवासी पूर्व प्रधान मोअज्जम उर्फ गुड्डू से पड़ोस के ही तनवीर के परिवार से शनिवार रात लगभग साढ़े नौ बजे बच्चों के विवाद को लेकर कहासुनी हो रही थी। आरोप है कि इस दौरान बात इतनी बढ़ी कि तनवीर ने फुरकान को गोली मार दी। फायरिंग में फुरकान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गोली लगने से पास में ही मौजूद उसका भाई साहिल गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन दोनों को लेकर कुण्डा सीएचसी गये जहां फुरकान को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके भाई साहिल की हालत गम्भीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया। युवक की मौत के बाद अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कुण्डा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। थोड़ी ही देर में एएसपी पश्चिमी बृज नंदन राय भी पहुंचे। गांव में पुलिस बल तैनात कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। क्षेत्र में चर्चा है कि दोनों परिवार के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी। पुलिस के अनुसार तनवीर के खिलाफ जिले के कई थानों में लगभग नौ मुकदमे दर्ज हैं तो वही शोहराब के खिलाफ भी चार मुकदमे दर्ज हैं। मामले की गम्भीरता को देखते हुए देर रात एसपी दीपक भूकर ने भी गांव में पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने परिजनों को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिलाने के साथ ही अपने मातहतों को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी तनवीर व सोहराब के साथ ही घटना में शामिल एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने दो लाइसेंसी असलहा डीबीबीएस गन 12 बोर व 315 बोर राईफल तथा घटना स्थल से दो लाठी एक खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किया।

# पुलिस झण्डा दिवस : एसपी ने ध्वजारोहण कर पुलिसकर्मियों को कर्तव्य का कराया बोध

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में रविवार को पुलिस झण्डा दिवस पर पुलिस लाइन में एसपी दीपक भूकर पुलिस कर्मियों को उनके कर्तव्य का बोध कराया। पुलिस झण्डा दिवस के अवसर एसपी ने पुलिस लाइन के क्वार्टर गार्द पर पुलिस ध्वज फहराया।

इस अवसर पर उन्होंने डीजीपी के संदेश को पढ़कर पुलिस अफसरों और कर्मियों को सुनाया। साथ ही सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस समाज में बुराई फैलाने वाले को दंडित करती है और अच्छाई को जीवंत रखती है। इसी के मद्देनजर 23 नवंबर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने यूपी पुलिस का पुलिस ध्वज प्रदान किया था। तब से हर साल 23 नवंबर को झंडा दिवस मनाया जाता है। यह झंडा पुलिस को उसके कर्तव्यों को हमेशा बोध कराता है। एसपी द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ निर्वहन करने, तथा पुलिस ध्वज की गरिमा, मर्यादा एवं गौरव को सदैव बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस का ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी प्रतिबद्धता, साहस, सेवा एवं त्याग का प्रतीक है, जिसे प्रत्येक पुलिसकर्मी को अपने आचरण से हमेशा ऊँचा रखना है। कार्यक्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशान्त राज, सीओ लाइन, प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार राय सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सांसारिक मोह माया से मुक्ति का माध्यम है भक्ति

जन एक्सप्रेस । देवरिया

सांसारिक मोह माया से मुक्ति का माध्यम भक्ति है। इसके बल पर मानव शरीर को मोक्ष की प्राप्ति होती है। ये बातें क्षेत्र के अहिरौली में चल रहे देवी भागवत पुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए आचार्य अजय शुक्ल ने कही। उन्होंने भगवान शिव की पहली पत्नी सती की कथा सुनाते हुए कहा कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती ने पिता के विरोध के बावजूद भगवान शिव से विवाह किया था। जब दक्ष प्रजापति ने यज्ञ का आयोजन किया था तो शिवजी को अपमानित करने के लिए निमंत्रण नहीं भेजा था, लेकिन सती बिना बुलावे के ही यज्ञ में पहुंच गईं। कथा के दौरान गोरख प्रसाद गुप्ता, पिंकी देवी, गुड्डू बाबा, चंद्रभूषण तिवारी, प्रतीक मिश्र, मुन्ना, विमला देवी, पार्वती देवी, विनोद कुमार मौजूद रहे।

# निर्वाचक नामावली के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए जिला संपर्क केंद्र स्थापित

### शिकायत, सुझाव व सहयोग हेतु नम्बर 05523-222242 तथा टोल-फ्री नम्बर 1950 जारी

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष 'प्रगाढ़ पुनरीक्षण' को सुचारू, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला कॉन्टेक्ट सेंटर की स्थापना की गई है। इसकी जानकारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने विज्ञप्ति जारी कर दी है।बताया गया है कि पुनरीक्षण कार्य के दौरान मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कॉन्टेक्ट सेंटर को इस प्रकार संचालित किया जा रहा है कि किसी भी नागरिक को सूचना, मार्गदर्शन अथवा समस्या के समाधान में कोई कठिनाई न हो। मतदाता अपने नाम जुड़वाने, संशोधित कराने, स्थानांतरण, आपत्तियाँ अथवा अन्य किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधी जानकारी के लिए सीधे केंद्र से जुड़ सकते हैं। जिला कॉन्टेक्ट सेंटर का दूरभाष नंबर 05523-222242 तथा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है।

अधिकारी ने बताया कि इन नंबरों पर नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं, सुझाव दे सकते हैं या आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। कि किसी भी नागरिक को सूचना, मार्गदर्शन अथवा समस्या के समाधान में कोई कठिनाई न हो। मतदाता अपने नाम जुड़वाने, संशोधित कराने, स्थानांतरण, आपत्तियाँ अथवा अन्य किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधी जानकारी के लिए सीधे केंद्र से जुड़ सकते हैं। जिला कॉन्टेक्ट सेंटर का दूरभाष नंबर 05523-222242 तथा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। अधिकारी ने बताया कि इन नंबरों पर नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं, सुझाव दे सकते हैं या आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील की है कि वे पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर सही और अद्यतन निर्वाचक नामावली तैयार कराने में प्रशासन का सहयोग करें। इससे पारदर्शी और सुदृढ़ निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सकेगी।

# पट्टी में दो बाइकों की आमने सामने टक्कर, तीन घायल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले में शनिवार देर रात वैवाहिक कार्यक्रम से लौटते समय सड़क दुर्घटना में तीन लोग हुए घायल। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज किया रेफर। मिली जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर जिले के लम्भुआ निवासी अनुराग बाइक से एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लौटकर घर वापस जा रहे थे।

जैसे ही वो पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरेबोधराम मैनहा गांव के समीप पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे बाइक सवार प्रयागराज निवासी करण सिंह व नीतीश कुमार से आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि आवाज सुनकर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद किसी ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सीएचसी में तैनात डॉक्टर ने बताया कि रात लगभग दो बजे तीन घायल आए थे, जिनकी हालत गंभीर थी। बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर करते हुए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

## मेहरौना में हर घर जल योजना अधूरी

जन एक्सप्रेस । देवरिया

विकास खंड लार के ग्राम सभा मेहरौना में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्य पिछले तीन महीने से बंद है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना यहां अधूरी पड़ी है। जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में 12 महीने स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम पर केंद्र सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। हालांकि ग्राम सभा मेहरौना में यह योजना फिलहाल पूरी नहीं हो पाई है। मेहरौना सहित कई अन्य गांवों में भी पानी टंकी का निर्माण कार्य बीते कई महीनों से रुका हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि काम लंबे समय से अटका हुआ है, लेकिन विभागीय अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# बंजर के रूप में दर्ज हुई जमीन, अब मजार तोड़ने की मांग

जन एक्सप्रेस । देवरिया



शहर में कुर्ना नाला के पास गोरखपुर रोड पर स्थित मजार की भूमि फिर सरकारी हो गई है। एएसडीएम अवधेश कुमार निगम की कोर्ट ने 19 नवंबर को अपने फैसले में बंजर भूमि पर मजार के नाम के इंद्राज को गलत ठहराया था। साथ ही इसे दोबारा सरकारी अभिलेखों में बहाल करने का निर्देश दिया था। उन्होंने इंद्राज के दोषियों पर कार्रवाई का आदेश भी दिया है। इसके बाद 20 नवंबर को तहसील प्रशासन ने इस पर दोबारा सरकार का नाम अंकित कर दिया।

एएसडीएम कोर्ट में सुनवाई के दौरान खुलासा हुआ कि खतौनी 1399 फसली के खाता संख्या 3 की आराजी संख्या 1647/2मि0 (रकबा 0.124 हे0), जो राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि के रूप में दर्ज थी, उस पर फर्जी परवाने और कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर वक्फ/मजार के नाम दर्ज कराया गया था। एएसडीएम अवधेश कुमार निगम ने इस इन्द्राज को तत्काल निरस्त करने के साथ तहसीलदार देवरिया को आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

इस मामले में देवरिया सदर के विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता की।

# जिले के गांजा माफियाओं की अब खैर नहीं! गांजा माफियाओं पर होगी बड़ी कार्रवाई : एएसपी

## पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देश पर जनपद स्तर से गांजा माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए विशेष टीम का होगा गठन: एएसपी


कप्तान अभिनंदन के ईमानदार छवि के भरोसे जनता गाज़ा माफियाओं का बड़ा ऑपरेशन कब?

जन एक्सप्रेस। बस्ती

■ गांजा माफिया की चल-अचल संपत्ति से लेकर जमानतदारों तक—हर कड़ी की होगी पूरी जांच

बस्ती में गांजा माफियाओं की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। एडिशनल एसपी श्यामकांत ने बेहद स्पष्ट शब्दों में कहा है कि पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देश पर जिले में सक्रिय नशा तस्करों की जड़ तक पहुँचने के लिए एक विशेष टीम गठित की जा रही है, और आने वाले दिनों में कार्रवाई इतनी सख्त होगी कि माफियाओं का नाम तक मिट जाएगा। उनके शब्दों में अब गांजा माफियाओं की खैर नहीं, हर कड़ी की डिजिटल पड़ताल होगी और किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। एएसपी श्यामकांत ने बताया कि टीम केवल छापेमारी ही नहीं करेगी, बल्कि जिले में सक्रिय हर संदिग्ध व्यक्ति का पूरी तरह डिजिटल प्रोफाइल तैयार करेगी। पिछले कई वर्षों में किसने कितनी संपत्ति जुटाई, किन-किन लोगों ने उनकी जमानत कराई, किनसे आर्थिक संबंध रखे हर एक फाइल अब पुलिस के निशाने पर होगी। पुलिस का फोकस केवल गिरफ्तारी नहीं बल्कि इन माफियाओं की पूरी आर्थिक रीढ़ तोड़ना है, ताकि ये दोबारा खड़े होने की हिम्मत तक न जुटा सकें। कप्तान अभिनंदन ने टीम को साफ निर्देश दिए हैं कि जिले में सबसे पहले नशे के नेटवर्क को पूरी तरह उखाड़ फेंका जाए। कौन सा गैंग किस इलाके में सक्रिय है, कहाँ सप्लाई होती है, कौन संपर्क में है–हर छोटी-बड़ी कड़ी को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जोड़कर एक ऐसा डेटाबेस बनाया जा रहा है, जिसे देखकर माफिया समझ जाएँ कि अब कोई बचने का रास्ता नहीं। एएसपी श्यामकांत का लहजा सख्त था।

### थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद की नाकामी से छावनी विक्रमजोत में दुर्गेश कपिल का नशा साम्राज्य बेखौफ

छावनी थाना क्षेत्र और उसके पास स्थित विक्रमजोत इलाके में गांजा तस्करी इन दिनों चरम पर है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद की लगातार निष्क्रियता के कारण कुख्यात गांजा माफिया दुर्गेश और कपिल पूरी तरह बेखौफ होकर अपना नेटवर्क चला रहे हैं। विक्रमजोत के पास, छावनी के आसपास और लिंक रोड क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर गाजा सप्लाई की जा रही है, लेकिन पुलिस की तरफ़ से कोई ठोस कदम सामने नहीं आता। स्थिति इतनी बेकाबू हो चुकी है कि युवा तेजी से नशे की चपेट में आ रहे हैं, परिवार टूट रहे हैं और समाज में गहरी चिंता का माहौल है। आसपास के ग्रामीण और स्थानीय व्यापारी लगातार सवाल उठा रहे हैं कि जब तस्करों की लोकेशन, गतिविधियाँ और पहचान सबको पता है, तो कार्रवाई क्यों नहीं होती? लोगों का कहना है जब तक पुलिस जागेगी, तब तक कई युवाओं की ज़िंदगी बर्बाद हो जाएगी।

### पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र- नरहरिया पुल के पास बड़े पैमाने पर गाजा बिक्री की चर्चा

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के नरहरिया पुल के पास बड़े पैमाने पर गांजा बेचे जाने की स्थानीय स्तर पर लगातार चर्चाएँ तेज हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि यहाँ नशे का धंधा लंबे समय से चल रहा है और इससे क्षेत्र में असुरक्षा बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार, गाजा बचाने वाला व्यक्ति खुद को तथाकथित सत्ता पार्टी का नेता बताकर प्रभाव दिखाने की कोशिश भी करता है, जिसके कारण लोग खुलकर शिकायत करने से हिचकते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नशे की बढ़ती सप्लाई से युवा तेजी से प्रभावित हो रहे हैं और तत्काल कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

### कप्तानगंज थाना क्षेत्र में कपिल सक्रिय, छावनी तक चलता नशे का नेटवर्क

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के महाराजगंज ओवरब्रिज के पास कपिल द्वारा खुलेआम गांजा बेचे जाने से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यहां नशे में धुत युवक आए दिन बवाल करते हैं, लड़ाई-झगड़े होते हैं और माहौल असुरक्षित बना रहता है। शिकायतों के बाद भी पुलिस की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण कपिल का नेटवर्क छावनी और विक्रमजोत तक फैला हुआ है। लोगों का आरोप है कि लगातार बढ़ रही तस्करी से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है लेकिन प्रशासन पूरी तरह खामोश है।



बस्ती जिले में अब गांजा माफिया नहीं बचेंगे। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के आदेश पर एक विशेष टीम बनाई जा रही है, जो हर गांजा माफिया की चल-अचल संपत्ति, पैसों का स्रोत, जमानतदार और संरक्षण देने वालों की पूरी जांच करेगी। इलेक्ट्रॉनिक तरीके से सबका रिकॉर्ड तैयार हो रहा है। जो भी दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी कि पूरे जिले में नजीर बनेगी। अगर किसी पुलिसकर्मी की मिलीभगत पाई गई, तो वह भी नहीं बचेगा कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**श्यामकांत, एएसपी बस्ती।**

### हर्रैया-हसीनाबाद-बभनान तक सुभाष का फैलता गांजा नेटवर्क- स्थानीय लोग परेशान

हर्रैया, हसीनाबाद और बभनान क्षेत्र में स्थानीय लोगों के अनुसार सुभाष का गांजा नेटवर्क लगातार फैलता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह नेटवर्क कई कस्बों और गांवों तक सक्रिय बताया जाता है, जहाँ देर रात और मुख्य मार्गों के किनारे संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जाती हैं। लोगों का आरोप है कि इन इलाकों में नशे की सप्लाई के कारण युवाओं का भविष्य तेजी से खतरे में पड़ रहा है। कई जगह नशे में धुत युवकों द्वारा झगड़े, उत्पात और अवैध गतिविधियों की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं, जिससे माहौल असुरक्षित होने लगा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। सूत्र बताते हैं कि नेटवर्क इतना फैला हुआ है कि एक जगह दबाव बढ़ने पर सप्लाई दूसरी लोकेशन से शुरू हो जाती है। लोगों की मांग है कि पुलिस जल्द सख्त कदम उठाए और इस पूरे नेटवर्क की जड़ तक पहुँचकर कार्रवाई करे, वरना कई गांवों की युवा पीढ़ी पूरी तरह बरबादी की ओर धकेल दी जाएगी।

### गांजा माफिया रामसहाय के साम्राज्य पर कब गिरेगी पुलिस की गाज?

कलवारी थाना क्षेत्र के गायघाट कस्बे के पास कथित रूप से सक्रिय गांजा तस्करी को लेकर स्थानीय लोग लगातार सवाल उठा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में रामसहाय नाम का व्यक्ति लंबे समय से नशे के कारोबार में संलिप्त बताया जाता है, जिसकी गतिविधियाँ कई बार चर्चा में आई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस इलाके में हर दिन संदिग्ध लोगों की आवाजाही देखी जाती है, जिससे माहौल असुरक्षित होता जा रहा है। इसी तरह, लालगंज थाना क्षेत्र के पाकड़डांड के पास भी रामसहाय के सक्रिय होने की चर्चाएँ हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वह पहले भी एनडीपीएस मामलों में जेल जा चुका है, लेकिन बाहर आने के बाद उसकी गतिविधियाँ और तेज हो गईं। लोग कहते हैं कि यहाँ बड़े पैमाने पर सप्लाई होने की आशंका है और देर रात तक अज्ञात व्यक्तियों का आना-जाना बना रहता है। इलाके के लोग लगातार मांग कर रहे हैं कि पुलिस इन दोनों स्थानों पर सक्रिय नेटवर्क की गहराई से जांच करे। उनके अनुसार, जब तक पूरे नेटवर्क का खुलासा नहीं होगा, युवाओं का भविष्य खतरे में रहेगा। पुलिस पर अब यह बड़ा सवाल है क्या रामसहाय के कथित साम्राज्य पर कड़ी कार्रवाई के लिए कोई ठोस कदम उठाए जाएंगे?

### गांजा माफिया को संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मियों पर भी गिरेगी गाज

जिले में नशा नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी के बीच पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा है कि गांजा माफियाओं को संरक्षण देने वाले या उनसे मिलीभगत करने वाले पुलिसकर्मी भी नहीं बचेंगे। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, जांच सिर्फ तस्करों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह भी देखा जाएगा कि किसकी मदद से उनका नेटवर्क चलता रहा। किस पुलिसकर्मी ने लापरवाही की, किसने जानकारी छुपाई या किसने किसी तरह का संरक्षण दिया—हर कड़ी की जांच की जाएगी। अधिकारी का कहना है कि यदि किसी भी पुलिस सदस्य की भूमिका संदिग्ध पाई गई, तो उसके खिलाफ सबसे कठोर विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संदेश एकदम साफ़ है- नशा माफिया और उन्हें बचाने वाले दोनों पर समान सख्ती लागू होगी।

उन्होंने कहा जो भी इस अवैध धंधे में शामिल है, चाहे सामने हो या परदे के पीछे, उसका पूरा हिसाब पुलिस रख रही है। हर माफिया की लोकेशन, लेन-देन और गतिविधि की डिजिटल स्कैनिंग होगी। आने वाले दिनों में ऐसी कार्रवाई होगी जिसे देखकर जिले में नशे का नाम भी कोई लेने से डरेगा। पुलिस की तैयारी इतनी कसी हुई है कि माफिया अब खुद समझ रहे हैं कि इस बार मामला सिर्फ गिरफ्तारी का नहीं, बल्कि पूरी नस दबाने का है। जिले में साफ संदेश जा चुका है– गांजा माफियाओं की खैर नहींज पुलिस का स्कैनर ऑन है और कार्रवाई अब रुकने वाली नहीं।

# जनपद में एचआईवी-एड्स अधिनियम पर संवेदनशीलकरण कार्यशाला सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बस्ती



एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देशन में एचआईवी-एड्स अधिनियम 2017 पर आधारित जनपद स्तरीय संवेदनशीलकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा किया गया। कार्यशाला में जिला क्षय रोग अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, विभिन्न सरकारी-गैर सरकारी चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सक, पैरामेडिकल छात्र, नर्सिंग स्टाफ तथा सोशल वर्कर्स उपस्थित रहे।

कार्यशाला में जिला विधिक प्राधिकरण के अधिवक्ता ने प्रतिभागियों को एचआईवी-एड्स अधिनियम 2017 के महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों, रोगी-अधिकार, गोपनीयता के नियम, स्वास्थ्य संस्थानों की जवाबदेही और भेदभाव निषेध जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

रिसोर्स पर्सन अम्बुज कुमार यादव, सचिव ग्रामीण विकास सेवा समिति, ने कहा कि एचआईवी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता है, और इस अभियान में हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है।

दिशा प्रोजेक्ट के क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर अखिलेश सिंह तथा एचआईवी-एड्स प्रतिनिधियों ने रोकथाम, उपचार, परामर्श प्रक्रियाओं, एआरटी सेवाओं व व्यवहारगत परिवर्तन पर प्रस्तुति दी।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. चौधरी और एआरटी सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. अनुग्रह ने सभी संस्थानों को निर्देशित किया कि वे अपने स्टाफ को अधिनियम के अनुरूप संवेदनशील बनाएं और किसी भी भेदभाव की स्थिति में तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ. फरनान अहमद, सुभाष चंद्र यदुवंशी, दिशा क्लस्टर की डीएमडीओ अनुपम शुक्ल, लिंक वर्कर स्कीम के मोहम्मद अशरफ, रमाकांत, सचिन चौधरी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अमरनाथ गौतम तीसरी बार अध्यक्ष, सुधीर सिंह मंत्री निर्वाचित




जन एक्सप्रेस। बस्ती

रविवार को कलेक्टेउट परिसर स्थित कर्मचारी संघ भवन के परिसर में ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन चुनाव अधिकारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल की देखरेख में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में वक्ताओं ने पुरानी पेंशन बहाली, जनपद स्तरीय समस्याओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। दूसरे सत्र में सर्व सम्मत से अमरनाथ गौतम तीसरी बार अध्यक्ष घोषित किये गये। इसी कड़ी में सुनील दूबे संरक्षक, कसुमलता सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कुमार सत्यम सिंह उपाध्यक्ष, सुधीर सिंह मंत्री, अखिलेश शुक्ल संयुक्त मंत्री, अनुरोध श्रीवास्तव संगठन मंत्री, राजमंगल दूबे कोषाध्यक्ष, फिरोज खान लेखा सम्प्रेक्षक, राकेश पाण्डेय प्रान्तीय प्रतिनिधि घोषित किये गये। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया। कहा कि कर्मचारी अपने अधिकारों को लिये एकजुट हो वरना एक-एक कर अधिकार छीन लिये जायेंगे। इसके पूर्व अधिवेशन को सम्बोधित करते हुये परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने कहा कि राज्य कर्मचारी इतिहास के सबसे नाजुक दौर से गुजर रहे हैं। सरकार जायज मांगों को भी अनसुना कर रही है और जनपद में कर्मचारी समस्याओं के निराकरण की जगह आये दिन कर्मचारियों को अपमानित करने के साथ ही उनका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। इन सवालों को लेकर एकजुटता से सघर्ष तेज करना होगा।

तीसरी बार अध्यक्ष घोषित किये गये अमरनाथ गौतम ने कहा कि कर्मचारियों के समस्याओं के समाधान हेतु संगठन का संघर्ष निरन्तर जारी रहेगा। अधिवेशन और चुनाव में मुख्य रूप से ट्यूववेल टेक्निकल इम्पलाइज एसोसिएशन के मंत्री सन्तोष राव, राकेश कुमार, मो. शकील, रिंगभान, फैय्याज अहमद, दिनेश कुमार शुक्ल, अशोक कुमार, लालजी गौतम, कुमारी प्रियंका यादव, अरविन्द कुमार, राजन चौधरी, प्रमोद कुमार, जगदीश यादव, मनोज वर्मा, अंकुर कुमार के साथ ही अनेक कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

## जौनपुर में वक्फ भूमि पर सड़क निर्माण विवाद भड़का

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफ़राबाद ऐतिहासिक इमामबाड़ा शाह का पंजा (बाबूपुर) की वक्फ भूमि पर हो रहे सड़क निर्माण को लेकर रविवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। शिया समुदाय के लोगों ने निर्माण कार्य को रोकते हुए आरोप लगाया कि वक्फ की जमीन पर बिना अनुमति सड़क का बजट पास कर कार्य शुरू किया गया है जो धार्मिक स्थान के नियमों के विरुद्ध है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 20 रमज़ान को हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शहादत की याद में। निकलने वाले जुलूस की अंतिम मंज़िल यही इमामबारगाह है,जहाँ मगरिब की नमाज़ और इफ्तार वर्षों से होती आ रही है ऐसे में वक्फ भूमि पर सड़क निर्माण को लेकर समुदाय में रोष बढ़ गया। मुत्तवली तहसीन शाहिद ने उठाई आवाज़ इमामबाड़ा के मुत्तवली तहसीन शाहिद (सभासद, भाजपा) ने बताया कि मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री, डीएम और एसपी सहित जनसुनवाई पोर्टल पर भी भेजी गई है। उनका कहना है कि धार्मिक वक्फ भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण केवल वक्फ बोर्ड की अनुमति से ही संभव है। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष जफ़राबाद श्रीप्रकाश शुक्ला ने दोनों पक्षों से बात कर स्थिति को शांत किया। उन्होंने एक सप्ताह का समय देते हुए कहा कि राजस्व टीम भूमि की नाप करेगी और उसके बाद ही निर्णय होगा कि निर्माण वैध है या नहीं। दोनों पक्षों ने प्रशासन के इस निर्णय को स्वीकार किया।

# मेगा डिजिटाइजेशन डे पर सक्रिय रहा शिक्षा विभाग जिलाधिकारी के निर्देश पर बीएसए ने कई स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जिला अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के निर्देशन में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा रविवार को **मेगा डिजिटाइजेशन दिवस** मनाया गया। अभियान का नेतृत्व बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने करते हुए निर्वाचन कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता व गति से संपन्न कराने पर जोर दिया।

निर्देशानुसार सभी परिषदीय विद्यालयों को विशेष रूप से रविवार को खोला गया ताकि बीएलओ को आवश्यक सहयोग मिल सके और विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाई जा सके। बीएलओ को प्रतिदिन कम से कम 100 आवेदन प्रपत्रों की ऑनलाइन फीडिंग अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कार्य पूरा होने तक पूरी जिम्मेदारी और निरंतरता बनाए रखना आवश्यक है।

इसी क्रम में बीएसए ने बीआरसी बक्शा समेत कई परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

प्रा. विद्यालय गोपालापुर (वि.ख. बक्शा) में सभी शिक्षक उपस्थित मिले, लेकिन बीएलओ समय से नहीं पहुँचे। बीएसए ने फोन पर जानकारी लेकर कड़ी नाराज़गी जताई और आवश्यक कार्यवाही करने के आदेश दिए। वहीं, प्रा. विद्यालय घनश्यामपुर (वि.ख. बदलापुर) में सभी कर्मचारी समय से उपस्थित मिले। उत्कृष्ट कार्य के लिए स्टाफ की प्रशंसा की गई और उन्हें सम्मानित भी किया गया।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि 'निर्वाचन नामावली गणना प्रपत्र' अत्यंत संवेदनशील एवं राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। यह मात्र प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती की आधारशिला है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या चूक कदापि स्वीकार्य नहीं होगी।

# घर के पास बाइक घुमाते समय घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

चेतगंज। चील्ह के चील्ह-गोपीगंज मार्ग पर अनिरुद्धपुर पुरबपट्टी गांव के पास बुधवार की दोपहर दो बाइक की टक्कर में घायल लखंदर गौतम की उपचार के दौरान मौत हो गई। चील्ह थाना क्षेत्र के अनिरुद्धपुर पूरब पट्टी गांव निवासी लखंदर गौतम (47) बुधवार को चील्ह से घर जा रहे थे। घर के पास बाइक मोड़ रहे थे कि पीछे से आ रहे बाइक सवार अजीत (35) व विजय (38) निवासी मेवली से टक्कर हो गई। इससे तीनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर पीएचसी चील्ह भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया। लखंदर गौतम की हालत गंभीर होने पर परिजन उपचार के लिए भदोही के जीवनदीप अस्पताल ले गए। लखंदर गौतम की स्थिति नाजुक होने पर बुधवार की देर रात 10 बजे चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बीएचयू ट्रामा सेंटर पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर आए। सूचना चील्ह पुलिस को दी गई। पुलिस चौकी चेतगंज प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता ने मृतक के भाई श्याम सुंदर की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक लखंदर अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। थानाध्यक्ष चील्ह रविंद्र भूषण मौर्या ने बताया कि हादसे में घायल बाइक सवार की मौत हो गई।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अज्ञात वाहन ने अधेड़ को कुचला, मौत



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अयोध्या मार्ग स्थित गौशाला के समीप सड़क दुघर्टना में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले शिनाख्त का प्रयास कर रही है क्षेत्र के अयोध्या मार्ग स्थित गौशाला के समीप शनिवार की रात पैदल जा रहें एक अधेड़ को अज्ञात वाहन ने कुचल कर मौके से वाहन समेत चालक फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले शिनाख्त का प्रयास कर रही है। मृतक का शिनाख्त नहीं हो सका पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### टैम्पो पलटने से एक युवक घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत उसरहटा आजाद रेलवे क्रासिंग के समीप सड़क दुघर्टना में टैम्पो पलटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। क्षेत्र के उसरहटा आजाद रेलवे क्रासिंग के समीप शनिवार की रात तेज रफ्तार एक टैम्पो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार आधा दर्जन लोगों को मामूली चोटें आई। वहीं पर सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मेहरावा गांव निवासी 32 वर्षीय बबलू पुत्र हरिश्चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त युवक की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### 7 साल के मोहम्मद हम्माद ने 1 साल में किया कुरान मुकम्मल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** मियांपुर की सामाजिक संस्था मुस्लिम एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित मदरसे के छात्र मोहम्मद हम्माद ने मात्र एक साल में कुरान मुकम्मल कर मदरसे का और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। इस खुशी में हम्माद के पिता मोहम्मद इरशाद ने मदरसे के अन्य बच्चों में मिठाइयां बाटी और उनके उस्ताद मौलाना शाफे को सम्मानित किया एवं धन्यवाद दिया। मदरसा कमेटी की तरफ से बख्तियार आलम ने हम्माद की हौसला अफजाई के लिए मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया उन्होंने कहा कि कुरान मुकम्मल तो बहुत बच्चों ने किया लेकिन सिर्फ एक साल में कुरान मुकम्मल करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस तरीके से पढ़ाई करता रहा तो जरूर पूरे जिले एवं समाज का नाम रोशन करेगा। इस मौके पर हम्माद के दादा सरफुद्दीन, शाहिद अख्तर, बख्तियार आलम, मौलाना शाफे, एवं मदरसे की अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### बारात आने से पहले दुल्हन प्रेमी संग फरार



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** इश्क जब सर पर सवार होता है तो आशिक दुनिया की परवाह किए बिना बड़े से बड़ा कदम उठाने में गुरेज नहीं करते है। ऐसा ही एक अजब गजब मामला जौनपुर में सामने आया है। बक्शा थाना अंतर्गत अलीगंज बाजार में बारात आने वाली थी। शादी की सारी रस्में पूरी हो रही थी। जब घर वाले लड़की के कमरे में गए तो वो वहां नहीं मिली। काफी खोज बीन के बाद पता लगा दुल्हन अपने प्रेमी के साथ भाग गई है। बारात बिना दुल्हन के वापस लौट गई। पारिवारिक मर्यादा को तार तार करने वाली इस खबर की चर्चा आम हो गई। लड़की के इस कदम से परिजन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। लड़की दूसरे जाति की और लड़का दूसरे जाति का बताया गया है। फिलहाल लड़की पक्ष वालों ने तहरीर दी है और पुलिस जांच कर रही है। एसओ विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर उचित कारवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 : जौनपुर पुलिस का व्यापक जागरूकता अभियान, महिला सुरक्षा को मिली नई गति

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता को मजबूत करने हेतु जनपदभर में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जिले की सभी पुलिस इकाइयाँ—महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वॉड, मिशन शक्ति टीम और बीट पुलिस अधिकारी—लगातार फील्ड में उतरकर जन-जागरूकता कार्यक्रम कर रही हैं। अभियान के दौरान पुलिस टीमें स्कूलों, कॉलेजों, गांवों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर पहुँचकर महिलाओं, छात्राओं और आमजन को सुरक्षा से जुड़े विकल्पों की जानकारी दे रही हैं।

मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं तक महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर पहुँचाए और पंपलेट वितरित किए–1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपात सेवा), 1076 (सीएम हेल्पलाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 108 (एम्बुलेंस) और 1930 (साइबर हेल्पलाइन)

इसके अतिरिक्त महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सरकारी योजनाओं–कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन, सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत योजना–की जानकारी भी जन-जन तक पहुँचाई गई।

इसी क्रम में एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा शहर के धार्मिक स्थलों, पार्कों, कोचिंग सेंटरों और विद्यालयों के आसपास अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध युवकों से पूछताछ की गई तथा नियमानुसार कार्रवाई व चेतावनी दी गई।

जौनपुर पुलिस का यह समग्र अभियान महिलाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक वातावरण और जन सहभागिता को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जौनपुर यूपी पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर में वाराणसी जोन का दमदार प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** 73वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक वॉलीबॉल क्लस्टर एवं महिला- पुरुष सेपक टकरा प्रतियोगिता-2025 का आयोजन जनपद गौतमबुद्ध नगर में किया गया। प्रतियोगिता में वाराणसी जोन की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई। पुरुष वॉलीबॉल टीम ने पूरे उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। वहीं महिला सेपक टकरा टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर प्रतियोगिता में बाज़ी मार ली। पुरुष सेपक टकरा टीम ने भी बेहतरीन खेल दिखाते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों और टीम मैनेजर को पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ. कौस्तुभ जनपद द्वारा विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# कार्यों में हुई अनियमितता की शिकायत की तीन सदस्यीय टीम करेगी जांच




जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

तिलई मौआर गांव के विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत डीएम से की गई है। डीएम पवन कुमार गंगवार ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन करके 15 दिनों में रिपोर्ट देने को कहा है। तिलई मौआर गांव के शिकायत कर्ता आशीष शुक्ला, विनोद तिवारी व अमरेश शुक्ला ने जिलाधिकारी को पत्र देकर आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान मनरेगा का जॉबकार्ड बनवाकर फर्जी तरीके से भुगतान लेते हैं। हैंडपंप की मरम्मत व सामग्री पर लाखों रुपये की अनियमितता का आरोप लगाया है।

कई शौचालयों का निर्माण हुआ नहीं लेकिन उनका भुगतान ले लिया गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जांच के लिए नोटिस जारी किया है।

जिलाधिकारी ने इसके लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है। इसमें जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास तथा बाणसागर के सहायक अभियंता को शामिल किया गया है।

# रंग और डिजाइन का रखें ख्याल



आप जब ड्रेसेस खरीदने जाती हैं तो कलर को लेकर आपके मन में एक ऊहापोह सा बना रहता है, इससे बचने के लिए सबसे पहले तो आप ये बात ध्यान दें कि कपड़ा किसके लिए ले रही हैं। यदि आपका अपना रंग डार्क है तो आप लाइट कलर को तवज्जों दें तो आपके लिए बेहतर होगा, लेकिन ऐसा नहीं है कि आप डार्क कलर नहीं पहन सकती हैं।

आप अपने डिजाइनर कलेक्शन में पर्पल, पिंक, पीच और रेड कलर के ड्रेस ले सकती हैं। आपकी पर्सनैलिटी में आपके कपड़ों के रंग के साथ उसके डिजाइन का भी अहम स्थान होता है। इस समय फैशन को लेकर लड़कियों में इंडियन आर्ट् के साथ कढ़ाई वाले ड्रेस साथ में हों, अच्छे कट्स और फिटिंग, यदि इनमें तार और पत्थरों के डिजाइन हों तो और भी अच्छा है। इसके साथ ब्राइट फ्रेश टोन अच्छे हैं। ट्यूनिक ड्रेसेस, इवनिंग गाउन, टॉप, स्कर्ट, लेगिंग्स पैंट और हूडेड जैकेट्स ये आजकल फैशन में हैं। आजकल जींस के साथ शार्ट कुरतों का काफी चलन है, जो आपको फंकी लुक देता है और साथ में आपके अंदर लीडरशिप जैसे गुण भी देता है। इसके साथ ही बफर प्लेटफार्म पहने तो खूब फबेगा और हां, यदि आप चूड़ीदार सलवार की जगह स्लैक्स या जींस ट्राय को अपने पर प्रयोग करें तो काफी आकर्षक और सेक्सी नजर आएंगी। आजकल स्लैक्स का फैशन बाजार में फिर से लौट आया है। हाई वेस्ट कुर्ते और रोल्ड अप स्लीवस के साथ एक खूबसूरत स्टोल आपको एक स्टाइलिश लुक देते हैं। आपकी खूबसूरती आपका कांफिडेंस होता है और ये मिलेगा आपकी थोड़ी सी समझदारी और समझ से, जो आपको अपने दोस्तों के बीच कांफिडेंसिव सुंदरता देता है।

## क्या आजमाएं क्या करें एवाइड



आपको गर्मियों में ज्यादा एसेसरीज पहनने से हमेशा बचना चाहिए। ऑक्सीडेंट ज्वैलरी को न पहनें तो ही अच्छा है, इससे आपकी त्वचा पर इंफेक्शन हो सकता है। प्लास्टिक, जूट, लकड़ी की ज्वैलरी पहनें। आप चाहे तो कफ बैंगल्स को भी फैशन में यूज कर सकती हैं। इस समय एक हाथ में मोटे और अलग-अलग स्टाइल के बैंगल्स पहनने का काफी ट्रेंड है। इसमें डेनिम और कॉर्डरॉय के बैग इस समर में आपके स्टाइल को कई गुना बढ़ा सकते हैं। आपकी ये स्टाइल आपको जहां एक नया लुक देगी, वहीं आपको गर्मी के उलझनों से भी मुक्त रखने में सहायक होगी। चढ़ती-जलती धूप में कपड़ों के रंग का भी ख्याल रखना बहुत जरूरी है। गर्मियों में ड्रेस के कलर, कट्स और डिजाइन बिलकुल बदल जाते हैं। हल्के रंगों का महत्व बढ़ जाता है, जिसमें व्हाइट, पिंक, लाइट यलो, लाइट ब्लू रंग खास हैं। वहीं ब्लैक, ब्राउन और ग्रे रंगों को पहनने से बचें। अगर डिजाइन की बात की जाए, तो अंब्रेला, अनारकली, स्टेट जींस, नी-लेंथ कैपरी आदि पहन सकती हैं। हॉल्टेड, बैकलेस नेक भी समर में पहना जा सकता है।

## कई कलर्स और डिजाइंस




इंडिगो ब्रदर्स ने इस मौसम के लिए बेहतरीन कलेक्शन लांच किया है। इसमें महिला व पुरुष दोनों के लिए कई तरह की ड्रेसेज लाई गई हैं। ये लाइटवेट हैं और इसमें खासतौर से शर्ट्स व टी- शर्ट में आपको कई कलर्स व डिजाइन मिल जाएंगे। ये डिजाइंस ग्राफिक्स, पैटर्न, स्ट्रिप्स, चेक्स वगैरह में हैं। इंटरनेशनल स्टाइल्स के साथ ही इसमें हाई फैशन, फेमनिन और वोगिस डिजाइंस मिलेंगे।

**फैशन इंडस्ट्री अब सबको स्पेशल बनाने की तैयारी में है और वह भी जेब पर भारी पड़े बिना। दरअसल, खास क्लास तक सिमटी यह इंडस्ट्री नए बिजनेस की तलाश में अब मास के लिए भी काम करने लगी है। ऐसे में अब बाजार में कम दामों पर भी डिजाइनर ड्रेसेस मिलने लगी हैं।**

# फैशन का पॉकेट फ्रेंडली फंडा



फैशन और स्टाइल के मामले में पिछले कुछ समय से यूथ जितना कॉन्शस हुआ है, यह उतना ही अफोर्डेबल हुआ है। डिजाइनर ड्रेसेज अब उतने महंगे नहीं रहे। अब ये बेहद कम प्राइस वाले रेंज में भी मार्केट में उपलब्ध हैं। इसलिए अब ऑफिस, पार्टी से लेकर शादी तक की खास ड्रेस अपने लिए यूनीक चुनी जा सकती है और वह भी अपने पॉकेट के अनुसार। फैशन डिजाइनर्स भी मानने लगे हैं कि उनका कलेक्शन ऐसा हो जो सबकी पहुंच में हो। दिल्ली में हुए फैशन वीक में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां डिजाइनर्स अपने कलेक्शंस की प्राइस रेंज को एक खास बजट में लेकर आ रहे हैं।

### क्या है कारण

मंदी ने हर बिजनेस का फंडा ठंडा कर दिया है और इससे उबरने के लिए लोग तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। फैशन भी इससे अछूता नहीं है। मंदी की मार झेल रहे फैशन ने इससे ऊबरने के लिए जोरदार तैयारी कर चुका है। अभी तक एक खास वर्ग के लिए कपड़े डिजाइन करने वाले डिजाइनर्स मिडिल क्लास से जुड़ने की सोच रहे हैं। इसके लिए वे तैयारी भी कर चुके हैं। तमाम डिजाइनर्स इस फंडे पर काम रहे हैं। यही वजह है कि अब डिजाइनर ड्रेसेस की शुरुआती रेंज 3000 से 4000 रुपए के बीच पहुंच गई है।

### क्या कहते हैं डिजाइनर्स

फैशन इंडस्ट्री में एक मुकाम बना चुकी डिजाइनर अनुपमा कहती हैं, हर इंडस्ट्री बिजनेस ओरिएंटेड होती है। तमाम फैशन इवेंट्स इसी के लिए काम कर रहे हैं। इतनी बड़ी इंडस्ट्री एक खास क्लास के दम पर नहीं चल सकती। यही वजह है कि डिजाइनर्स अब लोगों के टेस्ट व बजट का ख्याल रखकर काम कर रहे हैं। यंग डिजाइनर सुदेश सोढ़ी कहते हैं कि मास के साथ जुड़ने में ही फैशन इंडस्ट्री को फायदा है, क्योंकि इंडस्ट्री को पैसा यहीं से मिलेगा। वैसे, वह फैशन ट्रेंड को भी इसकी एक वजह बताते हैं। इन दिनों ड्रेसेस में सेपरेट्स का ट्रेंड है। यानी एक बार लेगिंग या ट्राउजर खरीदने के बाद एक्सक्लूसिव कुर्ते, ट्यूनिक्स या शर्ट्स ली जा सकती हैं। बेशक, इस तरह पूरी ड्रेस महंगी नहीं पड़ेगी और आपको एक खास स्टाइल स्टेटमेंट भी मिल जाएगी।

### कॉम्पिटीशन

पहले जहां गिने-चुने डिजाइनर्स होते थे, वहीं अब इंडियन फैशन इंडस्ट्री में डिजाइनर्स की काफी संख्या है। इनके आने से कॉम्पिटीशन टफ हुआ है। ऐसे में मार्केट में सरवाइव करने में कॉस्ट फैक्टर बेहद अहम हो जाता है। डिजाइनरों की होड़ से कस्टमर्स का काम आसान हुआ है। डिजाइनर राजीव इस बात से सहमत हैं। वह कहते हैं इस बार फैशन वीक में 141 डिजाइनर्स हिस्सा ले रहे हैं और जाहिर है सभी को बिजनेस चाहिए। इस फेर में फायदा कस्टमर को होगा। अगर किसी डिजाइनर को मास तक पहुंचना है, तो उन्हें खुद की पॉकेट का ख्याल रखना ही पड़ेगा। कुछ का यह भी मानना है कि इंडस्ट्री के पास फिलहाल टारगेट अपर मिडिल क्लास के कस्टमर्स को खुश करना है, दुनिया की निगाहें आज भी भारत के मिडिल क्लास पर टिकी हुई हैं।



### क्वॉलिटी फैक्टर

फैशन के इस दौर में सब कुछ साथ साथ नहीं हो सकता। यदि आप चाहते हैं कि आप जो कपड़े पहने, वह डिजानर्स के द्वारा तैयार किया गया हो, क्वालिटी भी बेहतरीन हो और सस्ता भी हो, यह पूरी तरह से सच साबित नहीं हो सकता। आपको कुछ न कुछ तो कंप्रोमाइज करना ही पड़ेगा। डिजाइनर रजनी कहती हैं कि जिस तरह हर फिल्म सभी की पसंद पर खरी नहीं उतरती, उसी तरह हर क्लास के फैशन का टेस्ट भी अलग होगा। अब 5000 रुपए में ड्रेस पर स्पेशल स्वरोस्की वर्क नहीं मिल सकता। हालांकि इसे क्वॉलिटी के साथ कॉम्प्रोमाइज नहीं कहेंगे, क्योंकि डिजाइनर वियर का मतलब ड्रेस के स्पेशल होने से ही होगा। फिर प्रेट लाइन का मतलब ही सभी के लिए स्पेशल रेडी टू वियर की वैरायटी होता है।

# आकर्षक दिखने के फेर में त्वचा की शामत

**महिलाओं में हमेशा आकर्षक दिखने की चाह रहती है। लेकिन कई बार होता यह है कि आकर्षक दिखने के चक्कर में वह इतनी क्रीमें या अन्य प्रसाधन बदल लेती हैं कि चेहरे का आकर्षण बढ़ने की बजाय कम हो जाता है। आकर्षक चेहरे के लिए पहली आवश्यकता है, ताजगी से भरपूर साफ व सुंदर त्वचा। आज महिलाएं स्वस्थ व कोमल त्वचा के प्रति जागरूक हो गई हैं और त्वचा की कांति बरकरार रखने के लिए किसी जादुई क्रीम की तलाश में हैं। क्रीम खरीदने की इच्छुक महिलाओं को तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है-**

- वे महिलाएं जो उत्पादकों के लंबे-चौड़े वादों को झूठा मानती हैं किन्तु हिचकते हुए क्रीम खरीदती हैं।
- वे महिलाएं, जो किसी भी नई क्रीम का नाम सुनते ही उसे इस आशा में खरीद लेती हैं कि शायद इसी से उनका चेहरा आकर्षक बन जाए।
- ऐसी महिलाएं, जो क्रीम की अधिक कीमत को ही उसके असरदार होने की गारंटी मान लेती हैं।

आप इन तीनों में से किसी भी प्रकार की ग्राहक क्यों न हों, वास्तविकता यह है कि कोई भी क्रीम, जो आप लगाती हैं, आपके चेहरे पर असर तो करती ही है क्योंकि हर क्रीम पानी की नमी को बरकरार रख कर त्वचा को सूखने से बचाती है। ज्ञातव्य है कि महिलाओं के चेहरे पर उम्र के लक्षण पैदा करने में सूखी त्वचा ही सबसे अधिक गुनाहगार साबित होती है। आप देखेंगी कि अकसर सौंदर्य विशेषज्ञ किसी एक क्रीम का विज्ञापन करते नजर आते हैं पर लगभग सभी इस बात से सहमत हैं कि कुछ तत्व ऐसे होते हैं, जिनसे कोई भी क्रीम अधिक असरदार हो जाती है, वे तत्व इस प्रकार हैं-

(**सेरामाइड**)- सेरामाइड स्वाभाविक रूप से त्वचा के कोषों को आपस में जोड़े रखता है, तथा त्वचा को लटकने से बचाता है।

(**अल्फा हाइड्रोसी एसिड**)- यह दूध, फल और गन्ने से बनाया जाता है पर अब इस का सिंथेटिक उत्पादन भी शुरू हो गया है। इससे त्वचा में चमक और कोमलता आती है। यह त्वचा की कोशकीय गतिविधि को बढ़ा कर उसकी नमी बरकरार रखने की क्षमता में वृद्धि करता है। झुर्रियों के इलाज के लिए ग्लाइकोलिक और लेक्टिक एसिड सबसे असरदार होते हैं। लेकिन एएचए के अधिक प्रयोग से त्वचा की परतें उखड़ने लगती हैं। सूर्य की किरणों के प्रति भी त्वचा अधिक संवेदनशील हो जाती है इसलिए याद रखें कि इसका प्रयोग सप्ताह में एक या दो बार ही करना चाहिए।

(**विटामिन**)- विटामिन ए से त्वचा की नमी बढ़ती है। विटामिन बी-5 त्वचा की कंडीशनिंग कर उसको मुलायम बनाता है। एंटीआक्सीडेंट ई से भी त्वचा को विशेष लाभ पहुंचता है।

(**सनस्क्रीन**)- त्वचा को रोजमर्रा में यूीवए और यूवीबी किरणों से बचाने के लिए यह अत्यंत आवश्यक तत्व है। त्वचा को सुंदर और आकर्षक बनाए रखने के लिए निम्न हिदायतों पर गौर किया जा सकता है- त्वचा की देखभाल ध्यान से करें क्योंकि झुर्रियों के लक्षण नजर आते ही अनेक महिलाएं घबरा जाती हैं और तरह-तरह की क्रीमों का प्रयोग करने लगती हैं। वैसे क्रीमों का प्रयोग अगर अधिक मात्रा में किया जाए तो उससे त्वचा के प्राकृतिक उत्पादनों में कमी आ जाती है। इससे त्वचा रूखी और बेजान होने लगती है और झुर्रियां भी बढ़ने लगती हैं।

सौंदर्य विशेषज्ञों की सलाह है कि सौंदर्य प्रसाधनों का अत्यधिक प्रयोग करना हानिकारक होता है। यदि आपकी त्वचा ज्यादा तैलीय नहीं है तो टोनर के प्रयोग से बचना चाहिए। चेहरे पर गुनगुने पानी के छींटे मारने से भी त्वचा साफ हो जाती है। अगर आप त्वचा को पानी से धोना पसंद करती हैं तो साबुन रहित क्लींजर का प्रयोग करें। वैसे क्रीम क्लींजर सबसे अधिक असरदार होते हैं। मुलतानी मिट्टी व चंदन का लेप करने से भी काफी फायदा होता है।



# ओटीटी पर आएगी सनी देओल-अक्षय खन्ना की धांसू एक्शन फिल्म

# संजीदा शेख

## भी होंगी शामिल






एक्शन फिल्मों के लिए बॉलीवुड के कई एक्टर्स को जाना जाता है, लेकिन उनमें से भी सबसे ज्यादा फेमस सनी देओल हैं. पिछले कुछ सालों में एक्टर वापस से लोगों के बीच अपना रुतबा कायम कर लिया है. आने वाले वक्त में भी सनी देओल कई कमाल की फिल्मों में नजर आने वाले हैं.

हालांकि, अब एक्टर की एक और फिल्म की चर्चा काफी बढ़ गई है, जिसमें उनके साथ अक्षय खन्ना नजर आने वाले हैं. दोनों एक्टर लंबे वक्त के बाद एक साथ फिल्मों में नजर आने वाले हैं.बड़े पर्दे पर तो पिछले कुछ वक्त से सनी देओल और अक्षय खन्ना ने तहलका मचाया हुआ है, लेकिन अब ये जोड़ी एक्शन फिल्म में नजर आने वाली है, जो कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है. हालांकि, अभी तक फिल्म का टाइटल अनाउंस नहीं हुआ है, लेकिन बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग ऑफिशियल तौर पर शुरू हो चुकी है. कमाल की बात है कि इस फिल्म में संजीदा शेख भी शामिल हैं, जो कि एक अहम किरदार निभाने वाली हैं.

**एक्शन सीक्वेंस में दिखेंगे स्टार**

सिद्धार्थ पी मल्होत्रा की डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी एक्साइटमेंट है, क्योंकि दोनों स्टार्स को एक साथ फिल्म बॉर्डर में देखा गया था.

अब इतने लंबे वक्त के बाद से एक साथ पर्दे पर एक्शन करते हुए दोनों को देखना फैंस के लिए काफी कमाल का एक्सपीरियंस होने वाला है. इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में इमोशनल एंगल भी देखने को मिलेगा, हालांकि फिल्म की कहानी का खुलासा अभी तक ज्यादा नहीं किया गया है.

**बड़े पैमाने की है ये फिल्म**

फिल्म प्रोडक्शन से जुड़े लोगों से पता चल रहा है कि ये फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है, जिससे मेकर्स को काफी उम्मीदे हैं. इस वक्त ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बड़े पैमाने पर बनाई जा रही फिल्मों की मांग काफी ज्यादा है, जिसके लिए मेकर्स ने इसे सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने का फैसला लिया है. बताया जा रहा है कि जल्द ही फिल्म का टाइटल और रिलीज डेट अनाउंस कर दिया जाएगा. जानकारी के मुताबिक, ये फिल्म ओटीटी ऑडियंस को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है.

## कहीं भारी ना पड़ जाए साल 2025 में अजय देवगन का सबसे बड़ा दांव, खुद की ही फिल्म पड़ रही भारी




अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे 2 सिनेमाघरों में रिलीज के 8 दिन पूरे कर चुकी है. इस फिल्म का कलेक्शन शुरू में तो अच्छा जा रहा था लेकिन वीकडेज ने इसकी कमाई को जैसे रोक सा दिया. फिल्म बहुत धीरे-धीरे कलेक्शन कर रही है और ये फिल्म के भविष्य के लिए अच्छी खबर नहीं है. दे दे प्यार दे 2 फिल्म की कमाई के ताजा आंकड़े आ गए हैं. वे भी कुछ ऐसा ही बयां कर रहे हैं. शुक्रवार के दिन भी फिल्म ठीक-ठाक कमाई कर पाने में सफल नहीं हो सकी है. ऐसे में फिल्म के लिए अभ आने वाला वीकेंड बहुत क्रूशियल हो गया है जो इसका दूसरा वीकेंड है.इस वीकेंड में ये देखना बहुत अहम होगा कि ये फिल्म आखिर अपने कलेक्शन में कितना इजाफा कर पाएगी और इसका कलेक्शन कहां तक पहुंचेगा. अभी भी अजय देवगन की फिल्म अपने बजट से बहुत दूर है. ऐसे में साल के अंत में इस फिल्म को रिलीज करने का अजय देवगन का ये दांव कितना सफल हुआ ये बात भी अब सोच के दायरे में आ गई है. फिल्म के पहले पार्ट का कलेक्शन इसके मुकाबले बहुत ठीक था. जबकी फर्स्ट पार्ट की रिलीज को 6 साल हो चुके हैं और उसका बजट भी कम था.

**दे दे प्यार दे 2 ने कितने रुपए कमा लिए ?**

दे दे प्यार दे 2 फिल्म की बात करें तो ओपनिंग डे पर इस फिल्म का कलेक्शन 8.75 करोड़ रुपए का रहा था और पहले वीकेंड में फिल्म ने कुल 34.75 करोड़ रुपए कमा लिए थे. इसके बाद फिल्म के कलेक्शन में काफी गिरावट देखने को मिली है. इसका कलेक्शन औसत 4 करोड़ रहा है. यही वजह है कि फिल्म अभी तक 100 करोड़ रुपए के नजदीक नहीं पहुंच सकी है. फिल्म ने 8 दिनों में भारत में कुल 53.50 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है. वहीं इसके मुकाबले फिल्म के पहले पार्ट की बात करें तो इसका कलेक्शन 64.63 करोड़ रुपए का रहा था. मतलब कि दोनों की कमाई में 10 करोड़ रुपए से ज्यादा का अंतर है. अजय देवगन अपनी ही फिल्म से मात खाते नजर आ रहे हैं और आर माधवन संग उनका ये दांव काम नहीं आ रहा है.

**दुनियाभर में फिल्म ने कितनी कमाई की ?**

अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और आर माधवन के अभिनय से सजी दे दे प्यार दे 2 का ओवरसीज कलेक्शन 17 करोड़ रुपए का रहा है. वहीं फिल्म का 7 दिनों का ग्रॉस कलेक्शन 61 करोड़ रुपए का हो चुका है. फिल्म का 7 दिनों का वर्ल्डवाइड कलेक्शन रिपोर्ट्स के मुताबिक 78 करोड़ रुपए का है. वहीं अगर इसमें 8वें दिन के कलेक्शन को जोड़ लें तो फिल्म ने 81.58 करोड़ रुपए कमा लिए हैं.

## डोनाल्ड ट्रंप के बेटे संग दिखी रणवीर सिंह की ट्यूनिंग, गर्लफ्रेंड का हाथ थाम लगाए ठुमके




बॉलीवुड के मशहूर एक्टर रणवीर सिंह अपनी अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' को लेकर जमकर सुर्खियों में चल रहे हैं. जब से इसका ट्रेलर आया है तबसे फैंस के बीच इसे लेकर एक्साइटमेंट बढ़ गई है. वहीं दूसरी ओर रणवीर ने एक बार फिर से अपने एनर्जेटिक अंदाज से दर्शकों का दिल जीत लिया है. उदयपुर में एक शादी में रणवीर सिंह ने जमकर डांस किया. खास बात ये है कि इस दौरान उनका साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और उनकी गर्लफ्रेंड बेटिना एंडरसन ने भी दिया.हाल ही में शाहरुख खान और सलमान खान दिल्ली में एक ग्रैंड वेडिंग में स्टेज पर एक साथ डांस करते हुए नजर आए थे. वहीं अब रणवीर सिंह को उदयपुर की एक ग्रैंड वेडिंग में झूमते हुए देखा गया. उन्होंने अपने गाने 'आंख मारे' के अलावा 'झुमका' पर भी डांस किया. स्टेज पर वो डोनाल्ड ट्रंप जूनियर से बात करे हुए भी दिखें. वहीं उनकी गर्लफ्रेंड का हाथ पकड़कर नाचते हुए नजर आए.

**ट्रंप के बेटे की गर्लफ्रेंड संग लूटी महफिल**

बता दें कि यूएस बेस्ड अरबपति राजू मंटेना और पद्मजा मंटेना की बेटी नेत्रा की शादी उदयपुर में वामसी गादिराजू से हो रही है. इस ग्रैंड वेडिंग में रणवीर सहित कई बॉलीवुड सेलेब्स ने शिरकत की. वहीं राजू मंटेना और पद्मजा मंटेना के मेहमानों में डोनाल्ड ट्रंप के बेटे और उनकी गर्लफ्रेंड बेटिना एंडरसन भी शामिल रहे.

आईफा (IIFA) ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि ट्रंप के बेटे और उनकी गर्लफ्रेंड स्टेज पर खड़े हुए हैं. तभी दौड़ते हुए रणवीर आते हैं और उनसे मुलाकात करते हैं. रणवीर दोनों से बात करते हैं. इसके बाद वो एंडरसन का हाथ पकड़कर आगे की तरफ आते हैं और डांस करने लगते हैं.

**'ठुमका' पर भी लगाए ठुमके**

एक अन्य वीडियो में रणवीर सिंह स्टेज पर अपनी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के गाने 'ठुमका' पर भी डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं. इस दौरान उनका साथ बेटिना के अलावा डोनाल्ड ट्रंप के बेटे भी देते हुए नजर आते हैं. सोशल मीडिया पर ये वीडियो जमकर वायरल हो रहे हैं और फैंस इन पर खूब प्यार बरसा रहे हैं.



### 'हमारी मां-बहनों के साथ भी...' रणबीर

# कटरीना कैफ

## पर बोलते हुए क्यों भड़क गए थे सलमान खान ?

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने अपनी पर्सनल लाइफ से सुर्खियां बटोरने का कोई मौका नहीं छोड़ा है. कई एक्ट्रेसेस के साथ उनके अफेयर रहे हैं. ऐश्वर्या राय और कटरीना कैफ के साथ उनके रिश्ते ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थी. ऐश्वर्या से ब्रेकअप के बाद उनकी लाइफ में कटरीना की एंट्री हुई थी. दोनों ने एक दूसरे के साथ अच्छा वक्त बिताया था. हालांकि ये रिश्ता जल्द खत्म हो गया था और फिर कटरीना ने रणबीर कपूर को डेट करना शुरू कर दिया था.रणबीर कपूर और कटरीना कैफ ने भी अपने रिश्ते से खूब सुर्खियां बटोरी थी, लेकिन इस रिश्ते को कोई मंजिल नहीं मिल पाई. दोनों जब डेट कर रहे थे, उस वक्त दोनों की फोटोज ने इंटरनेट पर बवाल मचा दिया था. दोनों की प्राइवेट फोटोज खूब वायरल हुई थीं, जिसमें कटरीना बिकिनी में नजर आई थीं. इस पर बात करते हुए एक बार सलमान खान भी भड़क गए थे. उन्होंने उन फोटोज को मॉर्फ्ड कहा था.

**रणबीर-कटरीना की तस्वीरों ने मचाया था बवाल**

यहां रणबीर और कटरीना कैफ की जिन तस्वीरों की बात हो रही है वो उनकी वेकेशन की फोटोज थी. दोनों छुट्टियां मनाने के लिए विदेश गए थे. तब समंदर के किनारे रणबीर शॉर्ट्स में नजर आए थे. तो वहीं कटरीना फोटो में बिकिनी में दिखाई दी थीं. इन तस्वीरों पर सलमान ने भी रिएक्शन दिया था.

**'हमारी मां-बहनों के साथ भी...'**

सलमान खान ने एक इंटरव्यू के दौरान इन तस्वीरों को लेकर बात की थी और तस्वीरों को वायरल करने वालों के खिलाफ भड़ास निकाली थी.




उन्होंने स्टार्स की प्राइवेसी पर सवाल खड़े किए थे. उन्होंने कहा था, मुझे ऐसा लगता है कि वो तस्वीर पब्लिसिटी स्टंट था और वो मॉर्फ्ड तस्वीरें हैं. तस्वीर में रणबीर तो है ही, लेकिन मुझे वो कटरीना नहीं लगती. फेस होगा उनका, बॉडी किसी और की होगी. लेकिन, सोचिए कि कोई छुट्टी पर गया है, पर्सनल हॉलीडे पर और किसी ने तस्वीर खींचकर डाल दी. ये कितना घिनौना है. ये हमारी मां, बहनों के साथ भी हो सकता है.